धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, बुधवार
23.10.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

कार्तिक, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 102




12 चौथी परमाणु पनडुब्बी एस-4 लांच

## न्यूज डायरी

### जबलपुर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री विस्फोट, दो की मौत

**जबलपुर।** एमपी के जबलपुर में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री खमरिया गंभीर बम विस्फोट हुआ है, जिसमें दो लोगों की मौत की खबर है। लगभग एक दर्जन कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है।

### जेल से चुनाव लड़ेंगे राजद के सुभाष यादव

**रांची।** राजद ने अपने छह उम्मीदवारों के नामों की लिस्ट जारी कर दी है। राजद नेता नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि सीटों के बंटवारे पर आम सहमति बन गयी है। सूची में कोडरमा से सुभाष यादव मैदान में हैं। फिलहाल जेल में हैं और वहीं से चुनाव लड़ेंगे।

### पेर लीक में हाईकोर्ट से जेएसएससी को नोटिस

**रांची।** 28 जनवरी को हुई जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के दौरान हुए पेपर लीक की जांच की मांग को लेकर हाईकोर्ट में दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने जेएसएससी को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत अब इस मामले में 3 दिसंबर को सुनवाई करेगा।

### जयराम ने 25 नामों की चौथी सूची जारी की

**रांची।** जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने मंगलवार को 25 प्रत्याशियों की चौथी सूची जारी की। इनमें हटिया से अयुब अली, जुगसलाई (एससी) से विनोद स्वांसी, नाला से रघुवीर यादव, जामताड़ा से तरुण गुप्ता, जमशेदपुर पश्चिमी से प्यारेलाल साहू, रामगढ़ से पनेश्वर महतो, मनोहरपुर (एसटी) से दिलबार खारका, जगन्नाथपुर (एसटी) से लक्ष्मीनाथ गगराई, विश्रामपुर से विवेक तिवारी, मधुपुर से सद्दाम अंसारी, पांकी से ओंकारनाथ जायसवाल प्रमुख नाम हैं।

### निरसा सीट से अरूप चटर्जी लड़ेंगे चुनाव

**रांची।** भाकपा माले राज्य कमेटी ने झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर तीन उम्मीदवारों की घोषणा की है। इनमें धनवार से राजकुमार यादव, सिंदरी से चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो और निरसा से अरूप चटर्जी के नाम शामिल हैं। पार्टी ने भाजपा को हराने इंडिया गठबंधन की जीत के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

### रांची- गढ़वा यात्री बस से 15 लाख कैश बरामद

**लातेहार।** जिला पुलिस ने रांची से गढ़वा जा रही अर्श ट्रैवल नाम के यात्री बस से 15 लाख कैश बरामद किये। मंगलवार की सुबह चंदवा थाना क्षेत्र स्थित चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने रुपये बरामद किये।

# अगली सरकार हमारी ही बनेगी : हेमंत सोरेन

## जो खुद आदिवासियों का भला नहीं कर सका, यहां विकास की बात करता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विरोधी दल, दर्जन भर सीएम और पूर्व सीएम को लगाकर झारखंड की खनिज संपदा लूटने की प्रयास कर रहा है। इसके लिए भाजपा ने पूरे देश के नेताओं को झारखंड भेजा है। श्री सोरेन ने कहा कि राज्य के गरीबों के लिए इतना काम कर उन्हें इस कदर मजबूत करेंगे कि राज्य से गरीबी का नामोनिशान मिट जायेगा। विरोधी दलों ने उनकी सरकार को बंटी-बबली की सरकार बताया है, लेकिन उन्हें मालूम होना चाहिए कि बंटी-बबली एक सुपरहिट फिल्म है और यह सरकार भी सुपरहिट रही। अगली सरकार राज्य में निश्चित रूप से झामुमो के नेतृत्व में बनेगी। अवकी सरकार बनी तो अदिकारी लोगों के घर तक जायेंगे। वह मंगलवार को चांडिल में



ईचागढ़ से इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो उम्मीदवार सविता महतो के समर्थन में चुनावी जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने एनडीए प्रत्याशी को नकली आंदोलनकारी बताया।

**भाजपा सिर्फ छलने का काम करती है :** सीएम ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सिर्फ हवा हवाई बात करती है। अगर केंद्र सरकार वास्तव में गरीबों का विकास चाहती है, तो झारखंड का एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए बकाया का भुगतान करे। सीएम ने कहा, जो अपने राज्य में आदिवासियों को आदिवासी का दर्जा नहीं दिला सके, वे झारखंड में आकर आदिवासियों के विकास की बात करते हैं। जब-जब चुनाव आता है, भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ जनता को छलने का काम करती है। लोगों को ऐसे मौकापरस्त राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से सावधान रहने की जरूरत है।

**अस्थिर करने की साजिश :** उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने सरकार को अस्थिर करने का प्रयास जारी रखा। राज्य में विकास का काम बाधित हो, इसलिए उन्हें जेल में भी डाला गया। बावजूद इसके राज्य में विकास की गंगा बही है। उन्होंने कहा कि आने वाली सरकार में ऐसी व्यवस्था बनाएंगे कि सरकारी कर्मी घर-घर जाकर आय, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र के अलावा जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पेंशन आदि के कागज बनबायेंगे। गांव मजबूत होगा, तो निश्चित रूप से राज्य मजबूत होगा।

## झारखंड विस चुनाव : अपने-अपने दावे

# कोई भ्रम न पालें हेमंत : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ भाजपा नेता सदन के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि झारखंड में इसबार पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। इस बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन पर तंज कसा है। इसबार फिर सरकार बनाने का वह सपना देख रहे हैं। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि भ्रम पालना अगर आपकी आदत बन चुकी है, तो खुशी-खुशी इस भ्रम को पालिये, लेकिन झारखंड की जनता के दिलों में भगवान बनने का भ्रम न पालिये। आदिवासी समाज के नाम पर राजनीति करने वालों ने आदिवासी जमीन पर ही कब्जा किया है। यह झारखंडवासियों से अछूता नहीं है। इसके बाद भी गठबंधन सरकार को



भ्रम पालना है, तो अच्छे से पालिये। बस इतना याद रहे कि जनता जब अपने जल, जंगल, जमीन और रोजगार संबंधी सवाल पूछे तो भागना नहीं है। भ्रम नहीं फैलाना और अपनी नाकामी स्वीकार कर लेना। स्त्री मरांची ने कहा, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र पर काम करती है भाजपा। उन्होंने कहा है कि पीएम आवास योजना का लाभ झारखंड के गरीबों तक हेमंत सरकार नहीं पहुंचने दे रही है। भाजपा ने प्रण लिया है कि झारखंड का कोई भी व्यक्ति छत विहीन नहीं रहेगा। सबको पक्का मकान उपलब्ध कराया जायेगा।

### सरकार तो एनडीए की ही बनेगी : बाउरी



झारखंड के पूर्व मंत्री सह नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर में मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त लिया। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनेगी। वर्तमान हेमंत सरकार से राज्य की जनता पूरी तरह से त्रस्त है और खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। जनता अब परिवर्तन के मूड में ह। राज्य की महिलाएं, जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि एनडीए का उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबी बनाना, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना, बच्चों को बेहतर शिक्षा और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करना है।

# कोडरमा में होटल व्यवसायी के यहां से एक करोड़ बरामद

## छापामारी में सोना और मादक पदार्थ भी मिले, आरोपी फरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** इसी थाना क्षेत्र के लरियाडीह पंचायत के वृंदा गांव में एक होटल व्यवसायी के घर पर छापेमारी कर पुलिस ने 1.07 करोड़ नगद, बड़ी मात्रा में सोना भी बरामद किया है। सोमवार देर रात कोडरमा पुलिस सुखदेव रजक के घर पर रेड करने जा धमकी। मंगलवार की सुबह मौके पर दो काले रंग के बैग के साथ इनकम टैक्स की टीम भी पहुंची। सूचना मिल रही है कि छापेमारी में कुछ आपत्तिजनक चीजें भी बरामद हुई हैं। हजारीबाग के बरही में उनका एक होटल भी है। पुलिस ने कुछ मादक पदार्थ भी बरामद किया है।

**कैश गिनने मंगानी पड़ी मशीन :** छापेमारी की भनक लगते ही मकान मालिक सुखदेव रजक मौके पर से फरार हो गये। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस ने कैश गिनने को लेकर मशीन मंगायी। साथ ही इनकम टैक्स के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस के साथ इडी की टीम भी थी। बताया जाता है कि सुखदेव रजक होटल का संचालन तो करते ही हैं, वह अवैध कार्यों से भी जुड़े हैं। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ कोडरमा एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह खुद मौजूद हैं।

(शेष पेज 11 पर)

## झारखंड में दलबदल का खेल जारी

# राधाकृष्ण किशोर कांग्रेस में गिरिनाथ सिंह सपा में गये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजनीति में न कोई किसी का सगा, न कोई किसी का दुश्मन, ये कहावत तो कई बार सुनी होगी, लेकिन जैसे ही चुनाव नजदीक आता है, ये कहावत पूरी तरह से चरितार्थ होने लगती है। कुछ ऐसी ही बानगी अभी झारखंड में भी देखने मिल रही है। एक ओर चुनाव की तैयारियों चल रही हैं, तो दूसरी ओर इस्तीफा और पाला बदलने का दौर भी चल रहा है। अपनी पार्टी से इस्तीफा देने और दल बदलने





वाले नेताओं की लिस्ट काफी लंबी होती जा रही है। पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर मंगलवार को फिर कांग्रेस में लौट आये। उन्हें छतरपुर से उम्मीदवार बनाये जाने की उम्मीद है। वहीं दूसरी ओर - गढ़वा के पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गये। इस चुनाव वह साइकिल की सवारी करते नजर आयेंगे।

**कमलेश ने किशोर को दिलायी सदस्यता :** मंगलवार की शाम झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में राधाकृष्ण किशोर ने एकबार फिर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री रामेश्वर उरांव और बन्ना गुप्ता की मौजूदगी में उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ली। राधाकृष्ण किशोर कांग्रेस की ओर से छतरपुर सुरक्षित विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाये जा सकते हैं।

यहां से वह कई बार चुनाव जीत चुके हैं। छतरपुर अभी राजद के पास है, लेकिन समझा जा रहा है कि राजद ने छतरपुर से अपनी दावेदारी छोड़ दी है। छतरपुर के बदले कांग्रेस बिश्रामपुर सीट राजद को देने को तैयार हो गयी है।

(शेष पेज 11 पर)

# हुसैनाबाद से संजय, चतरा से भोक्ता की बहू को टिकट

### राजद ने 6 उम्मीदवारों की सूची जारी की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। राष्ट्रीय जनता दल ने झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर 6 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। विश्रामपुर विधानसभा सीट से पिछले चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रहे और बाद में राजद में शामिल हुए नरेश प्रसाद सिंह को टिकट दिया गया है। राजद के दबाव के कारण कांग्रेस ने विश्रामपुर की सीट छोड़ दी है। तेजस्वी यादव का प्रयास रंग लाया। कांग्रेस अब छतरपुर से चुनाव लड़ेगी।

राजद ने हुसैनाबाद से प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव को उम्मीदवार बनाया है। चतरा से मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू रश्मि प्रकाश को टिकट दिया गया है। देवघर से एक बार फिर सुरेश पासवान और कोडरमा से सुभाष यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। गोड्डा से पार्टी के प्रधान महासचिव संजय यादव उम्मीदवार होंगे। राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने मंगलवार रात 9:00 बजे उम्मीदवारों की सूची जारी की। इंडिया गठबंधन में अब तक राष्ट्रीय जनता दल को 6 सीट मिली है। एक सीट पर विवाद है। पार्टी एक सीट और चाहती है। 6 सीट क्लियर होने के बाद उम्मीदवारों की घोषणा की गयी। प्रत्याशियों को नामांकन के लिए सिंबल भी दे दिया गया।

### सीपीआई ने 10 प्रत्याशियों को उतारा

वहीं दूसरी ओर सीपीआई ने 10 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की है। इसके तहत नाला से कनाई चंद्र मॉल पहाड़िया, सारठ से छाया कोल, बरकट्टा से महादेव राम, मांडू से महेन्द्र पाठक, डालटेनगंज से रुचिर तिवारी, कांके से संतोष रजक, सिमरिया से सुरेश कुमार भुईयां, चतरा से डोमेन भुईया, विशुनपुर से महेंद्र उरांव, भवनाथपुर से घनश्याम पाठक का नाम शामिल है। इसकी घोषणा संवाददाता सम्मेलन में सीपीआई के राज्य सचिव महेन्द्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के पीके पांडेय, केडी सिंह और अजय सिंह ने संयुक्तरूप से दी है।

## गले लग कर पुतिन ने पीएम मोदी का किया स्वागत

# युद्ध के शांतिपूर्ण हल में भारत मदद को तैयार : पीएम मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर कजान में मंगलवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक में पीएम मोदी ने की रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से किये जाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष का हल शांतिपूर्ण तरीके से निकालना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत शांति और स्थिरता की जल्दी



स्थापना के लिए पूरा समर्थन करता है। बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने कहा, हमारे सभी प्रयास मानवता को प्राथमिकता देते हैं। भारत भविष्य में हर संभव सहयोग के लिए तैयार है।

पीएम मोदी की तीन महीने में रूस की दूसरी यात्रा है। उन्होंने कहा, पिछले तीन महीनों में मेरी रूस की दो यात्राएं हमारे करीबी समन्वय और गहरी मित्रता को दशार्ती हैं। जुलाई में मॉस्को में हुए हमारे वार्षिक शिखर सम्मेलन ने हर क्षेत्र में हमारे सहयोग को मजबूत किया है।

(शेष पेज 11 पर)

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 73200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 100000 रु./प्रति किलो |




## दूसरे चरण की सीटों पर 29 तक नामांकन, पहले चरण में 57 पर्चे दाखिल

# आचार संहिता उल्लंघन के 12 मामले दर्ज : के रवि कुमार

### दूसरे चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 29 तक होंगे नामांकन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीइओ) के रवि कुमार ने बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इस चरण के लिए नामांकन की अंतिम तीथि 29 अक्टूबर है। वहीं प्रथम चरण के चुनाव के लिए अब तक 57 नामांकनदाखिल किये गये हैं। मंगलवार को विभिन्न सीटों से 32 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल



किया। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन धुर्वा में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस चरण में क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र मांडू है। जबकि, झरिया सबसे छोटा है। वहीं जनसंख्या के दृष्टिकोण से सबसे बड़ा बोकारो विधानसभा क्षेत्र है और सबसे छोटा सिल्ली है। उसी तरह सर्वाधिक मतदाता के दृष्टिकोण से बोकारो सबसे बड़ा और लिप्तीपाड़ा सबसे सबसे कम मतदाता वाला क्षेत्र है।

**आचारसंहिता उल्लंघन के मामले :** के रवि कुमार ने बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव के को ले कर अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के कुल 12 मामले दर्ज हुए हैं। उन पर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। आचार संहिता उल्लंघन के सर्वाधिक आठ मामले गढ़वा जिले में दर्ज हुए हैं। वहीं एक-एक मामले रांची, सरायकेला खारसांवा, धनबाद और सिमडेगा जिले में दर्ज हुए हैं। चुनावी गतिविधि को प्रभावित करनेवाले तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

**स्कूली वाहन का प्रयोग कम करें :** सीइओ ने कहा है कि मतदान के दिन सार्वजनिक यातायात को न्यूनतम प्रभावित करते हुए वाहनों का प्रबन्धन करें। प्रयास यह होना चाहिए कि मतदान दिवास के दिन आमजनों को आने-जाने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो।

(शेष पेज 11 पर)

### अबतक 12.5 करोड़ जब्त

उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 12.5 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त किये गये हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान मतदाता जागरूकता से संबंधित भोजपुरी गीत का वीडियो भी जारी किया गया। इसके गीतकार और संगीत संयोजक संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार हैं। पत्रकार वार्ता में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा और संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुबोध कुमार भी मौजूद थे।

# झारखंड में भी अलर्ट, कई जिलों में भारी बारिश संभव

**रांची (खबर मन्त्र संवाददाता )।** चक्रवाती तूफान दाना को लेकरसे ओड़िशा और पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में तबाही की आशंका है। इसे ले कर हाइ अलर्ट जारी किया गया गया। तूफान का असर झारखंड के भी कुछ इलाकों में पड़ने की आशंका है। झारखंड में भी अलर्ट जारी किया गया है। बंगाल की खाड़ी पर बना निम्न दबाव का क्षेत्र अब गहरे अवदाब में तब्दील होकर पूर्वी तट की ओर बढ़ गया है। मौसम विभाग की मानें तो इसके एक गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। तूफान के 24-25 अक्टूबर के दरम्यान उत्तरी ओड़िशा और पश्चिम बंगाल के तटों को पार करने की संभावना है। इस दौरान हवा की स्पीड 100 से

### बंगाल और ओड़िशा में दाना तूफान से तबाही की आशंका

110 किलोमीटर प्रति घंटा तक देखी जा सकती है। झारखंड में भी जोरदार बारिश का अनुमान है।

**चलेंगी तूफानी हवाएं :** मौसम विभाग के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी पर बनने वाले चक्रवाती तूफान के कारण झारखंड के कुछ हिस्सों में 24 और 25 अक्टूबर को भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान झारखंड के कुछ हिस्सों, खासकर दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

(शेष पेज 11 पर)

# अब हिंसा की भाषा बोलने लगे हैं हेमंत सोरेन : प्रतुल शाहदेव

**बयान पर प्रतिक्रिया**

- भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ने गढ़वा के बंशीधर नगर में विपक्षियों का चुनाव के बाद सर फोड़ने का दिया था बयान



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत के सोरेन द्वारा गढ़वा के बंशीधर नगर की जनसभा में विपक्षियों के सर फोड़ देने के बयान पर कड़ी आपत्ति जतायी है। उन्होंने कहा कि झामुमो पूरे तरीके से निराश और कुंठा के दौर से गुजर रही है। अब तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सारी राजनीतिक मर्यादायें तोड़ते हुये सीधे तौर पर विपक्षियों के खिलाफ सर फोड़ने तक का आह्वान कर दिया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं होता है लेकिन जब एक प्रमुख संवैधानिक पद पर बना व्यक्ति विरोधियों के सिर फोड़ने की बात करें तो स्पष्ट हो जाता है कि वह अपने निश्चित हार को देख होश खो बैठे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी मुख्यमंत्री झारखंड के ग्रामीणों को गैर कानूनी रूप से आह्वान कर चुके थे कि कुछ चुनिंदा सामाजिक संस्थाओं के लोग अगर गांव में प्रवेश करते हैं, तो उनको प्रवेश नहीं करने दें। लाठी डंडे से खदेड़ दें। जब राज्य का मुखिया ऐसी भाषा का प्रयोग करें तो फिर कानून का राज कहां रह जाता है। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व झामुमो के प्रवक्ता ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह उठाया था। चुनाव आयोग ने स्पष्ट करते हुये कहा सिर्फ तीन प्रतिशत बूथों में 4 बजे शाम तक वोटिंग होगी जबकि झामुमो हजारों बूथों पर ऐसा होने का आरोप लगा रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव की तिथियां को लेकर भी झामुमो आयोग पर आरोप लगाते रही है। अब ईवीएम पर भी प्रश्न कर रहे हैं तो सारे क्रमवार घटनाओं से स्पष्ट हो गया है कि झामुमो समझ गयी है कि जनता झारखंड के इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार को विदा करने वाली है।

## टिकट पाने की लालसा में किसी भी पार्टी में शामिल होने से परहेज नहीं करते नेता

# नेताओं का चरित्र और नीति सिद्धांत की बात बेमानी, चुनाव में टिकट मिलना प्राथमिकता

सत्येन्द्र

**रांची।** वर्तमान राजनीति में नीति सिद्धांत की बात नेताओं के मुंह से सुनना अब कोई पसंद नहीं करता। नेताओं का एकमात्र मकसद किसी भी तरीके से विधानसभा और लोकसभा पहुंचने से है। दल-बदल करने से पहले वैसे नेता जो दूसरी अन्य पार्टियों को गाली देते थे। वैसे नेता अब उसी दल में शामिल होने से परहेज नहीं करते।

झारखंड विधानसभा का चुनाव की घोषणा होते ही पार्टियों द्वारा उम्मीदवारों की सूची जारी होते ही ये कहावत नेताओं पर चरितार्थ होने लगती है। कुछ ऐसी ही बानगी अभी झारखंड में भी देखने मिल रही है। एक ओर चुनाव की तैयारियों चल रही हैं, तो दूसरी ओर इस्तीफा और पाला बदलने का दौर भी चल रहा है। टिकट की चाह में कई नेता नीति सिद्धांत की बात को भूलकर एक पार्टी से दूसरी पार्टियों में शामिल हो रहे हैं। लगभग सभी पार्टियों में इस्तीफा और शामिल होने की होड़ लगी हुई है। झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान कई नेताओं ने टिकट नहीं मिलने के कारण अपनी मौजूदा पार्टियां से इस्तीफा दे दिया है। जिनमें कई ने दूसरी पार्टी का दामन भी थाम लिया है। वहीं कई इंतजार में हैं कि किस पार्टी में जाना सही रहेगा।

### दल बदलकर चंपई सोरेन बने भाजपा का चेहरा





नेताओं के पाला बदलने का खेल सिर्फ चुनाव के समय नहीं होता। चुनाव के काफी पहले भी नेता पाला बदलते हुए देखे गए हैं। झारखंड के परिपेक्ष में चंपई सोरेन का नाम इसमें प्रमुख है। पूर्व सीएम चंपई सोरेन चुनाव के करीब तीन महीने पहले झामुमो को अलविदा कहकर भाजपा में शामिल हुए। सीएम हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने के बाद उन्हें सीएम की कुर्सी छोड़नी पड़ी। इसके बाद से ही उनकी पार्टी छोड़ने की अटकलें चल रही थी। आखिरकार बीजेपी में शामिल होकर उन्होंने इन अटकलों पर विराम लगा दिया। फिलहाल इस चुनाव में वह बीजेपी के सबसे बड़े चेहरों में से एक हैं और सरायकेला सीट से चुनाव लड़ने वाले हैं। इस लिस्ट में झामुमो के कद्दावर नेता लोबिन हेंब्रम का नाम भी शामिल हैं। आदिवासी हितों की लड़ाई लड़ने वाले लोबिन झामुमो में रहते हुए भी हेमंत सरकार के खिलाफ काफी मुखर रहे। लोकसभा चुनाव में झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के खिलाफ वे निर्दलीय चुनाव लड़ गए। जिसके बाद झामुमो ने उन्हें पार्टी से निलबिंत कर दिया। जिसके बाद उन्होंने झामुमो का साथ छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया।

### सरयू राय को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता...



पार्टी बदलने वालों में अगला नाम सरयू राय का है। सरयू राय ने 2019 में निर्दलीय चुनाव लड़ा था। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को हराकर वे जमशेदपुर पूर्वी के विधायक बने। बाद में उन्होंने अपनी पार्टी बनाई। जिसका नाम भारतीय जन मोर्चा रखा, लेकिन फिलहाल वे जदयू में शामिल हो गए हैं और चर्चा है कि जमशेदपुर पश्चिमी सीट से वे जदयू के उम्मीदवार होंगे। बीजेपी ने भी गठबंधन के तहत उस सीट को जदयू के हवाले कर दिया है।

### विरोध के बावजूद कमलेश को भाजपा ने अपनाया






कई ऐसे नेता भी हैं जिन्होंने चुनाव के ठीक पहले पार्टी बदल ली। इनमें हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह का प्रमुख है। कमलेश सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं ने काफी विरोध भी किया। फिर भी भाजपा ने हुसैनाबाद सीट से उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया है। मंजू देवी, केदार हाजरा, जनार्दन पासवान, उमाकांत रजक, राजा पीटर, रौशनलाल चौधरी आदि ने भी दूसरी पार्टी ज्वाइन कर ली है। कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुईं मंजू देवी जमुआ से भाजपा की प्रत्याशी हैं। वहीं भाजपा के टिकट पर विधायक बने केदार हाजरा इस बार झामुमो में शामिल हो चुके हैं। आजसू से झामुमो में शामिल हुए उमाकांत रजक नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को टक्कर देते नजर आ सकते हैं। वहीं भाजपा नेत्री लुईस मरांडी ने भी भाजपा छोड़ झामुमो ज्वाइन कर लिया है। गणेश महली भी भाजपा से इस्तीफा देकर झामुमो में शामिल हो गए हैं। भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी भी झामुमो में शामिल हो गए हैं।

**इन नेताओं ने दिया पार्टी से इस्तीफा :** कुछ ऐसे भी नेता हैं जिन्होंने पार्टी से इस्तीफा तो दे दिया है, लेकिन किस पार्टी में शामिल होंगे इसका खुलासा नहीं किया है। इनमें नाला से भाजपा नेता सत्यानंद झा बाटूल का नाम शामिल हैं। वहीं पोटका से पूर्व विधायक मेनका सरदार ने बीजेपी से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, बाद में उन्हें मना लिया गया और उन्होंने अपना इस्तीफा वापस ले लिया। पूर्व मंत्री राध कृष्ण किशोर ने भी कांग्रेस का दामन थाम लिया है। ऐसे में पार्टी छोड़ने वाले और दूसरे पार्टी का दामन थामने वाले नेताजी की संख्या बढ़ भी सकती है।


## खबर एक नजर में

### अलका तिवारी बनीं रेवन्यू बोर्ड की मेंबर



**रांची।** भारत सरकार से प्रत्यावर्ती होने के फलस्वरूप भारतीय प्रशासनिक सेवा की 1988 बैच की अधिकारी अलका तिवारी को अगले आदेश तक सदस्य राजस्व पर्षद झारखंड रांची के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### पंकज मिश्रा जेल से निकले



**रांची।** टेंडर मैनेज और साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिये मनी लॉउंड्रिंग के आरोपी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा मंगलवार को 823 दिनों बाद जेल से बाहर निकला। ईडी ने पूछताछ के दौरान 18 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था। अगले दिन उसको ईडी कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में था। झारखंड हाईकोर्ट ने सोमवार को जेल में लंबी अवधि को देखते हुये जमानत की सुविधा प्रदान की थी। मंगलवार को पंकज मिश्रा की ओर से बेल बांड भरा गया। मालूम हो कि मामले में ईडी की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किया जा रहा है। ईडी ने अब तक कई महत्वपूर्ण गवाही दर्ज करा चुकी है।

### हाई कोर्ट ने जनहित याचिका दायर करने वाले पर लगाया एक लाख जुर्माना

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रामगढ़ जिला के भुरकुंडा और उसके आसपास के इलाके में कोयला, लौह अयस्क ट्रांसपोर्टेशन व अवैध माइनिंग से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए जनहित याचिका दायर करने वाले प्रार्थी संतोष पाठक पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही अदालत ने मंगलवार को प्रार्थी की दलील सुनने के बाद जनहित याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कहा कि प्राइवेट कंपनियों के जनहित याचिका में जो आरोप लगाए गए हैं, उसकी पुख्ता जानकारी प्रार्थी की ओर से नहीं दी गई है। जबकि प्रार्थी की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि भुरकुंडा में कोल ट्रांसपोर्टिंग, आयरन ओर की ट्रांसपोर्टिंग, अवैध माइनिंग और 50 साल से ज्यादा पुराने उद्योगों के कारण प्रदूषण बढ़ा है।

### नाला के पूर्व बीडीओ शिवाजी भगत निलंबित

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी नाला, जामताड़ा को निलंबित कर दिया गया है। उनका निलंबन 22 जुलाई 2024 की तिथि से प्रभावी किया गया है। उनके खिलाफ आठ अगस्त 2024 को ही उपायुक्त दुमका ने पत्र के माध्यम से सूचित किया था कि विजलेंस वाद सरकार बनाम शिवाजी भगत में, एडीजे 2 सह विशेष न्यायाधीश दुमका द्वारा 22 जुलाई को शिवाजी भगत तत्कालीन बीडीओ सह अंचल अधिकारी नाला को धारा-7 एवं 13 दो पीसी एक्ट में दोषी पाये जाने पर न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय कारा दुमका भेजा गया एवं उन्हें पीसी एक्ट के तहत चार वर्ष की सश्रम कारावास व 60 हजार का जुर्माने की सजा सुनायी गयी है। मामले की जानकारी के बाद उन्हें निलंबित किया गया है, इस दौरान उनका मुख्यालय प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल रखा गया है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है।

# जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले में हाई कोर्ट ने आयोग को भेजा नोटिस

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** इस वर्ष 28 जनवरी को हुई जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के दौरान हुए पेपर लीक की जांच की मांग को लेकर हाई कोर्ट में दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने जेएसएससी को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत अब इस मामले में 3 दिसंबर को सुनवाई करेगा। प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अपराजिता भारद्वाज ने बहस की। वहीं जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने बहस की। दरअसल राज्य सरकार ने जनवरी महीने में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा ली थी, जिसमें पेपर लीक का मामला सामने आया था। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले की जांच की थी। पेपर लीक मामले की जांच के लिए तीन डीएसपी समेत सात पुलिस अधिकारियों की एसआईटी गठित की थी। एसआईटी ने अपनी जांच रिपोर्ट भी कोर्ट में सौंप दी है।

उल्लेखनीय है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 28 जनवरी को आयोजित कंबाइंड ग्रैजुएट लेवल एग्जाम (एसएससी-सीजीएल) की परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। इसके बाद आयोग ने पहले थर्ड पेपर यानी सामान्य ज्ञान की परीक्षा रद्द कर दी थी। अभ्यर्थियों के हंगामे के बाद आयोग को तीनों पत्रों की परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी। एसएससी-सीजीएल की इस परीक्षा के जरिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में 2025 पदों पर नियुक्ति की जानी थी। इसके लिए साढ़े छह लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। रांची पुलिस की एसआईटी ने पेपर लीक के इस केस में झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो. शमीम और उनके दो बेटों को फरवरी महीने में ही गिरफ्तार किया था। इनके पास से कई अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड, कई नामों वाले ब्लैंक चेक और कुछ मोबाइल फोन बरामद किए गए थे।

## हाईकोर्ट में वीसी और रजिस्ट्रार हाजिर हुए

# कोर्ट ने सभी अधिकारियों से रिक्तियों पर मांगी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** घंटी आधारित शिक्षक प्रसिला सोरेन की याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत के आदेश के आलोक में राज्य के सभी यूनिवर्सिटी के वीसी और रजिस्ट्रार हाईकोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने सभी वीसी से एक-एक कर यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति की जानकारी मांगी। अदालत में दी गई जानकारी के मुताबिक, ज्यादातर यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट और एसोसिएट प्रोफेसर का पद रिक्त है। जिसपर कोर्ट ने कहा कि वर्ष 2018 से नियुक्ति नहीं हुई है और 2023 से नियुक्ति के लिए कहा जा रहा है, ऐसे में नियुक्ति नहीं होना बेहद गंभीर विषय है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। प्रार्थी की ओर से कोर्ट में कहा गया कि राज्य की यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में घंटी आधारित शिक्षकों की संविदा पर नियुक्ति की जाती है। पूर्व में हाईकोर्ट ने कहा था कि ऐसी नियुक्ति नहीं की जानी चाहिए।

# अजय तिर्की पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

**गलत तरीके से वन भूमि रजिस्ट्री करने का आरोप**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नगर उंटारी, गढ़वा के तत्कालीन कार्यपालक दंडाधिकारी सह अवर निबंधक अजय तिर्की पर विभागीय कार्यवाही चलेगी। उनके खिलाफ अंचल कार्यालय भवनाथपुर के ग्राम कैलान में भूमि पुराना खाता संख्या-1, प्लॉट संख्या 891, नया खाता संख्या 2141, रकबा 0.34 एकड़ तथा पुराना खाता संख्या-01 प्लॉट संख्या-1404, नया खाता संख्या-10, प्लॉट संख्या-2142, रकबा-2.46 एकड़ कुल रकबा- 2.80 एकड़ भूमि वन विभाग की प्रतिबंधित भूमि को 27 अप्रैल 2023 को राम चरित्र महतो ग्राम कैलान की भूमि सोन कनहर अंडरग्राउंड पाइप लाइन परियोजना के लिए कार्यपालक अभियंता, नवीन महली जलपथ प्रमंडल गढ़वा को केवाला द्वारा बिना गहन जांच के निबंधित करने संबंधी आरोप है।

बताते चलें कि पूरे मामले में राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के माध्यम से नौ अप्रैल 2024 के माध्यम से उपायुक्त गढ़वा ने आरोप पत्र तैयार कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। मामले की प्रथम दृष्टया जांच में आरोप प्रमाणित पाया गया, जिसके बाद उनके उपर विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया गया है। जांच संचालन पदाधिकारी रिटायर आइएएस अधिकारी कमल जॉन लकड़ा को नियुक्त किया गया है। अजय तिर्की से 15 दिनों के अंदर अपना लिखित बचाव बयान समर्पित करने को कहा गया है।

### पासवा ने लोहरदगा से डॉ रामेश्वर उरांव को टिकट देने का किया स्वागत

**रांची।** पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने मुख्य संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव को लोहरदगा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी बनाये जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। पासवा के प्रदेश सलाहकार मेहुल दुबे, पासवा पदाधिकारी संजीत यादव, अभिषेक साहू, गौतम कुमार, सुशील कुमार सहित अन्य लोगों डॉ रामेश्वर उरांव एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के रांची पहुंचने पर एयरपोर्ट पर स्वागत किया। मेहुल दुबे ने कहा कि डॉ रामेश्वर उरांव को लोहरदगा से प्रत्याशी बनाये जाने से संपूर्ण पासवा परिवार काफी गौरवान्वित है। डॉ रामेश्वर उरांव ने राहुल गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, केशव महतो कमलेश, गुलाम अहमद मीर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने मुझे मौका दिया एवं उम्मीद पर खरा उतरने का काम करूंगा।

## पहले फेज में 43 और दूसरे में 38 विधानसभा क्षेत्र में होगी वोटिंग

# मतदान के दिन सार्वजनिक छुट्टी घोषित, आदेश जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने 13 नवंबर और 20 नवंबर को झारखंड विधानसभा चुनाव के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। कार्मिक ने मंगलवार को इसका आदेश जारी कर दिया। बताते चलें कि झारखंड में विधानसभा चुनाव दो चरणों में होना है। पहले चरण के लिए 13 नवंबर को और दूसरे चरण के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। पहले चरण में 43 और दूसरे चरण में 38 सीटों के लिए चुनाव होगा। ऐसे में दो चरणों में निर्धारित तिथि मतदान के अवसर पर संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में सभी सरकारी कार्यालय और सार्वजनिक प्रतिष्ठान उस दिन बंद रहेंगे। प्रथम चरण में 43 विधानसभा क्षेत्रों व दूसरे चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होना है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

**पहले चरण में यहां चुनाव होगा :** पहले चरण में कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरगोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिम,ईचागढ़, सरायकेला, चाइबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसावां, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, विशुनपुर, सिमडेगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटनगंज, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा, भ वनाथपुर विधानसभा के लिए वोट डाले जायेंगे।

**दूसरे चरण में यहां होगा चुनाव :** दूसरे चरण में राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिटीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, सारठ, देवघर, पोड़ैयाहाट, गोड्डा, महागामा, रामगढ़, मांडु, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनक्यारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, सिल्ली, खिजरी विधानसभा के लिए वोट डाले जायेंगे।

# सीसीएल की चार खदानों को 5-स्टार रेटिंग पुरस्कार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की चार खदानों- मगध, अम्रपाली, नॉर्थ उरीमारी, और अशोका को कोयला एवं लिग्नाइट खदानों के लिए स्टार रेटिंग पुरस्कार के भव्य कार्यक्रम में प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे द्वारा, कोयला सचिव विक्रम देव दत्त, कोयला मंत्रालय की अपर सचिव विस्मिता तेज, रूपिन्दर बरार, कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पीएम प्रसाद, सीसीएल सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक तकनीकी (संचालन) हरीश दुहान और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

5-स्टार रेटिंग इन खदानों द्वारा स्थायी खनन प्रथाओं, पर्यावरणीय मानदंडों के अनुपालन और सामाजिक और आर्थिक विकास में उनके योगदान की उत्कृष्टता को दर्शाता है। यह मान्यता सीसीएल की जिम्मेदार खनन के प्रति प्रतिबद्धता और पर्यावरणीय संरक्षण एवं समुदाय कल्याण को प्राथमिकता देने की दिशा में उसके प्रयासों का प्रमाण है।

इस अवसर पर मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सीसीएल के प्रयासों की सराहना की और राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा के लिए स्थायी खनन प्रथाओं के महत्व पर बल दिया। मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कोयला खनन में नवीनता और सर्वोत्तम प्रथाओं की भूमिका पर जोर दिया, जिससे पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़े और कार्यक्षमता अधिकतम हो।

सीएमडी (सीसीएल) निलेन्दु कुमार सिंह ने इस पुरस्कार को प्राप्त करने पर खुशी जाहिर की। संचालन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ पर्यावरणीय और सामाजिक जिम्मेदारी के उच्चतम मानकों का पालन करने की सीसीएल की प्रतिबद्धता को भी दोहराया। यह पुरस्कार सीसीएल की स्थायी खनन की दिशा में जारी यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह देश के ऊर्जा सुरक्षा में सीसीएल के योगदान को रेखांकित करता है।

## आरक्षित सीटों में भी जीताने-हराने में होगी सदानों की निर्णायक भूमिका

# 27 अक्टूबर की बैठक में होगा फैसला सदान किसे करेंगे वोट : राजेंद्र प्रसाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि 30 साल पहले ही मूलवासी सदानों की राजनीति पार्टी बन गई होती तो आज मूलवासी सदानों से आने वाले अगड़ी, पिछड़े, और दलितों को झारखण्ड में राजनीतिक भागीदारी लेने से कोई रोक नहीं सकता था। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सराजनीति भागीदारी के लिए पार्टी बनाने की बात हुई थी। लेकिन हम लोगों ने यह सोच कर समाजिक संगठन रहने दिया कि इसमें सभी दलों के लोग शामिल रहेगें और मूलवासी सदानों की बातों को वे अपने -अपने पार्टी रखेगें। उपेक्षित सदानों से आने वाले समुदाय के पिछड़ों दलितों सवर्णों को की अधिकारों की बात करने वाले लोगों को भी राजनीतिक दल लोकसभा और विधानसभा में प्रत्याशी बनायेंगे। ऐसा हमारे वरिष्ठ नेताओं का मानना था लेकिन दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं हुआ। अब मूलवासी सदानों को लगने लगा है कि मूलवासी सदानों की राजनीतिक पार्टी बननी चाहिए। राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि हमारे सदान के अगुआ रहे स्व श्रद्धेय डॉ आरपी साहू का यही विचार था कि सदानों का राजनीति पार्टी होना चाहिए, ताकि लोकसभा और विधानसभा में हमारा सदानों का प्रतिनिधित्व हो सके।

वरिष्ठ सलाहकार, झारखंड आंदोलनकारी क्षितीश कुमार राय ने इस दिशा में पहल की थी, लेकिन शिबू सोरेन जी के आग्रह पर सदानों की पार्टी नहीं बन पाई। झारखंड में राजनीतिक पार्टी के नाम पर वैसे राजनीतिक दलों को भाजपा और महागठबंधन, गठबंधन में शामिल कर टिकट दे रही है, जिसका झारखेड में कोई जनाधार नहीं है। 65% मूलवासी सदान के दम पर राजनीतिक दल अपनी सरकार बनाते हैं लेकिन सामाजिक संगठन होने के नाते राजनीतिक दल के लोग इसे मूलवासी सदानों को तरजीह नहीं दे रहे हैं। राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि 27 अक्टूबर को मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक रांची में होगी और विधानसभा चुनाव को लेकर निर्णय लिया जाएगा कि किस दल को समर्थन करना है या नहीं।

स्पीड न्यूज



## सभी बूथों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवायें बीडीओ : डीसी

**चाईबासा।** झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन- 2024 के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के द्वारा उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, सहायक समाहर्ता अर्नव मिश्रा की मौजूदगी में कुमारडुंगी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बुथ क्रमांक- 162-163 उत्क्रमित उच्च विद्यालय उलीहातू, बुथ क्रमांक- 189-192 उत्क्रमित मध्य विद्यालय खण्डखोरी एवं बुथ क्रमांक- 159 प्राथमिक विद्यालय बुहड़ासाई का निरीक्षण किया गया।

## एक्सएलआरआई जमशेदपुर को छात्र ने भेजा लीगल नोटिस



**जमशेदपुर।** मैनेजमेंट शिक्षा के क्षेत्र में देश की अग्रणी शिक्षण संस्थान एक्सएलआरआई जमशेदपुर पर वहां के एक विद्यार्थी ने मोटी फीस लेकर भी आवश्यक शिक्षण सामग्री, परीक्षा सम्बन्धी सूचना उपलब्ध न कराने एवं लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। टेल्को निवासी देवयान चक्रवर्ती, जो सत्र 2021-22 में एक्सीक्यूटिव डिप्लोमा इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट पाठ्यक्रम के छात्र हैं, ने अपने अधिवक्ता रविशंकर पाण्डेय के माध्यम लीगल नोटिस भेजकर बीस लाख रुपये हजार्ने की मांग की है श्री चक्रवर्ती गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के कारण पहले सेमेस्टर का एक पेपर (एफआईएल) पूरा नहीं कर पाये थे।

## एसएसपी ने चेक नाकों का किया निरीक्षण

**जमशेदपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव- 2024 को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु आज दिनांक- 22/10/24 को वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के साथ बोड़ाम, पटमदा, कमलपुर थाना अन्तर्गत अंतर्राज्यीय, सीमावर्ती चेकनाकों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों को चुनाव को लेकर शराब की तस्करी को रोकने, अवैध नकदी, मादक पदार्थ, तथा अवैध हथियार की जप्ती को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया।

## शो रुम का मैनेजर गबन के आरोप में गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** बिरसानगर थाना क्षेत्र के हीरो शोरूम में घटित हुई जहां शोरूम के मैनेजर ने ही तीन मोटरसाइकिल को बेचने का बाद उन रुपयों को गबन करने का प्रयास किया जिसकी शिकायत यूनियन बाईक के मैनेजर विनोद कुमार सिंह ने बिरसानगर थाना में 21 को लिखित शिकायत की। शिकायत में बताया गया कि जब जितेंद्र से बिक्री किए गए तीन मोटरसाइकिल के लगभग 2 लाख रुपए जमा करने को कहा गया तो वह दिन प्रतिदिन टालने लगा जिसके बाद उन्होंने एक अन्य कर्मियों को भेज मामले की जांच कराई जांच में पाया कि फर्जी कागजात देकर बाइक के अलावा कई पार्ट्स भी उसने बिक्री कर दी।

## पूर्णिमा साहू को सिख समाज का आशीर्वाद

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने साकची स्थित सेंटर गुरुद्वारा में जाकर गुरु महाराज एवं सिख समाज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सिख समाज के प्रमुख व्यक्तित्वों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने पूर्णिमा साहू को शगुन के रूप में शाल भेंट की और आशीर्वाद देकर उनके राजनीतिक सफर की सफलता के लिए गुरु महाराज के समक्ष अरदास की। उन्होंने पूर्णिमा साहू को पूर्वी विधानसभा चुनाव में विजयी होने की शुभकामनाएं दीं।

# 24 को नामांकन करेंगे इंडिया गठबंधन प्रत्याशी बन्ना गुप्ता

- गुरुवार को 11 बजे आमबागान साकची में करेंगे जनसभा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र से यूपीए गठबंधन की ओर से कांग्रेस ने प्रत्याशी के रुप में बन्ना गुप्ता की घोषणा की। कांग्रेस कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़के, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के प्रति आभार व्यक्त किया। जमशेदपुर कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्त्ता बबुआ झा, संजय शर्मा, अख्तर अली, बंटी शर्मा, कैलाश रजक, पप्पू सिंह उज्जैन, अली राजा ने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्त्ता प्रत्याशी बन्ना गुप्ता बन कर चुनावी मैदान में उतरेगा। हम लोग पिछले पांच साल में हुए विकास कार्यों को लेकर जनता के मध्य जाएंगे और आगामी 24 अक्टूबर गुरुवार को प्रत्याशी बन्ना गुप्ता नामांकन करेंगे।

पार्टी ने बताया कि गुरुवार के दिन सभी कार्यकर्त्ता कदमा पहुंचेंगे। वहां से सभी कार्यकर्त्ता 11 बजे आम बगान, साकची पहुंचेंगे, जहां झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उलाका, माननीय सांसद, कोरापुट, ओडिशा के साथ यूपीए गठबंधन के अन्य वरिष्ठ नेतागण एवं प्रत्याशी बन्ना गुप्ता जनसभा को संबोधित करेंगे।

जनसभा के बाद पदयात्रा कर प्रत्याशी बन्ना गुप्ता समहरणालय पहुंच कर नामांकन दाखिल करेंगे। यह नामांकन जमशेदपुर के बहुमुखी विकास के लिए होगा। यह नामांकन इस संकल्प के साथ किया जाएगा कि जितने अधूरे कार्य हैं, फ्लाइओवर जैसे जो कार्य चल रहे हैं, उनसबको समयावधि में पूर्ण किया जाए। यह नामांकन इस कटिबद्धता के साथ किया जाएगा कि अगले पांच वर्षों जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा में विकास, रोजगार एवं पर्यटन के कई नए मार्ग प्रशस्त हों।



मानगो में जनसंपर्क के दौरान महिलाओं का अभिवादन करते कांग्रेस सह इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता।

**शास्त्रीनगर, कदमा में रजक समाज की महिलाओं ने दिया बन्ना गुप्ता को जीत का आशीर्वाद :** रजक महिला समाज की अध्यक्ष धानु देवी, सचिव टीनू देवी, मीना देवी एवं अन्य महिलाओं ने बन्ना गुप्ता द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिए आभार प्रकट किया। साथ ही अपनी कुछ मांगे रखी। बन्ना गुप्ता ने कहा कि कई समस्याएं इस कार्यकाल में सुलझी हैं और शेष के लिए वे प्रयासरत हैं। आपलोगों को किसी सरकारी विभाग में दौड़ने की आवश्यकता नहीं है, आप लोग कदमा में विधायक कार्यालय पहुंचें जहां हमारे कार्यकर्त्ता सदैव आपलोगों के लिए उपलब्ध रहते हैं। बन्ना गुप्ता ने कहा कि विरोधियों के द्वारा फैलाए जा रहे किसी भ्रम में ना पड़कर सही निर्णय लेना है।

## बन्ना गुप्ता ने स्वयं रांची जाकर लिया पार्टी सिंबल



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कांग्रेस कमिटी के रांची कार्यालय में पूर्व मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कांग्रेस की सदस्यता ली। बैठक में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को सिंबल वितरण किया गया। 49, जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने पार्टी कार्यालय में जाकर सिंबल ग्रहण किया। मौके पर मंत्री रामेश्वर उरांव, मदन मोहन शर्मा, जनाब शकील इत्यादि उपस्थित रहे। उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के अनुशासित प्रत्याशी बन्ना गुप्ता को जीत का आशीर्वाद दिया और कार्यकर्ताओं ने जीत की शुभकामनाएं दी।

# ईचागढ़ सीट शहीद निर्मल महतो के परिवार को समर्पित है : हेमंत सोरेन

- सबिता महतो के नामांकन सभा को हेमंत सोरेन ने किया संबोधित
- कहा-ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा इंडिया गठबंधन, सुपर हिट सरकार देंगे

खबर मन्त्र टीम

**चांडिल/जमशेदपुर।** मंगलवार को इंडिया गठबंधन समर्थित 50 ईंचागढ विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी के रूप में सबिता महतो ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के पूर्व चांडिल बस स्टैंड से गाजे बाजे के साथ रैली के रूप में पदयात्रा कर समर्थकों के साथ सभा स्थल गांगुडीह स्थित फुटबॉल मैदान पहुंची।

सबिता महतो के नामांकन सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे और सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा ईंचागढ विधानसभा सीट सहिद परिवार को समर्पित है। सबिता महतो के रग रग में सहिद परिवार का खुन दौड़ती है। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा विपक्ष कहते हैं झारखंड में बंटी बबली की सरकार चल रही है, मै उन्हें बता देना चाहता हूं कि बंटी बबली फिल्म सुपरहिट हुई थी झारखंड में भी बढ़िया सरकार बनेगी। उन्होंने कहा हमारी सरकार बनने पर हर गरीब परिवार को एक एक लाख रुपए देने का काम करेंगे। हमारे कार्य को देखकर विपक्ष घबरा गई है। सबिता महतो ने कहा कि दिवंगत पति स्व. सुधीर महतो के कई अधुरी कामों को पूरा किया है। चांडिल में सौ बैड वाला अस्पताल का काम जारी है अस्पताल को चालू कराने का काम करेंगे। भाजपा को जनता इस बार भी सबक सिखायेगी।

इस दौरान आजसू के ईंचागढ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कार्तिक महतो ने झामुमो का दामन थामा। हेमंत सोरेन ने उन्हें पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदसय काबलु महतो, ओमप्रकाश लायेक, गुरुचरण किस्कू, चारु किस्कू, जिप सदस्य पिंकी लायेक, स्नेहा महतो, सुधीर किस्कू, राहुल वर्मा, बैधनाथ टुडू, सुदामा हेंब्रम, धर्मु गोप, मेहताब आलम सहित कई लोग उपस्थित थे।





गांगुडीह फुटबॉल मैदान में आयोजित प्रत्याशी सबिता महतो की नामांकन सभा को संबोधित करते हेमंत सोरेन और नामांकन दाखिल करती महागठबंधन की झामुमो प्रत्याशी सबिता महतो।

एक नजर में

## एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने सोनारी एयरपोर्ट का किया निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



**जमशेदपुर।** विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक एवं राजनेता चुनावी प्रचार के लिए हेलिकॉप्टर का उपयोग करते हैं। इसी क्रम में व्यय अनुवीक्षण सुनिश्चित कराने के लिए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री अनिकेत सचान ने सोनारी एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने एफएसटी, एसएसटी के लिए निर्धारित स्थल का जायजा लिया। साथ ही व्यय अनुवीक्षण टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए एयरपोर्ट मैनेजर को आवश्यक सहयोग करने की बात कही।

## पोटका से 24 को नामांकन पर्चा दाखिल करेंगी भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा



**पोटका/जमशेदपुर।** पोटका विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मीरा मुंडा 24 अक्टूबर को अपना नामांकन दाखिल करेंगी। नामांकन कार्यक्रम से पूर्व वह पोटका विधानसभा स्थित हरिना मंदिर में सुबह 7, सुबह 8 बजे हल्दीपोखर में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण, 8.30 बजे हाता चौक में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगी। उसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ बोधि मैदान, साकची, जमशेदपुर में एकत्र होंगी। धालभूमगढ़ अनुमंडल कार्यालय में सुबह 11 बजे अपना नामांकन दाखिल करेंगी।

## आज तीन प्रत्याशियों ने दाखिल किये नामांकन

**जमशेदपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर तीन प्रत्याशियों ने आज संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। विवरणी निम्नवत है- बहरागोड़ा से दुर्गापद घोष, पोटका से धनंजय सिंह, निर्दलीय, और कांदोमनी भूमिज, निर्दलीय। वहीं, सभी छह विस क्षेत्र में कुल 17 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदा, जिसमें बहरागोड़ा में चार, घाटशिला में एक, पोटका में शून्य, जुगसलाई में दो, जमशेदपुर (पूर्व) छह तथा जमशेदपुर (पश्चिम) के चार अभ्यर्थी शामिल हैं।

## चाईबासा विस क्षेत्र में शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र पर फोकस करना लक्ष्य : गीता बलमुचू

- चाईबासा रिजर्व सीट से भाजपा प्रत्याशी हैं गीता बलमुचू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** चाईबासा विधानसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार गीता बलमुचु एक संघर्षशील नेत्री के रुप में अपनी विशिष्ट पहचान रखती हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में उनका विशेष रुप से नाम लिया जाता है। गरीब तबके की महिलाओं की मदद के लिए उनके घर का दरवाजा हमेशा खुला रहता है। गीता बलमुचु पर भाजपा ने दांव लगाकर झामुमो से इस सीट को छीनने का संकल्प लिया है। खबर मन्त्र से बातचीत में गीता बलमुचु ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा दिखाया है उस पर खरा उतरने में मैं और मेरी टीम कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता मुझे टिकट मिलने से प्रफुल्लित है। यह पूछे जाने पर कि जीतने के बाद चाईबासा विधानसभा क्षेत्र के लिए उनकी प्राथमिकता क्या-क्या होगी?



गीता बलमुचू।

## सरयू राय को जिताने के लिए कमर कस लें जद यू के सभी कार्यकर्ता: निर्मल सिंह

- जद यू के प्रदेश अध्यक्ष ने की बैठक, दिये निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जनता दल यूनाइटेड की एक अहम बैठक मंगलवार को साकची में हुई। यह बैठक चुनाव को लेकर हुई। जनता दल यू के प्रदेशाध्यक्ष निर्मल सिंह के निर्देश पर आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता जदयू के जिलाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ने की। बैठक में प्रदेश के वरिष्ठ और युवा जनता दल यूनाइटेड के सभी पदाधिकारी, पश्चिम विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्षों, बूथ अध्यक्षों समेत पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बैठक में नामांकन को सफल बनाने, चुनाव प्रबंधन समिति गठित करने, प्रचार-प्रसार के कार्य को तेज करने और बूथ प्रबंधन को लेकर बैठक में चर्चा हुई।

प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह ने कहा कि हर कार्यकर्ता कमर कस ले। सरयू राय जी को हर हाल में विजयी बनाना है। चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी ने जो गाइडलाइन तय की है, उसे सभी को मानना है। नौजवानों को बढ़-चढ़ कर काम करना चाहिए।

बैठक में प्रदेश महासचिव कौशल कुमार, प्रदेश महासचिव संजय ठाकुर, प्रदेश महासचिव अंजलि सिंह , प्रदेश सचिव कमल चौबे, प्रदेश महासचिव युवा धर्मेंद्र सिंह (भोला), प्रदेश महासचिव युवा बिट्टू दुबे, महानगर अध्यक्ष परमजीत श्रीवास्तव, युवा प्रदेश प्रवक्ता सुजीत यादव भी थे।

## भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू को सांसद विद्युत की पत्नी ने लगाया विजय तिलक, दिया आशीर्वाद




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने मंगलवार को एक विशेष भेंट में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो से उनके आवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने सांसद से आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया। सांसद महतो और उनकी धर्मपत्नी उषा महतो ने पूर्णिमा साहू को विजयी तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सौहार्दपूर्ण मुलाकात के दौरान सांसद विद्युत महतो ने पूर्णिमा साहू के साथ गहन राजनीतिक चर्चा की और उनसे जीत का सूत्र साझा किया। उन्होंने पूर्णिमा साहू की उम्मीदवारी को नारी शक्ति का प्रतीक बताया और कहा कि उनके नेतृत्व में जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र के विकास, सुशासन और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं, चुनावी अभियान में उन्होंने पूर्णिमा साहू को पूर्ण सहयोग का भरोसा देते हुए पूरी निष्ठा से जनता की सेवा में जुटने की बात कही। वहीं, पूर्णिमा साहू ने भाजपा के कई वरीय नेताओं के आवास जाकर उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया। जिसमें भाजपा नेता कल्याणी शरण, भरत सिंह, राकेश सिंह, मुकेश राय, बोलटू सरकार, मोहरदा ग्राम प्रधान त्रिलोक नाथ, टेल्को महिला मोर्चा अध्यक्ष सुधा यादव, मनोहर सिंह व अन्य लोगों से मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## संवैधानिक पद का दुरुपयोग कर रहे हैं रघुवर दास मूकदर्शक बने मुख्य चुनाव आयुक्त : डॉ अजय कुमार

- संविधान को बचाने की जिम्मेवारी जनता की है

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी से कांग्रेस के प्रत्याशी डा. अजय कुमार ने मंगलवार को होटल केनेलाईट मे आयोजित पत्रकार सम्मेलन में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान का अपमान करना भाजपा एवं भाजपाईयों की नियति बन गयी है। आचार संहिता लागू होने के दौरान ओड़िशा के राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद पर रहते हुए चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य रघुवर दास का जमशेदपुर आवास में आना संविधान की मयार्दा का उल्लघंन है। इसकी शिकायत मैंने राष्ट्रपति और मुख्य चुनाव आयुक्त से की है। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति संविधान का खुलेआम उल्लघंन कर रहा है और चुनाव आयोग मूकदर्शक बना हुआ है। डॉ अजय ने कहा कि एक माह में ज्यादा से ज्यादा समय रघुवर दास जमशेदपुर में व्यतित करना और संवैधानिक पद पर रहते हुए बीजेपी कार्यकताओं के साथ लगातार बैठक करना नियम विरुद्ध है। दूसरों में गलती ढूढ़ने वाली बीजेपी और पार्टी के नेता इस संबंध में चुप्पी साधे हुए हैं।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय कुमार।

## बिष्टुपुर-आदित्यपुर चेकपोस्ट से 3.7 और गालूडीह के केशरपुर से 4.5 लाख बरामद

- विस चुनाव को लेकर एसएसटी एवं एफएसटी टीम सक्रिय
- नगदी, शराब, ड्रग्स, फ्रीबिज के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा भयमुक्त वातावरण में विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर जिला अंतर्गत गठित एफएसटी एवं एसएसटी सक्रियता से कार्य कर रही है। शहर के अंदर के चेकनाकों के अलावा अन्तर्राज्यीय एवम अंतरजिला चेकनाका पर सभी छोटे-बड़े वाहनों की सघनता से जांच की जा रही है। इसी क्रम में वाहन जांच के क्रम में बिष्टुपुर-आदित्यपुर चेकपोस्ट से 3.7 लाख तथा गालूडीह के केशरपुर चेकपोस्ट से 4.5 लाख जब्त किया गया। डीसी अनन्य मित्तल ने दो-पहिया, चार पहिया, मालवाहक व वीआइपी वाहन आदि सभी की सघनता से जांच के निर्देश दिये।



## श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन और श्रीनाथ विश्वविद्यालय ने किया 48 यूनिट रक्त संग्रह




**जमशेदपुर।** श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजूकेशन और श्रीनाथ विवि की तरफ से सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गयो जिसमें वोलिंटियर ब्लड डोनर एसोसिएशन और जमशेदपुर ब्लड बैंक ने सहयोग किया। शिविर में कुल 48 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस मौके पर वोलिंटियर ब्लड डोनर एसोसिएशनस के पूर्व अध्यक्ष श्री एस के मुखर्जी ने रक्तदान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि रक्तदान से न केवल जीवन बचाने में मदद मिलती है, बल्कि यह समाज में एकजुटता और सहयोग की भावना भी विकसित करता है। वहीं उनके सहयोगी श्री नरेश कुमार ने छात्रों को बताया कि रक्त की कमी के कारण हर दिन 12,000 लोग अपनी जान गंवाते हैं। इस शिविर में कई सम्मानित व्यक्तित्व जैसे डॉ. एन. झा, आनंद राव, मृणाल रक्षित, त्रिलोक चंद, सुजीत मलाकर और शुभंकर जाना उपस्थित रहे। इस दौरान बीएड की प्राचार्या श्रीमती रचना रश्मि ने रक्तदान को एक महान कार्य बताते हुए सभी को इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं है और इसे बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। शिविर में कॉलेज और विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से कई शिक्षकों और छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# 24 को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा

- नामांकन सभा को ऐतिहासिक बनाने को लेकर भाजपा कर रही व्यापक तैयारी
- बैठक में बनी रणनीति, आमबागान मैदान में जुटेंगे हजारों कार्यकर्ता
- पांच वर्षों में थम गया है जमशेदपुर पूर्व में विकास का पहिया : पूर्णिमा साहू दास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू 24 अक्तूबर को सुबह 10 बजे नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। नामांकन के दौरान जमशेदपुर पुर्वी विधानसभा के विभिन्न मंडलों से हजारों भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित होंगे और जुलूस के रूप में उपायुक्त कार्यालय पहुंचेंगे, जहां से पूर्णिमा साहू औपचारिक रूप से अपना नामांकन दाखिल करेंगी। नामांकन के दौरान सीतारामडेरा और बारीडीह मंडल के कार्यकर्ता भालूबासा हरिजन स्कूल के मैदान में एवं टेल्को, बिरसानगर, बर्मामाइंस, गोलमुरी और साकची के हजारों युवा एवं महिला कार्यकर्ता साकची स्थित नेताजी सुभाष मैदान, आमबगान में एकत्रित होंगे। वहां से विशाल जुलूस के रूप में उपायुक्त कार्यालय तक पहुँचने के बाद, भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू अपना नामांकन दाखिल करेंगी। इससे पहले, पूर्णिमा साहू भालूबासा स्थित शीतला माता मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर अभियान की शुरुआत करेंगे।

नामांकन सभा एवं जुलूस की व्यापक सफलता एवं चुनावी रणनीति बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में भाजपा पुर्वी विधानसभा की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रत्याशी पूर्णिमा दास के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिले के वरीय नेताओं, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री व पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में नामांकन सभा एवं चुनावी अभियान को लेकर गहन विचार-विमर्श किया और रणनीति बनाई गई, इस दौरान भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं को जमीनी स्तर पर जनसंपर्क और प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारियां सौंप दी गयी हैं।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करती भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू दास।

## स्पीड न्यूज

### समानता दल के प्रत्याशी समेत कई निर्दलीय प्रत्याशियों ने किये नामांकन

**मेदिनीनगर।** नामांकन के चौथे दिन पलामू जिले के दो वि' क्षेत्र विश्रामपुर और छत्तरपुर में किसी अभ्यर्थी ने नामांकन नहीं किया। जबकि डालटनगंज में राष्ट्रीय समानता दल के मुन्ना कुमार ने नामांकन किया। हुसैनाबाद से निर्दलीय मनोज मेहता और पांकी से नागेंद्र कुमार, पंकज जयसवाल और रितेश गुप्ता ने अपना नामांकन स्वतंत्र अभ्यर्थी के रूप में भरा।

### सदर थाना पुलिस का चियांकी में छापा



**मेदिनीनगर।** सदर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की रात चियांकी में छापेमारी अभियान चलाया। सदर थाना प्रभारी उत्तम राय के नेतृत्व में चलाये गये छापेमारी में पुलिस ने चियांकी सत्यारी टोला में एक दुकान से 350 ग्राम गांजा बरामद किया है। गुप्त सूचना मिली थी कि नंदकिशोर पांडेय चियांकी सत्यारी टोला में गांजा की खरीद बिक्री कर रहा है। इसे वरीय पुलिस पदाधिकारी को बताया। एक टीम बनाकर चियांकी सत्यारी टोला नंदकिशोर पांडेय की दुकान में छापेमारी कर लगभग 350 ग्राम गांजा बरामद किया गया। उसे जेल भेज दिया है।

### 24 को पुष्पा देवी भरेंगी नामांकन पर्चा



**पाटन पलामू।** छतरपुर विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी 24 अक्तूबर तो नामांकन दाखिल करेंगे। इसे लेकर भाजपा पाटन मंडल में कार्यकर्ताओं की बैठक अध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कहा गया कि सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में नामांकन में चलने की बात कही गयी। मौके पर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे। इधर पुष्पा देवी ने भी कार्यकर्ताओं व समर्थकों से नामांकन कार्यक्रम में भाग लेने को कहा है।

### मानसिक तनाव में युवती की आत्महत्या



**मेदिनीनगर/ पाटन।** थाना क्षेत्र के सगुनी निवासी स्व उदय राम की पुत्री पल्लवी (15) वर्ष मंगलवार की सुबह मानसिक तनाव में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि मंगलवार की सुबह घर में कोई नहीं था। इसी बीच पल्लवी फांसी लगा ली। जब परिजन घर पहुंचे तो देखा कि पल्लवी फांसी के फंदे से झूल रही है। परिजनों ने इसकी जानकारी पाटन पुलिस को दी। जानकारी मिलने पर पाटन पश्चिमी जिप संग्राम सिंह सदर अस्पताल पहुंच अपने देखरेख में मृतक का पोस्टमार्टम करवाने में जुट गये हैं।

### एमके डीएवी के छात्रों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मिला सांत्वना पुरस्कार



**मेदिनीनगर।** भारत विकास परिषद झारखंड द्वारा राज्य स्तरीय देश भक्ति समूह गान (हिंदी-संस्कृत) प्रतियोगिता, सरला बिरला विवि नामकुम रांची में 20 अक्तूबर को आयोजित की गयी थी। इसमें राज्य के विभिन्न विद्यालयों से अनेक प्रतिभागी आये थे। एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटनगंज के आठ छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और सांत्वना पुरस्कार जीता। विजेताओं को 22 को प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी झारखंड क्षेत्र आई, के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जीएन खान ने सम्मानित किया। प्राचार्य ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया है। मुख्य अतिथि रिटायर्ड कमिश्नर जटाशंकर चौधरी थे। उनके साथ संगीत शिक्षक नीरज सिन्हा, अनंत पाठक व अनुश्री चक्रवर्ती भी रांची गयी थी।

### कन्या सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने धूमधाम से मनायी चौथी वर्षगांठ

**मेदिनीनगर।** कन्या सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने पुलिस लाइन मेजर मोड डाल्टनगंज पलामू स्थित कार्यालय में पूजा अर्चना और केक काट कर चौथी वर्षगांठ मनायी। मौके पर संस्था के समस्त पदाधिकारी मौजूद थे। संस्था के निदेशक ने बताया कि संस्था लगातार 4 वर्ष से झारखंड, बिहार व छत्तीसगढ़ के जिलों में गरीब असहाय निर्धन कन्याओं के विवाह में संस्था सैकड़ों कन्याओं को घरेलू उपयोगी विदाई सामग्री उपहार कन्या के विवाह में संस्था के पदाधिकारी कन्या के घर जाकर विदाई सामग्री उपहार दिया है। 2025 में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम किया जायेगा। मौके पर संस्था सुनील प्रजापति, अनूप कुमार तिवारी, रोशन कुमार, वीरेंद्र सिंह, गिरेंदर सिंह, सक्ति विकाश, सिमी देवी, रंजय कुमार, शिव शंकर सिंह, अवध बिहारी, नेहा देवी मौजूद थे।

### डीईओ ने रवाना किया जागरूकता रथ



**मेदिनीनगर।** पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि विगत चुनावों में जिन क्षेत्रों में कम मतदान हुआ है, उन सभी क्षेत्रों में इस प्रचार रथ से मतदाता जागरूकता संबंधित संदेश प्रसारित किये जायेंगे। इस दौरान ऑडिओ-विसुअल वाहन पर लगे स्क्रीन में दिखाया जायेगा। जिला प्रशासन का प्रयास रहेगा कि अधिक मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक होकर अपनी सहभागिता निभायें। मौके पर निगम आयुक्त सह स्वीप के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी डॉ असीम कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद : मनोज मेहता ने भरा पर्चा



**हुसैनाबाद पलामू।** विस चुनाव 2024 के प्रथम चरण के लिए चौथे दिन मंगलवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मनोज मेहता ने नामांकन परचा दाखिल किया। वहीं हुसैनाबाद हरिहरगंज विधान सभा का नामांकन कार्य अनुमंडल कार्यालय से शुरू किया गया। नामांकन 25 तक चलेगा। जिसकी जांच 28 तक और नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। नामांकन के चौथे दिन केवल एक ही नामांकन परचा दाखिल किया गया।

---

#### पलामू एसपी ने आधी रात को किया झारखंड-बिहार बॉर्डर चेक पोस्ट का निरीक्षण

# चुनाव के दौरान हर प्रकार की गतिविधियों का रिकार्ड जरूर रखें : एसपी रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण पलामू में 13 नवंबर को होना है। इसे लेकर जिले में शांति व्यवस्था कायम रहे। साथ ही शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पलामू पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने जिले के सभी थाना प्रभारियों समेत वरीय पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रखी है।

इसके साथ पलामू जिला के कई ऐसे थाने हैं जो बिहार राज्य के सीमा से सटता है वैसे थानों पर चेक पोस्ट बनाया गया है। जहां पर दंडाधिकारी के साथ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। पलामू जिला के हुसैनाबाद, दंगवार, देवरी और पथरा, हरिहरगंज, नौडिहा बाजार, मनातू चक समेत कई ऐसे थाने हैं जो दूसरे राज्य से सटता है।



ऐसे थानों पर चेक पोस्ट स्थापित किया गया है। जिसे निरीक्षण करने एसपी सदल बल के साथ बीते मध्य रात्रि को निरीक्षण किया। इस दौरान उक्त पोस्ट पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी चेक पोस्टों पर मौजूद रजिस्टरों की जांच की और यह सुनिश्चित किया कि चुनाव के दौरान हर प्रकार की गतिविधि का सही से रिकॉर्ड रखा जा रहा है। उन्होंने चेक पोस्ट पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और चुनाव के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के लिए कहा। एसपी ने पुलिसकर्मियों से सीमा पार आने-जाने वाले हर वाहन की गहन जांच कर प्रत्येक व्यक्ति की पूरी जानकारी दर्ज कराने, रात्रि के समय विशेष गश्ती बढ़ाने, चुनाव के दौरान चुनाव आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विधानसभा चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

---

# अंजू सिंह ने थामा समाजवाद पार्टी का दामन, 24 को करेंगी नामांकन

- झारखंड में सपा के बिना सरकार बनना संभव नहीं : व्यास जी गोंड

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की रणभेरी बजते ही चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की जहां एक ओर चहल कदमी बढ़ी है वहीं दूसरी ओर एक दल से दूसरे दल में जाने वालों का तांता लगा हुआ है। इसी बीच समाजवादी पार्टी ने झारखंड के 81 विस सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। सपा के केंद्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री व्यास जी गोंड को झारखंड प्रभारी बनाकर भेजा है। इनके नेतृत्व में भाजपा, राजद समेत कई दलों के दिग्गज नेता सपा का दामन थाम रहे हैं। इसी बीच विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की जुझारू महिला नेत्री अंजु सिंह पति अभिमन्यु सिंह एवं मनिका विधानसभा से रघुपाल सिंह मंगलवार को रेड़मा स्थित ललिता श्री होटल में सपा का दामन थाम लिया। इनलोगों के साथ सैकड़ों की संख्या में समर्थन भी शामिल हुए। जहां पर प्रदेश अध्यक्ष केश्वर यादव उर्फ रंजन यादव व झारखंड प्रभारी ने सभी को सपा का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। साथ ही अंजु सिंह व रघुपाल सिंह को चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का सिंबल दिया। श्री गोंड ने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव देश का संविधान बचाने की लड़ाई सड़क से सदन तक किया है। साथ ही सपा की विचारधारा को साथ लेकर यूपी ही नहीं पूरे भारत में जनआंदोलन खड़ा करने का काम किया है।

---

#### बीसफुटा पुल के समीप छापेमारी में एक व्यक्ति हुआ गिरफ्तार

# गिरफ्तार व्यक्ति के पास से चार किलो से अधिक गांजा बरामद

- गांजा तस्कर का मास्टर माइंड नीरज फरार, गिरफ्तारी जल्द होगी : एसडीपीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव के दौरान पुलिस की सरगर्मी काफी तेज हुई है। जिस कारण परिंदे भी पर नहीं मार पा रहे हैं। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के नेतृत्व में बीती रात्रि को बीसफुटा पुल के पास औचक छापेमारी की गई। जहां पर तीन चार व्यक्ति दिखाई दिये जो पुलिस के आते देखकर



प्रेसवार्ता में जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी व अन्य।

भागने लगे। जिसमें पुलिस द्वारा घेराबंदी कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उसके पास से अवैध गांजा बरामद किया गया। इस संबंध में सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने शहर थाना में प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस अधीक्षक के गुप्त सूचना पर बीसफुटा पुल के पास छापेमारी की गई। जहां पर तीन लोग मोटरसाइकिल पर थे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये। जिसमें से आदित्य कुमार पासवान पिता लाला पासवान ग्राम चंदननगर कजरी को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक बैग में चार किलो से अधिक अवैध गांजा बरामद किया गया। उससे पूछताछ करने पर उसने पुलिस को बताया कि नीरज कुमार पासवान उर्फ राहुल ग्राम बसना का निवासी है जो अपने दो दोस्तों के साथ मेरे पास आया था। उसने बैग देकर कहीं चलने को बोला। इसी बीच पुलिस आ गयी। एसडीपीओ ने बताया कि इस अवैध गांजा तस्करी का मास्टर माइंड नीरज है जो भागने में सफल हुआ। उसकी गिरफ्तारी जल्द की जायेगी।

---

# सड़क दुर्घटना की आड़ में ब्रह्मदेव की हत्या की रची गयी साजिश : गोरखनाथ चौधरी

- ओबीसी एकता अधिकार मंच ने प्रेस कांफ्रेंस कर लगाया आरोप, मंच अध्यक्ष 25 को करेंगे नामांकन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय सचिव गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि सड़क दुर्घटना की आड़ में मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के हत्या की साजिश रची गयी थी। भगवान के आशीर्वाद और जनता के स्नेह से वे बच गए वरना राजनीतिक विरोधियों ने उनको मारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। इस घटना में मंच के एक साथी की जान भी चली गयी थी।

श्री चौधरी मंगलवार को मंच के बिश्रामपुर स्थित कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि साजिशन हत्या



प्रेस कांफ्रेंस में शामिल मंच के लोग।

का मामला भी बिहार के गया थाना में दर्ज कराया गया है। पुलिस अनुसंधान में लगी भी हुई है। विदित हो कि पिछले दिनों एक सड़क हादसे में ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गये थे जबकि उनके गाड़ी में सवार एक व्यक्ति की मौत भी हो गयी थी।

श्री चौधरी ने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र का सेवा करने हेतु ब्रह्मदेव प्रसाद बिश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। 25 अक्तूबर को वे अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील किया कि नामांकन रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर ब्रह्मदेव प्रसाद को मजबूती प्रदान करें। मौके पर प्रदीप कुमार, सुरेंद्र भारती, असगर अंसारी सहित मंच के कई लोग मौजूद थे।

---

## राजद विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष का पार्टी से इस्तीफा

- राजद का माई समीकरण बाप समीकरण में तब्दील : रामदेव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड में राजद का जनाधार कम करने में एक ओर जहां पार्टी के प्रदेश स्तरीय नेता लगे हुए हैं वहीं दूसरी ओर कार्यकर्ताओं की भावना का अनादर जारी है। इससे क्षुब्ध होकर राजद विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामदेव यादव व ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुलेमान अंसारी ने राजद की प्राथमिक सदस्यता के साथ सभी पदों से त्याग पत्र देते हुए पार्टी को सूचित किया है। श्री यादव ने कहा कि अपना त्याग पत्र प्रदेश नेतृत्व के साथ ही राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को भी दिये हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी



में विगत 28 वर्ष से समर्पित होकर लालू जी के विचारधारा से प्रभावित होकर पूरी तन्मयता के साथ कार्य किया है। श्री यादव ने कहा कि 14 वर्ष वनवास के बाद भगवान श्रीराम को राजगद्दी मिली थी, लेकिन राजद में समर्पित कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर दूसरे दल से आनेवाले लोगों को चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया जाता है।

## कर्नल डॉ संजय सिंह हुसैनाबाद विस क्षेत्र के लिए कल भरेंगे नामांकन पर्चा

- नामांकन सह जनसंकल्प सभा में भारी संख्या में भाग लेने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी के रूप में किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डा संजय सिंह 24 अक्तूबर गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। श्री सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि हुसैनाबाद को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने और जन-जन के स्वाभिमान की रक्षा के लिए, आप सभी सम्मानित जनता के आदेश पर चुनाव मैदान में उतरे हैं। उन्होंने क्षेत्र की जनता, मातायें, बहनों, शुभचिंतकों से अपील किया है कि 24 अक्तूबर को प्रातः 9 बजे जपला के अनुमंडल मैदान में आयोजित



नामांकन सह जनसंकल्प सभा में सादर आमंत्रित हैं। कहा कि लोग सभा में शामिल होकर इसे सफल बनायें।

### बसदह उमवि के विद्यार्थियों के बीच बैग वितरण




**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसदह में कुल 180 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग बांटा गया। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक हरेंद्र सिंह, सहायक अध्यापक अखिलेश सिंह, वार्ड सदस्य सोनी देवी ने सामूहिक रूप से बच्चों के बीच स्कूल बैग बांटा। प्रधानाध्यापक ने कहा कि सरकार स्कूली बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए हर सुविधा दे रही है। बच्चे स्कूल नियमित आकर पढ़ाई करें। बैग मिलने से बच्चों में उत्साह है।

### चैनपुर बीडीओ ने किया कई बूथों का निरीक्षण



**चैनपुर पलामू।** विधानसभा चुनाव को देख चैनपुर बीडीओ प्रदीप कुमार दास ने बूथ सं 65, 66, 67, 68 का क्रमवार निरीक्षण किया और बूथ पर सभी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बीडीओ ने बूथ पर पानी, बिजली, खाना, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था उपलब्ध करने को कहा। राउवि नरसिंहपुर पथरा क्लस्टर की सारी व्यवस्था की जिम्मेदारी स्वयंसेवक बिकास चौरसिया को दिया है। उन्होंने किसी भी व्यवस्था में कमी होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। निरीक्षण बीडीओ, प्राचार्य मो हामीद इमाम, स्वयंसेवक विकास चौरसिया आदि उपस्थित थे।

---

## दर-दर भटक रहे हैं डीलर से परेशान सैकड़ों लाभुक

स्वयं सहायता समूह के डीलर पर नहीं हो रहीं कार्रवाई जिम्मेदार अधिकारी हैं मौन

फोटो 22 डाल 18

प्रेम रंजन तिवारी

बॉटम के ऊपर

चैनपुर (पलामू)। प्रखंड क्षेत्र के पतरिया कला पंचायत के ग्रामीणों ने मंगलवार को दुर्गा स्वयं सहायता समूह व माता स्वयं सहायता समूह का डीलर पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को मौखिक शिकायत किया। साथ ही पूर्व में डीलर के विरुद्ध दिये गये लिखित आवेदन के बारे में जानकारी ली, लेकिन अधिकारी लाभुकों को कार्रवाई के नाम पर बोलने से कतराते नजर आये। साथ ही लाभुकों के पास बर्खास्तगी करने के नाम पर टाल मटोल करते नजर आये। मौके पर ग्रामीण शंभू चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, मानमती देवी, कौशल चौधरी, कृष्ण चौधरी, ललन चौधरी, रमेश सिंह, मनोज चौधरी, बीरेंद्र चौधरी, संजय पांडे, देवलाल सिंह, सीमा देवी

### आज थाने में जमा करायें अपने शस्त्र, नहीं तो लाइसेंस होगा रद्द

**मेदिनीनगर।** जिले में स्वच्छ शांतिपूर्ण, भयमुक्त व शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर पलामू जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को 23 अक्टूबर तक अपने-अपने शस्त्रों को अपने थाने में जमा कराने के निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशिरंजन ने दिया है। उन्होंने अनुज्ञप्तिधारियों से कहा है कि निर्धारित तिथि तक शस्त्र जमा नहीं करने वालों का लाइसेंस रद्द कर दिया जायेगा।

## हुसैनाबाद के भाजपा प्रत्याशी को आजसू ने किया समर्थन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** एनडीए गठबंधन के घटक दल आजसू ने गठबंधन धर्म का पालन कर हुसैनाबाद विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह को समर्थन देने की घोषणा की। आजसू के जिला उपाध्यक्ष कमलेश मेहता व केंद्रीय सदस्य रोहित महतो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। कमलेश ने कहा कि राज्य की भ्रष्ट एवं युवा विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने व राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए



आजसू पूरे दमखम के साथ भाजपा प्रत्याशी के लिए काम करेंगे। हुसैनाबाद का विकास उन्हीं के नेतृत्व में ही संभव है। कमलेश का दोनों कार्यकाल बेमिसाल रहा। सड़क बिजली शिक्षा चिकित्सा सिंचाई समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में इन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। कमलेश को विधानसभा पहुंचा कर सरकार के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे।

### एसडीपीओ ने किया विभिन्न चेक पोस्ट का निरीक्षण



**हुसैनाबाद पलामू।** नवपस्थापित आइपीएस सह एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने मंगलवार के शहर जपला नवीनगर रोड शहीद भगत सिंह कॉलेज के समीप एवं जपला पथरा रोड बने चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नियुक्त मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों को थाना क्षेत्र में घुसने वाले हर गाड़ियों को रिकॉर्ड रजिस्टर बनाने तथा गाड़ियों को गहनता पूर्वक चेक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष व भवयमुक्त कराना पुलिस की जवाबदेही है।

---

# बीएलओ घर-घर बांटेंगे मतदाता पर्ची

- विधानसभा चुनाव को ले विश्रामपुर सीओ राकेश तिवारी ने सिगसीगी मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** विधानसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को विश्रामपुर अंचलाधिकारी राकेश तिवारी सिगसीगी मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। जहां बिजली, पानी, शौचालय, आवागमन को सड़क आदि की सुविधा की समुचित जानकारी ली। वहीं विधानसभा चुनाव में बूथ पर मतदान कर्मी व मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, व्यवस्था को लेकर मतदान केंद्र सह विद्यालय के प्रधानाध्यापक को कई निर्देश



सिगसीगी मतदान केंद्र का निरीक्षण करते अंचलाधिकारी राकेश तिवारी व अन्य।

भी दिया। निरीक्षण को पहुंचे अंचलाधिकारी राकेश तिवारी ने कहा कि चुनाव पूर्व बूथ का निरीक्षण एक सामान्य प्रक्रिया है। जो मतदान कर्मी व मतदाताओं की सुविधा को लेकर व्यवस्था बनाने के लिए किया जाता है। ताकि कमियां पाए जाने की स्थिति में समय रहते उसे दूर किया जा सके। मतदान केंद्र पर मतदान को आने वाले स्थानीय लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़े उनके अनुकूल केंद्र पर सुविधा उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता है। सीओ ने कहा गया बीएलओ के द्वारा प्रत्येक घरों तक जाकर उत्तर पर्ची का वितरण किया जायेगा। इसके लिए उन्हें निर्देशित किया जा रहा है।

**कार्यक्रम की खास बातें :**
साथ ही मतदाताओं को पर्ची वितरण के क्रम में मतदान की तिथि, दिन व समय की जानकारी उपलब्ध कराएंगे। ताकि मतदाता समय पर पहुंचकर स्वच्छ व निर्भिक रूप से मतदान कर सके। बताया कि मतदाता पर्ची वितरण एक क्रम में बीएलओ को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि वैसे मतदाता कहीं अन्यत्र जाकर अपना घर स्थापित कर चुके हैं या उनकी मृत्यु हो चुकी है। उनका पर्ची वापस आने पर सरकारी प्रक्रिया के तहत उनका नाम हटाया जा सकेगा। पर्ची वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मौके पर अंचल निरीक्षक विजय चौबे, राजस्व कर्मचारी अरविंद मिश्रा सहित बीएलओ मौजूद थे।

---

#### उताकी में दो पक्षों में जमीन विवाद का मामला तूल पकड़ा

# दोनों पक्ष कर रहे जमीन का दावा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** पलामू जिला के पाटन प्रखंड क्षेत्र के उतकी पंचायत मे उतकी गांव के नवका टोला दो पक्षों में जमीन विवाद का मामला तूल पकड़ लिया है विवाद का कारण जमीन का स्वामित्व है जिस पर दोनों पक्ष दावा कर रहे हैं। मामला अदालत में विचाराधीन है,वहां भी दोनों पक्षों ने अपना-अपना दाबे प्रस्तुत कर रहे हैं, यह जमीन की मामला अदालत में लगभग 2 वर्ष से चल रहा है।

अदालत ने दोनों पक्ष में किसी तरफ फैसला नहीं दिया है, लेकिन इसके बावजूद भी दोनों पक्षों ने जमीन को लेकर हमेशा झगड़ा करने पर उतर आ रहे हैं यही तक नहीं बल्कि एक पक्ष ने तो पीएम



निर्माणाधीन मकान पर अपना दावा दिखाते लोग।

आवास योजना के तहत घर बनाना भी प्रारंभ कर दी है, जिसे लेकर दूसरे पक्ष की प्रभा देवी पति अनिल राम, रेखा देवी पति सुनील कुमार, धनपतिया देवी पति सत्येंद्र राम, पुष्पा देवी पति पिंटू राम सभी ने मिलकर घर के कार्य को रोकने का प्रयास किया। बल्कि घर में जोड़ाई किये ईट को भी तोड़ डाला, दोनों पक्षों में जमकर झगड़ा हुआ। पहला पक्ष का कहना है इस जमीन पर घर नहीं बनने देंगे, तो वही दूसरे पक्ष सोनू कुमार एवं भाई सुजीत कुमार पिता बैजनाथ मोची का कहना है कि मैं इस जमीन पर 46 वर्षों से रहते आ रहा हूं। इस जमीन का बंदोबस्त जिला में कराया है जिसका कागजात मुझे कुछ दिनों मिल जायेगा। वहीं मौजूद एक पक्ष के लोगों ने अपना जमीन का दावा करते हुए बताया कि यह जमीन का रशीद मेरे नाम से कट रहा है।

# निवार्ची कार्यालय से 100 मीटर की परिधि में किसी प्रकार का वाहन का प्रवेश वर्जित रहेगा : उपायुक्त साहिबगंज

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** समाहरणालय सभागार में प्रेस कांफ्रेंस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में प्रेस मीडिया वार्ता का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त साहिबगंज ने उपस्थित प्रेस मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि विधानसभा चुनाव के तहत साहिबगंज जिला अंतर्गत आने वाले तीनों विधानसभा क्रमशः 01-राजमहल, 02-बोरियों तथा 03-बरहेट क्षेत्र के लिए द्वितीय चरण में मतदान 20 नवंबर को पूर्वाह्न 07:00 से 05:00 बजे अपराह्न के बीच संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण के लिए 22 अक्टूबर से नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नाम निर्देशन दाखिल करने की अंतिम तिथि 29 अकटूबर है। समीक्षा की तिथि 30 तथा नाम वापसी की तिथि 1 नवंबर है। मतदान की तिथि 20 अक्टूबर तथा मतगणना की तिथि 23 नवंबर है। उपायुक्त साहिबगंज में बताया कि नामांकन प्रक्रिया पूर्वाह्न 11:00 से 3:00 बजे अपराह्न तक संपादित होगा। नामांकन पत्र शुल्क सामान्य जाति के लिए 10000 एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 5000 का नाजीर रसीद कटा कर नामांकन पत्र प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नामांकन के समय प्रत्येक प्रत्याशी के साथ चार व्यक्ति निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में प्रवेश कर सकते है। निवार्ची कार्यालय से 100 मीटर की परिधि में किसी प्रकार का वाहन का प्रवेश वर्जित रहेगा। उन्होंने बताया कि सभी राजनीतिक दल को आदर्श आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार दास एवं प्रेस मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# दुमका : डाक निरीक्षक से परेशान पोस्टमैन ने फांसी लगाकर दी जान

पाकुड़ के डाक निरीक्षक पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज





खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** प्रधान डाकघर में पोस्टमैन 43 वर्षीय अंजन कुमार दास ने सोमवार की रात रसिकपुर में मुनि बाबा कुटिया के पीछे घर के रसोईघर में फांसी लगाकर जान दे दी। मंगलवार की घरवालों ने शव लटका देख नगर थाना पुलिस को सूचित किया। मरने से पहले अंजन दास ने एक सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें पाकुड़ में डाक निरीक्षक समीर मंडल पर प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप लगाया। पुलिस ने पत्नी बबली दास के बयान पर डाक निरीक्षक पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया है। अंजन दास पहले शिकारीपाड़ा के बालीडीह उपडाकघर में काम करता था। छह माह पहले ही प्रधान डाकघर में योगदान किया था। सोमवार की रात पत्नी व दो बच्चों के साथ खाना खाया। खाने के बाद जब घर के सभी सदस्य सो गए तो रसोईघर में जाकर फांसी लगा लिया। सुबह छह बजे पत्नी की आंख खुली तो बेड पर पति को नहीं देखकर आवाज लगाई। किसी तरह का जवाब नहीं आने पर बाहर निकलकर देखा तो रसोईघर में पति का शव लटक रहा था। नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

**क्या लिखा है सुसाइट नोट में**

पुलिस जब शव कब्जे में ले रही थी, तभी चूल्हा के पास उसकी नजर गई। वहां पर रखे सुसाइड नोट को खोलकर देखा तो मौत का कारण सामने आ गया। नोट में लिखा था कि पाकुड़ में कार्यरत डाक निरीक्षक समीर मंडल तीन साल से पैसा कमाने का दबाव डाल रहा था। कई बार अपने खाते से पैसा निकालकर दिया भी। इसके बाद भी और पैसों की मांग कर रहा था। कुछ दिन पहले समीर से मिलने के लिए पाकुड़ गया। वहां पर प्रताड़ित कर भगा दिया। पत्नी के बैंक खाते से किसी तरह का मतलब नहीं है। मौत के लिए पत्नी दोषी नहीं है। डाक निरीक्षक की प्रताड़ना से तंग आकर जान दे रहा हूं।

## एक नजर में

### बोकारो एसपी ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि



बोकारो। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर बोकारो पुलिस केन्द्र में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी सहित चास के एसडीपीओ के अलावा पुलिस उपाधीक्षक पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षण उपाधीक्षक परिचारी प्रवर परिचारी थाना प्रभारी पुलिस एसोसिएशन मेंस एसोसिएशन के शाखा पदाधिकारी एवं अन्य पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए शहीद हुए जिले के कुल 20 शहीदों के सम्मान में श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही शहीदों के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### दुमका : मतदाता जागरूकता को लेकर चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



दुमका। स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को समाहरणालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने मतदाता हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर कर मतदाता हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की। इसके बाद उपायुक्त समेत अन्य अधिकारियों ने अपने वाहनों में स्टीकर भी चिपकाया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदाताओं को हस्ताक्षर अभियान से जोड़ना एवं उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना बताया। पूरे जिले में स्वीप कोषांग के तहत विभिन्न कार्यक्रम व्यापक रूप से चलाया जा रहा है। अधिक से अधिक मतदाता इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे, यह हमारा प्रयास है। लोकतंत्र के महापर्व में आप सभी मतदाता अवश्य भाग लें। अपने मताधिकार का प्रयोग करें, यह आपका अधिकार है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की। इस अभियान में स्वीप के नोडल अधिकारी रवि जैन, सहायक समाहर्ता सहित अन्य कर्मी एवं कई मतदाता उपस्थित थे।

### साहिबगंज : मोतीझरना पंचायत में मंगलवार को मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया



तालझारी। प्रखंड के मोतीझरना पंचायत में मंगलवार को मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। तालझारी प्रखंड सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार के निदेर्शानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इसके तहत प्रखंड मोतीझरना पंचायत के बुथ नंबर 186 में मतदाता शपथ दिलाकर सभी लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इसमें जागरुकता अभियान में जेएसएलपीएस और एसएचजी ग्रुप के सदस्यों ने योगदान दिया । मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर निकाले गए रैली में शामिल महिलाओं ने आपका वोट आपको ताकत दोनों मिलकर बने देश की ताकत, जो बांटे दारू, साड़ी, नोट उनको न दो कभी वोट, आप भी जाएं अपने परिवार को भी ले जाएं लेकिन वोट जरूर देकर आएं जैसे नारों लिखे हाथ में पोस्टर लेकर और नारा लगा कर लोगों से मतदान अवश्य करने की अपील किया। मौके पर रोजगार सेवक शविणा प्रविण व अन्य मौजूद थे।

### दुमका : सरकारी राशि गबन का पांच साल से फरार आरोपी गिरफ्तार, गया जेल


दुमका। अवैध वसूली व सरकारी राशि गबन के आरोप में नगर थाना पुलिस पांच साल बाद आरोपी एक्सेन वेंचर, कम्प्यूटर ऑपरेटर संजीत कुमार आर्या को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दी है। पुलिस आरोपी को देवघर के पालोजारी से गिरफ्तार करने में सफल रही। गिरफ्तार आरोपी संजीत कुमार आर्या देवघर जिला के पालोजोरी थाना क्षेत्र के शिमलाचक( खागा) गांव निवासी है। आरोपी कम्प्यूटर ऑपरेटर जिला परिवहन कार्यालय में कार्यरत था। मामले में तत्कालीन लिपिक, परिवहन कार्यालय विनय कुमार कर्ण के लिखित शिकायत पर प्राथमिकी 16 जनवरी 2019 में दर्ज हुई थी। लिपिक ने आवेदन में प्रारंभिक तौर पर 182 उपभोक्ता से निर्धारित शुल्क से अधिक अवैध वसूली करते हुए कुल 6,52,700 रुपए साजिशन सरकारी राशि गबन का आरोप लगाया था। आरोपी कम्प्यूटर ऑपरेटर पर वाहन चालक का लाईसेंस नवीनकरण करने के एवज में निर्धारित शुल्क 400 के जगह 2500 रुपए की वसूली करता था। आरोपी ऑपरेटर चालक के लाईसेंस की अवधि समाप्त होने पर पैसे लेकर लाईसेंस की वैद्यता बढ़ा इंट्री कर देता था। जिससे की अतिरिक्त पैनाल्टी नहीं लग सके। जिसकी एक प्रति उपभोक्ता को और दूसरी प्रति मूल दस्तावेज में लगा देते था। जिससे वास्तविक लाईसेंस की जांच पर किसी को किसी प्रकार का शक नहीं हो। मामला प्रकाश में आने पर जिला परिवहन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार पांच सदस्यीय जांच कमेटी गठित हुई। जांच समिति ने भी जांच के दौरान आरोप सही पाया और कई रसीद पाया। जिसके बाद तत्कालीन लिपिक के लिखित आवेदन पर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी में पुलिस जुटी थी।

### रामगढ़ के बड़गांव मे अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की बैठक संपन्न



बेरमो। मंगलवार को रामगढ़ के बड़गांव में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई। जिस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय तैलिक महासभा के महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह चन्द्रपुरा प्रखंड के पूर्व प्रमुख अनिता गुप्ता के अलावे रामगढ़ जिला अध्यक्ष धनंजय प्रसाद, युवा जिला अध्यक्ष रविरंजन गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष युगेश्वर साव, जिला सचिव रितेश गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहें। बैठक की शुरूआत विधिवत दीप प्रज्वलित कर तथा अतिथियों को माला पहना और गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। घंटो चले इस बैठक में तैलिक साहू समाज के उत्थान पर चर्चा के साथ साथ चुनाव में भागीदारी पर भी गहन मंथन किया गया। मौके पर बोलते हुए गुप्ता ने कहा कि राजनिती के मामले में हमारे समाज को हमेशा हासिये पर धकेला जाता है इस लिए जरुरत है कि राज्य और केन्द्र की राजनीति में हमारा समाज बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले। मौके पर उपरोक्त पदाधिकारियों के अलावा भारी संख्या में तैलिक साहू समाज की महिला, पुरुष शामिल थी।

### गोमिया विधानसभा क्षेत्र से आजसु प्रत्याशी डॉ लंबोदर महतो के नाम खरीदा गया पहला प्रपत्र



बेरमो। तेनुघाट स्थित बेरमो अनुमंडल कार्यालय में विधानसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया की शुरूआत हो गई है। जिसके साथ ही नामांकन प्रपत्रों कि खरीद बिक्री भी शुरू हो गई। पहले प्रपत्र आजसु पार्टी के वरीय नेता श्रीधर महतो ने गोमिया विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी लंबोदर महतो के नामांकन कराने हेतु प्रपत्र की खरीदारी की। नामांकन प्रपत्र खरीदारी करने के दौरान श्रीधर महतो ने बताया कि एनडीए प्रत्याशी लंबोदर महतो के नामांकन हेतु चार सेट में प्रपत्रों की खरीदारी की गई है। जो 24 अक्टूबर को नामांकन करेंगे।

## स्पीड न्यूज

### श्यामा माई मंदिर में काली पूजनोत्सव के संयोजक बने मिहिर



बोकारो। मैथिली कला मंच काली पूजा ट्रस्ट की सेक्टर 2डी में काली उत्सव के सफल आयोजन को लेकर कृष्ण चंद्र झा की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में एक उपसमिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से पूजा संयोजक मिहिर कुमार झा को बनाया गया। राजू ने कहा कि इस बार भी माता को मधुबनी से आए कलाकार विलट् राम व सहयोगियों द्वारा रसन चौकी से मनाएंगे। इसके अलावा कोषाध्यक्ष रौशन कुमार तरुण सह संयोजक सुभद्र चौधरी रामबाबू पूजा प्रभारी केसी झा शैलेंद्र मिश्र बीएन ठाकुर व सोनू सांस्कृतिक कार्यक्रम व पंडाल व्यवस्था की जिम्मेदारी संयोजक, सहसंयोजक व महामंत्री को संयुक्त रुप से दी गई। महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मिथिला के प्रसिद्ध गीतकार कलाकार मधुबनी एवं दरभंगा से आएंगे। मीडिया प्रभारी गंगेश कुमार पाठक ने कहा कि 31 अक्टूबर को पार्थिव शिवलिंग पूजन हनुमत ध्वज सांस्कृतिक कार्यक्रम व काली पूजा के बाद 1 अक्टूबर को महाआरती महाभोग वितरण किया जाएगा। मौके पर विश्वनाथ झा बाल कृष्ण झा दिलीप ठाकुर हरिश्चंद्र झा गोविंद कुमार झा अविनाश कुमार झा छोटन झा सुशील कुमार झा जगन्नाथ झा आदि थे।

### दुमका : नामांकन के पहले दिन 16 नाजीर रसीद कटे

दुमका। विधानसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने प्रेसवार्ता कर कहा कि दूसरे चरण के लिए दुमका, जरमुंडी, शिकारीपाड़ा एवं जामा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निवार्ची पदाधिकारी द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। पहले दिन किसी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिला नहीं किया है। हलांकि दुमका विधानसभा के लिए 4, जरमुंडी के लिए 4, शिकारीपाड़ा के लिए-3 एवं जामा विधानसभा से-5 नाजीर रशीद खरीदा गया है। जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में दूसरे चरण में मतदान 20 नवबंर को होगा। नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर तक निर्धारित है। जांच 30 अक्टूबर को और नाम वापसी की तिथि 1 नवंबर को निर्धारित है। मतदान 20 नवंबर और मतगणना की तिथि 23 नवंबर निर्धारित है।

**जेबीकेएसएस के प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी, सात नामों पर लगी मुहर**

# हटिया विधानसभा सीट से फरहाना खातून लड़ेगी चुनाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** झारखंड बचाओ क्रांति सेना समिति (जेबीकेएसएस) ने विधानसभा चुनाव हेतु अपने प्रत्याशियों के नाम की दूसरी सूची जारी कर दी है। इस सूची में सात विधानसभा के लिए उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। सूची में पहला नाम फरहाना खातून का है जिन्हें हटिया विधानसभा से टिकट मिला है। वहीं एसटी रिजर्व सीट खिजरी विधानसभा से डॉ मीनाक्षी कुजूर एवं एससी रिजर्व सीट जुगसलाई विधानसभा से विमल किशोर बैठा को टिकट दिया गया है। अनारक्षित सीट जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा से सुग्रीव मुखी, गोमिया विधानसभा से मदन साहू, पोडैयाहाट विधानसभा से संजय यादव एवं नीरसा विधानसभा से मोहम्मद इस्लाम अंसारी को समिति द्वारा टिकट दिया गया है। जेबीकेएसएस की केन्द्रीय समिति द्वारा एक पत्र जारी कर इसकी औपचारिक घोषणा की गई है। केन्द्रीय अध्यक्ष संजय मेहता गुरुवार को बड़कागांव से अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे।

### जयराम के बेरमो में इंट्री से चुनाव होगा दिलचस्प



बेरमो। बेरमो विधानसभा चुनाव इस बार काफी दिलचस्प होने वाला है। यहां भाजपा से पूर्व सांसद रवीन्द्र कुमार पांडेय कांग्रेस से वर्तमान विधायक कुमार जय मंगल सिंह और जेएलकेएम के अध्यक्ष जयराम महतो चुनाव लड़ेंगे के कयास लगाए जा रहे हैं। एक तरफ कांग्रेस के वर्तमान विधायक कुमार जय मंगल सिंह वोटरों का नब्ज टटोलने में माहिर है ठीक दूसरी तरफ भाजपा खेमे से अनुभवी राजनीतिज्ञ पांच बार के सांसद रह चुके रवींद्र कुमार पांडेय होंगे वही लोकसभा चुनाव में जबरदस्त प्रदर्शन करने वाले जेएलकेएम सुप्रीमों जयराम महतो ने भी एंट्री मार दी है। चुनाव का परिणाम क्या होगा यह तो आने वाला वक्त बताएगा लेकिन एक बात दावे के साथ कहा जा सकता है की बेरमो विधानसभा चुनाव में कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है।

# बोकारो स्टील प्लांट के हॉट स्ट्रिप मिल में ई-लर्निंग सेंटर का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के हॉट स्ट्रिप मिल में ई लर्निंग सेंटर का उद्घाटन ईडी मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद ने किया। मौके पर सीजीएम सी एंड ए विजय कुमार सीजीएम हॉट स्ट्रिप मिल वीके सिंह के साथ विभाग के वरीय अधिकारी तथा कर्मचारीगण मौजूद थे। लर्निंग सेंटर में ई अभिज्ञान फ्यूचर स्किल्स प्राइम लिंकडिन लर्निंग व अन्य प्लेटफार्मों के माध्यम से उपलब्ध ऑनलाइन पाठ्यक्रमों तथा विभिन्न डिजिटल लर्निंग संसाधनों के माध्यम से ज्ञान अर्जित किया जा सकेगा। सीजीएम वीके सिंह ने इस लर्निंग सेंटर के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह लर्निंग सेंटर कर्मचारियों को उनके कामकाजी समय में अपनी शिक्षा और विकास संबंधी लक्ष्यों को भी पूरा करने में सहायता प्रदान करेगा। इन डिजिटल संसाधनों से कर्मचारी अपने भूमिकाओं से संबंधित कौशल और ज्ञान को बढ़ा सकेंगे। ईडी राजन प्रसाद ने कार्यस्थल के करीब एक ऐसी सुविधा की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने हॉट स्ट्रिप मिल और सी एंड ए विभाग के टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि लर्निंग सेंटर हमारे कार्मिकों के चहुंमुखी विकास और परिचालन उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# नशे के कारोबार करने वालों पर होंगी सख्त कार्रवाई : एसपी गोड्डा



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** एसडीपीओ गोड्डा अशोक रविदास ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर जिला मे चल रहे नशे के कारोबार करने वाले पर कार्रवाई कि जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आसन्न विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गोड्डा अनिमेष नैथानी के निर्देश पर गोड्डा जिला अंतर्गत हर थाना क्षेत्र और राज्य की सीमावर्ती चेक पॉइंट्स पर तलाशी अभियान चलाई जा रही है जिसमें अवैध मादक पदार्थों के कारोबार करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है और नित्य ही कोई ना कोई नशे के कारोबारी पकडे जा रहे हैं इसी क्रम मे गुप्त सुचना के आधार पर आज नगर थाना गोड्डा की पुलिस टीम ने अंचल अधिकारी गोड्डा की उपस्थिति मे छापेमारी की कार्रवाई मे ग्राम वेलारी के करम चंद शाह के घर से 850 ग्राम गांजा जब्त किया गया और करम चंद साह को हिरासत मे लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। प्रेस वार्ता मे पुलिस निरीक्षक नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, पुलिस निरीक्षक गोड्डा सदर प्रभाग मधुसूदन मोदक, पुअनी विपिन कुमार यादव आदि शामिल थे। आगामी चुनाव को लेकर हर दिन नशे के कारोबार करने वाले पकड़े जा रहे है जिसमें नकली अवैध शराब, कच्ची दारू, स्पिरिट, महुआ आदि जब्त किये जा रहे है।

# राजमहल विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी एम टी राजा ने नामांकन पत्र की खरीदी

एम टी राजा जिंदाबाद के नारों के साथ हजारों की संख्या में कार्यकर्ता ने उन्हें पुष्प-माला देकर किया स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के राजमहल विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी एम टी राजा ने नामांकन पत्र की खरीदारी की एवं अपने कार्यकर्ताओं के जीत की विक्ट्री साईन दिखाते बाहर आए। उनके कार्यकर्ता ने उन्हें झामुमो के जिला अध्यक्ष शाहजान अंसारी के अध्यक्षता में जो सभा हो रही थी वहां लेकर गये। एम टी राजा को देखते ही कार्यकर्ताओं में जोश भर गया। एम टी राजा जिन्दाबाद, शिबू सोरेन जिन्दाबाद, हेमन्त सोरेन जिन्दाबाद, विजय हांसदा जिन्दाबाद के नारों से पूरी सभा गुंजायमान हो गया। मंच का संचालन साहिबगंज जिला के अध्यक्ष शाहजान अंसारी कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि हर बुथ में अपनी बढ़त रहनी चाहिए। आज से क्या अभी से मेहनत करना शुरू कर देना होगा। उन्होंने 24 अक्टूबर को नामांकन में भाड़ी संख्या में भीड़ लाने का बात कही। वहीं सांसद विजय हांसदा ने कहा कि राजमहल लोकसभा चुनाव 2024 में जिस तरह ऐतिहासिक जीत हुई है उसी तरह विधानसभा चुनाव में एम टी राजा की जीत होगी। वहीं एम टी राजा ने सभा को सम्बोधित करते हुए सबको जोहार कहा। उन्होंने कहा कि आप लोग इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी विजय हांसदा को जीता कर दिल्ली भेजने का काम किया। इस बार का जो विधानसभा का चुनाव होगा उसमें सिर्फ और सिर्फ विकास की बात होगी, झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी, हेमन्त भैया, कल्पना मैडम अगर हमारे ऊपर विश्वास किया है तो उसके विश्वास पर खरा उतरूंगा। इतना ही हमारे राजमहल विधानसभा क्षेत्र के भाई-बहन, चाचा-चाची, मामा -मामी, जो भी हमारे विधानसभा के है, हर बार की तरह अपने प्यारे राजा को जीत दिलाने में सहभागी बने। राजमहल का लाल वादा करता है कि अगर आपका राजा की जीत होगी तो उत्तर वाहिनी गंगा की तरह हमारे क्षेत्रों में भी विकास की गंगा बहेगी। प्रखंड अध्यक्ष मो तमरूद्दीन, घीसू सेख, मो बारीक, सुरेंद्र यादव, बरकत सेख, मो कादीर, अजय दास, मो बेचन, मारूफ गुडु, मो आजाद, मो एकरामुल, मो खट्टू, एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जामा से टिकट दिये जाने की खबर पर झामुमों कार्यकर्त्ताओं ने डॉ लुईस मरांडी का किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**विरोध करते झामुमों कार्यकर्त्ता।**

**दुमका।** भाजपा छोड़ झामुमों का दामन थामने वाली डॉ लुईस मरांडी का विरोध में झामुमों कार्यकर्त्ता उतर गये है। कार्यकर्त्ताओं का विरोध मीडिया में आए जामा विधानसभा सीट से डॉ लुईस मरांडी के उम्मीदवारी की संभावित खबरें पर की। कार्यकर्त्ता मंगलवार को जामा चौक पर एकजुट होकर लुईस मरांडी को जामा से प्रत्याशी बनाये जाने का विरोध किया। कार्यकर्त्ता गो बैक-गो बैक का नारा लगा रहे थे। झामुमों कार्यकर्ता दुर्गा मुर्मू ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जामा की जनता पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी को प्रत्याशी बनाये जाने का विरोध करती है। अगर इसके बावजूद भी जामा विधानसभा से पूर्व मंत्री को प्रत्याशी बनाया जाता है, तो उन्हें प्रत्येक गांव में विरोध का सामना करना पड़ेगा। यहां बता दें कि सोमवार को देर शाम डॉ लुईस मरांडी को जेएमएम का पट्टा पहनाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पार्टी में शामिल किया है। इससे पूर्व से ही सोशल मीडिया में जामा से डॉ लुईस मरांडी को टिकट दिये जाने की चर्चा जोरों पर थी। क्योंकि पूर्व विधायक सीता सोरेन के भाजपा में चले जाने से जामा सीट खाली हो चुका था। दुर्गा मुर्मू ने कहा कि अगर हेमंत सोरेन यहां से लड़ेंगे तो उनको जिताने का कार्य किया जायेगा। चुकी यह सीट गुरुजी का है और प्रत्याशी भी उनके ही परिवार का होना चाहिए। मौके पर मुखिया कमीशन सोरेन, निर्मल किस्कू, गौतम कुमार दर्वे, बुलेश यादव, प्रदीप दर्वे, सुजीत यादव, गुड्डू यादव, धनेश्वर दर्वे, अशोक यादव, लक्ष्मी मंडल आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बोकारो डीसी ने की महिलाओं से मतदान करने की अपील



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत डीईओ सह डीसी विजया जाधव ने चास शहरी क्षेत्र की महिला समूह के साथ मतदान पर चर्चा की। चर्चा में शामिल सभी महिला सदस्यों से शहरी उदासीनता से बाहर निकल मतदान करने की अपील की। उन्हें स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा। मतदान केंद्रों पर उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं बिजली पंखा पर्याप्त रोशनी के लिए लाइट पीने का शुद्ध पानी दिव्यांगजनों के लिए रैंप सहयोग के लिए वालंटियर आदि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 85 प्लस बुजुर्गों/ दिव्यांगजनों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने होम वोटिंग की सुविधा रखी है। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं की सहूलियत को लेकर जारी विभिन्न एप वोटर हेल्पलाइन एप सी विजिल एप सक्षम एप आदि के संबंध में विस्तार से बताया।


**कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह उपायुक्त, गुमला।**

**(वाहन कोशांग, विधान सभा आम निर्वाचन, 2024)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा जिला परिवहन कार्यालय, गुमला में निबंधित एवं गुमला जिलान्तर्गत परिचालित सभी व्यवसायिक वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है उनके वाहनों यथाः–बस, ट्रक, टाटा मैजिक, विंगर, सवारी, सिटी राईड, बोलेरो, स्कार्पियो, सवारी इत्यादि को आसन्न विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के सफल संचालन में प्रयुक्त किया जाना है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 में प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए वाहन का अधियाचना आदेश निर्गत किया जा रहा है। इस आदेश की अवहेलना करने की स्थिति में आपके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 167 के अंतर्गत अभियोजन दायर किया जा सकता है, जिसकी परिणति 1 वर्ष तक के सश्रम कारावास अथवा अर्थदण्ड अथवा दोनों हो सकती है।

अतः सभी व्यवसायिक वाहन मालिकों को निदेशित किया जाता है कि आप अपने वाहन से संबंधित सभी मूल कागजात/बैंक विवरणी/ड्राइविंग लाइसेंस, मोबाईल संख्या/चालक का वोटर आई0डी0 कार्ड आदि को जिला परिवहन कार्यालय, गुमला (वाहन कोशांग, नया समाहरणालय, भवन, चण्डाली, गुमला) में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर लॉगबुक का संधारण करा लें, ताकि आपके वाहन को मतदान दलों अथवा चुनाव अत्यावश्यक कार्य में सम्बद्ध किया जा सके।

इसे सख्त ताकिद जानें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, गुमला।

PR 339391 Election(24-25)D

खबर मन्त्र

रांची. बुधवार. 23 अक्टूबर 2024


अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# जम्मू का जख्म

गांदरबल में हुए आतंकी हमले में एक सुरंग निर्माण स्थल पर काम करने वाले छह श्रमिकों और एक डॉक्टर की हत्या कर दी गई। इसमें संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है कि पाकिस्तान भारत, विशेषकर जम्मू-कश्मीर में अमन-चैन को नुकसान पहुंचाने की लगातार कोशिश करता रहेगा। चाहे कुछ भी हो, वह अपनी नापाक नीति से बाज नहीं आने वाला। यह कम चिंताजनक बात नहीं कि यह हमला इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके पाकिस्तानी समकक्ष इशाक डार के बीच अनौपचारिक बातचीत के कुछ ही दिन बाद हुआ है। पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के लोगों ने उत्साहपूर्वक मतदान करके लोकतंत्र और शांति-विकास में अपनी गहरे विश्वास को अभिव्यक्त किया था। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों ने शांतिपूर्ण मतदान व केंद्रशासित प्रदेश में सरकार बनने के बाद अपनी सतर्कता शायद कुछ कम कर दी होगी। कुछ महीनों पहले जम्मू क्षेत्र को लगातार हिंसा का शिकार बनाने वाले आतंकवादियों ने रणनीति बदलकर कश्मीर को फिर से निशाने पर ले लिया है। इन खतरनाक मंसूबों से आतंकवादियों ने सरकार व सुरक्षाबलों को चौंकाया है। इसमें दो राय नहीं कि आतंकवादियों ने यह साजिश सुनियोजित ढंग से की है। जहां इस हमले का मकसद एक बुनियादी ढांचा परियोजना को बाधित करके घाटी के विकास को बाधित करना है, वहीं अन्य राज्यों से आए श्रमिकों की हत्या करके भारतीय संघवाद के ढांचे पर भी चोट करना भी है। ताकि अन्य राज्यों के श्रमिक डर के कारण घाटी न आ सकें। ऐसे हालात में केंद्र तथा केंद्रशासित प्रदेश की सरकार को शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिये मिलकर कार्य करने की जरूरत है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-2-4-6

वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा शुभ रहेगी। काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-2-4-6

कर्क : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। पारिवारिक विवाद टालें। अच्छे समय का इन्तजार करें। शुभांक-1-5-6

सिंह : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय व प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7

कन्या : कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। शुभांक-3-4-7

तुला : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-3-5-6

वृश्चिक : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। कर्ज लेने से बचें। शुभांक-3-5-7

धनु : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-2-4-6


मकर : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-1-5-8

कुंभ : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-7

मीन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। क्रामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

# भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण की समस्या





- डॉ सत्यभान

> शहरों में भीड़भाड़ वाली सड़कें वाहनों की औसत गति को कम करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप वाहनों से होने वाला उत्सर्जन अधिक होता है, जिससे वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ता है और अनियोजित शहरीकरण, औद्योगीकरण और जनसंख्या वृद्धि के साथ मिलकर वायु प्रदूषण के स्तर को बढ़ाकर मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहा है, जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा हो रही हैं।

**दुनिया** के सबसे खराब वायु प्रदूषण वाले 30 शहरों में से 21 भारत में हैं। दुनिया भर के राजधानी शहरों में सबसे खराब वायु गुणवत्ता नई दिल्ली में है। नई दिल्ली में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम 2.5) की सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों से लगभग 10 गुना अधिक है। इन शहरों में मौजूद भारी प्रदूषण यहाँ रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है, जो इन्हें हर गुजरते दिन के साथ कहीं ज्यादा बीमार बना रहा है। यदि जीवन प्रत्याशा के लिहाज से देखें तो भारतीय शहरों में मौजूद प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है। जो हर भारतीय से उसके जीवन के औसतन 5.3 वर्ष छीन रहा है। भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण की समस्या के बीच सम्बंध आर्थिक विकास के लिए शहरी विरासत के सतत संरक्षण और उपयोग के विचार पर टिका है। टिकाऊ प्रथाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करके, शहर एक साथ वायु प्रदूषण का समाधान कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, ऐतिहासिक इमारतों का अनुकूली पुनः उपयोग नए निर्माण की आवश्यकता को कम कर सकता है, जिससे धूल और सम्बंधित वायु प्रदूषक कम हो सकते हैं। इसके अलावा, ऐतिहासिक शहरी क्षेत्रों में स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने से आर्थिक गतिविधियों को प्रदूषण-गहन उद्योगों से दूर पर्यटन जैसी अधिक टिकाऊ प्रथाओं की ओर स्थानांतरित किया जा सकता है।

भारत जैसे विकासशील राष्ट्र, जहाँ शहरीकरण जारी है, पर्याप्त परिवहन प्रबंधन, उपयुक्त सड़कें और उद्योगों के अनियोजित वितरण जैसी सेवाओं की कमी के कारण वायु प्रदूषण की बढ़ती समस्याओं से पीड़ित हैं। शहरों में भीड़भाड़ वाली सड़कें वाहनों की औसत गति को कम करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप वाहनों से होने वाला उत्सर्जन अधिक होता है, जिससे वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ता है और अनियोजित शहरीकरण, औद्योगीकरण और जनसंख्या वृद्धि के साथ मिलकर वायु प्रदूषण के स्तर को बढ़ाकर मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहा है, जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा हो रही हैं। इसके अतिरिक्त, इन शहरी क्षेत्रों में जटिल और गहन मानवीय गतिविधियाँ प्रदूषकों के उत्सर्जन को बढ़ाकर समस्या को बढ़ा रही हैं। प्रदूषण और धुंध से निपटने के प्रयास अक्सर शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित होते हैं। इनकी रोकथाम के लिए सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना या उद्योगों और निर्माण स्थलों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करना जैसे उपायों पर ही ध्यान केंद्रित किया जाता है।

वहीं, आमतौर पर इन उपायों में ग्रामीण स्त्रोतों की अनदेखी कर दी जाती है। यही वजह है कि अपने इस अध्ययन में प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए शोधकताओं ने क्षेत्रीय स्तर पर प्रयास करने का सुझाव दिया है। निजी स्वामित्व वाली ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण को प्रोत्साहित करने से मौजूदा शहरी परिदृश्य को बनाए रखते हुए, वायु प्रदूषण में योगदान देने वाले शहरी फैलाव को कम किया जा सकता है। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सतत शहरीकरण के लिए आवश्यक नीतियाँ बनानी अत्यंत जरूरी है। भारतीय शहरों में छोटे व्यवसायों और कारीगरों को समर्थन देने के लिए माइक्रोक्रेडिट और ऋण जैसे वित्तीय उपकरण अधिक से अधिक मात्रा में उपलब्ध कराए जा सकते हैं, जो प्रदूषणकारी गतिविधियों से दूर जाने को प्रोत्साहित करेंगे। इसके अलावा, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के उपयोग के लिए वित्तीय प्रोत्साहन राष्ट्रीय और नगरपालिका दोनों स्तरों पर लागू किया जा सकता है।

पर्यावरण सम्बंधी नीतियों को शहरी नियोजन को विरासत संरक्षण के साथ एकीकृत करना चाहिए, जैसा कि चीन के प्राचीन शहर पिंग याओ जैसे सफल मामलों से उजागर हुआ है। ऐसी एकीकृत नीतियों के माध्यम से शहरी फैलाव का प्रबंधन सीधे वायु प्रदूषण में कमी पर प्रभाव डाल सकता है। सामाजिक आवास या एसएमई के लिए ऐतिहासिक इमारतों के अनुकूली पुनः उपयोग को प्रोत्साहित करने से निर्माण-सम्बंधी वायु प्रदूषण को कम करने में योगदान मिल सकता है जो भारतीय शहरी केंद्रों में प्रमुख है। ऐतिहासिक शहरी क्षेत्रों के भीतर स्थानीय आर्थिक विकास का समर्थन करने के लिए वित्तीय नीतियों को आगे बढ़ाने से भारी उद्योगों पर निर्भरता कम हो सकती है और सांस्कृतिक उद्यमों और टिकाऊ पर्यटन जैसे कम प्रदूषण वाले क्षेत्रों को बढ़ावा मिल सकता है। भू-स्थानिक तकनीकों के साथ उपग्रह डेटा जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन तथा सम्बंधित स्वास्थ्य प्रभावों के स्थानिक-अस्थायी वितरण पैटर्न की निगरानी और मानचित्रण में बहुत मददगार हो सकता है। इसलिए, भारत जैसे विकासशील देशों में स्मार्ट शहरों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए, प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों से बचने के लिए टिकाऊ शहरी पर्यावरण के लिए उचित शहरी नियोजन और टिकाऊ उपाय किए जाने चाहिए।

राष्ट्रीय और स्थानीय स्तरों के बीच नीतिगत सामंजस्य और समन्वय यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि शहरी विरासत संरक्षण के वित्तपोषण के लिए नवीन रणनीतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, जिससे स्थायी विकास को बढ़ावा देकर अप्रत्यक्ष रूप से वायु गुणवत्ता प्रभावित हो।

शहरी विकास के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो टिकाऊ आजीविका को बढ़ावा देने के लिए नवीन वित्तीय उपकरणों के साथ हमारी ऐतिहासिक शहरी विरासत के संरक्षण को एकीकृत करें। भारतीय शहर अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं से सीख सकते हैं और ऐसी नीतियों को अपना सकते हैं जो संरक्षण प्रयासों को आर्थिक प्रोत्साहन के साथ जोड़ते हैं। इसके अतिरिक्त एक शहरी वातावरण को बढ़ावा दिया जा सकता है जो न केवल अपने अतीत को संरक्षित करता हो बल्कि अपने नागरिकों के लिए एक स्वस्थ, कम प्रदूषित भविष्य भी सुरक्षित करता हो। चूँकि शहरी भारत विरासत के संरक्षण और सतत विकास की आवश्यकता के मध्य खड़ा है, ऐसे में नवीन वित्तपोषण तंत्र और नीतियाँ हैं अपनाना अपेक्षित है, जो इसके शहरों को सभी के लिए लचीले, समावेशी और प्रदूषण मुक्त आवासों में बदलने में सक्षम बनाएंगी।

## लेटर टू एडिटर

### रेवड़ी संस्कृति

**आज** रेवड़ी संस्कृति के दौर में प्रासंगिक लगा। आज राजनीति को रेवड़ी हाथ लग गई है और वह लगातार जनता को अपने मतलब के लिए बेवकूफ बनाकर सत्ता सुख भोग रही है। लोग भी लालच में इतने अंधे हो गए हैं कि उन्हें अपने मतलब के सिवा कुछ और नहीं सूझ रहा। आज एक नीतिगत और जनकल्याणकारी घोषणा पत्र की जरूरत है जो लालच नहीं विकासवादी हो।

**-अमृतलाल सिंह, रांची**

### स्वच्छता जिम्मेदारी

**पीएम** शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान महात्मा गांधी के स्वच्छता के सपनों को साकार करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हालांकि, कुछ राज्यों में स्वच्छता के मामले में सुधार की कमी है। डब्लू एच ओ के अनुसार, भारत में हर व्यक्ति औसतन 6500 रुपये बीमारियों पर खर्च करता है। हमें मिलकर इस दिशा में कदम उठाने की आवश्यकता है।

**- रवि, रांची**

## एक्स - ट्वीट

**काशी** और उत्तर प्रदेश सहित देशभर के नौजवानों से मेरा आग्रह है कि वे राजनीति की दिशा बदलने वाले उस अभियान की धुरी बनें, जिसका मैंने लाल किले से आह्वान किया था।

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

**ईचागढ़** विधानसभा से झामुमो की उम्मीदवार और वरिष्ठ नेता आदरणीय श्रीमती सबिता महतो जी को नामंकन पत्र दाखिल करने की ढेर सारी शुभकामनाएं और जोहार।

झारखण्ड की माटी के लाल अमर वीर शहीद निर्मल महतो और महान क्रांतिकारियों के संघर्ष और बलिदान को साकार करना ही हमारा कर्तव्य रहा है, ध्येय रहा है।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

# केवल कानून से नहीं रुकेगा बाल यौन शोषण



**मृत्युंजय प्रसाद**

समस्या

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खिलाफ कानूनों को मजबूत करते हुए ऐतिहासिक निर्णय दिया है। जिसके अनुसार ऐसी आपतिजनक सामग्री देखना, रखना यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत दंडनीय है, भले ही सामग्री शेयर न की गई हो। यह निर्णय बाल शोषण को संबोधित करने और बच्चों के अधिकारों के संरक्षण में व्यक्तियों की जवाबदेही को व्यापक बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम को दशार्ता है। सुप्रीम कोर्ट ने संसद को सुझाव दिया कि वह यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम में संशोधन करके 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' शब्द के स्थान पर 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' का प्रयोग करे।

बाल शोषण और शोषण की भयावह वास्तविकताओं से जूझ रहे समाज में यह फैसला न केवल मद्रास उच्च न्यायालय के विवादास्पद फैसले को पलटता है, बल्कि संभावित अपराधियों के लिए एक मजबूत निवारक के रूप में भी काम करता है। बाल यौन शोषण एक व्यापक मुद्दा है जिसे शून्य सहनशीलता के साथ निपटाया जाना चाहिए। यह निर्णय ऐसी सामग्री के मात्र कब्जे को बाल शोषण की बड़ी समस्या के हिस्से के रूप में मान्यता देता है। बाल पोर्नोग्राफी सिर्फ. एक अलग, निजी अपराध नहीं है, बल्कि दुर्व्यवहार के एक वैश्विक नेटवर्क में योगदान देता है, जहाँ पीड़ितों- अक्सर कमजोर बच्चों- का शोषणकारी सामग्रियों के संचलन और उपभोग के माध्यम से बार-बार उल्लंघन किया जाता है।

उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने धारा 15 का विस्तार किया है, जो अब चाइल्ड पोर्नोग्राफी को देखने या रखने पर भी सजा का प्रावधान करता है। पूर्व में यह केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी शेयर करने पर दंड का प्रावधान था। वर्ष 2019 के संशोधन में केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी को प्रसारित या प्रदर्शित करने के इरादे से संग्रहीत करने पर दंड की शुरूआत की गई। न्यायालय ने रचनात्मक आधिपत्य को शामिल करने के लिए आधिपत्य की परिभाषा को व्यापक बनाया, जिसमें व्यक्तियों को ऐसी सामग्री को डाउनलोड किए बिना केवल देखने के लिए भी उत्तरदायी ठहराया गया। कोई व्यक्ति बिना स्टोर किए ऑनलाइन चाइल्ड पोर्नोग्राफिक वीडियो देखता है, तो भी उसे अपराध के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि धारा 15 में छोटे अपराध भी शामिल हैं, जिसमें चाइल्ड पोर्नोग्राफी को संग्रहीत करने या देखने जैसी गतिविधियों को बड़े अपराध करने की प्रारंभिक अवस्था के रूप में माना जाता है। पोर्नोग्राफी देखने की सूचना न देना भी अब दंडनीय अपराध माना जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के कानूनों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाते हुए चाइल्ड पोर्नोग्राफी का नाम बदलकर बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री करने का सुझाव दिया।

इस निर्णय में यह अनिवार्य किया गया है कि व्यक्तियों को चाइल्ड पोर्नोग्राफी के किसी भी मामले की रिपोर्ट करनी होगी, जिससे जवाबदेही केवल उन लोगों तक ही सीमित नहीं रह जाएगी जो सामग्री को शेयर या संग्रहीत करते हैं। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को ऑनलाइन देखना भी अपराध है, जिससे बाल शोषण के खिलाफ डिजिटल सुरक्षा उपायों को मजबूती मिली है। इस निर्णय में कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा (इरादे) की गहन जाँच करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक मामले की गंभीरता की पूरी तरह से जाँच की गई है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले जैसे न्यायिक हस्तक्षेप जवाबदेही को बढ़ाते हैं तथा यह सुनिश्चित करते हैं कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी के निष्क्रिय उपभोग को भी दंडित किया जाए। बाल संरक्षण से संबंधित कानूनी परिभाषाओं को मानकीकृत करने में न्यायालय महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जैसे कि ह्यचाइल्ड पोर्नोग्राफीह्ण में बदलाव की सिफारिश करना। यह परिवर्तन सुनिश्चित करता है कि कानून, बाल यौन शोषण की गंभीरता को प्रतिबिंबित करता है। चाइल्ड पोर्नोग्राफी की रिपोर्टिंग को अनिवार्य बनाकर, न्यायिक हस्तक्षेप बच्चों को दुर्व्यवहार से बचाने की समाज की जिम्मेदारी को मजबूत करता है। न्यायिक हस्तक्षेप ,भारत के कानूनी ढाँचे को अंतरराष्ट्रीय मान वली में बदलाव की सिफारिशें वैश्विक बाल संरक्षण मानदंडों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं। बाल यौन शोषण से निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है-जिसमें न केवल सख्त कानूनी प्रावधान शामिल हों।

# सौ फीसदी मतदान लोकतंत्र में क्यों आवश्यक

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

चुनाव 2024

**2024 के** लोकसभा चुनाव और हाल में हुए हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे हिंदू समुदाय के लिए मूल्यवान सबक हैं। लोकसभा के नतीजों ने हिंदू समुदाय को जल्द ही जागने और एकजुट होने के लिए एक दिव्य चेतावनी के रूप में काम किया है। अगर हिंदू एकजुट नहीं हुए और सौ फीसदी मतदान नहीं किया, तो कुछ वंशवादी राजनीतिक दल, स्वार्थी बुद्धिजीवी और वैश्विक बाजार की ताकतें हम पर शरिया और वामपंथी संस्कृति थोप देंगी, हमारे डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान को खारिज कर देंगी और हमारे सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक हालात पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान बना देंगी।

लोकसभा चुनाव के समय से हमने देखा है कि कैसे पूरे समाज में झूठी कहानियाँ फैलाई जा रही हैं। हिंदू समुदाय में कलह पैदा करने वाली दो झूठी कहानियाँ थीं कि अगर भाजपा सरकार फिर से चुनी गई, तो संविधान बदल दिया जाएगा और आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। लोकसभा चुनाव के बाद जब लोगों को एहसास हुआ कि संविधान नहीं बदला जा सकता है और आरक्षण खत्म नहीं किया जाएगा तो भाजपा ने तीसरी बार हरियाणा जीता। अब जबकि संवैधानिक विमर्श विफल हो रहा है, महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावों में नये-नये फर्जी विमर्श फैला रहे हैं और यह भविष्य के चुनावों में भी जारी रहेगा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए भ्रामक विमर्श यह है कि ₹अगर भाजपा सरकार फिर से चुनी गई, तो महाराष्ट्र गुजरात से जुड़ जाएगा।

कृपया ध्यान रखें कि जातिवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद उस संगठन में बर्दाश्त नहीं किया जाता है जहाँ पीएम मोदी ने अपनी सोच विकसित की है; वे राष्ट्र प्रथम की मानसिकता, भावना और विचारों के साथ बने और बढ़े हैं। नतीजतन, उन्होंने पिछले दस वर्षों में कभी भी ऐसी गंदी राजनीति नहीं की है और भविष्य में भी ऐसा नहीं करेंगे। इस संबंध में जो झूठी कथा फैलाई जा रही है वह यह है कि महाराष्ट्र से उद्यम गुजरात में स्थानांतरित किए जा रहे हैं; यदि यह सच है, तो महाराष्ट्र आर्थिक निवेश में महत्वपूर्ण अंतर से भी नंबर एक कैसे रह सकता है? ये सभी फर्जी विमर्श लोगों को धोखा देने और सत्ता हासिल करने के लिए बनाए गए हैं। हमें इन झूठे विमर्श में से किसी के आगे झुके बिना एकजुट होकर मतदान करना चाहिए।

**मुस्लिम समुदाय की अजीब मानसिकता**

लोकसभा और हाल ही में हुए दो विधानसभा चुनावों में हमने एक अजीब तरह की मानसिकता देखी। यानी मुस्लिम समुदाय को उनका विकास करने वाली सरकार से कोई लेना-देना नहीं है, उनके लिए सिर्फ मजहब ही मायने रखता है और इसमें कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन जो सरकार पिछले दस सालों से ₹सबका साथ, सबका विकास₹ की नीति पर काम कर रही है, जिसकी योजनाओं का मुस्लिम समुदाय को भरपूर लाभ मिला है और अभी भी मिल रहा है, लेकिन विपक्षी उम्मीदवारों को सामूहिक रूप से वोट देने का कारण यह समझ में आया की वे सिर्फ मजहब और शरीयत पर भरोसा करते हैं और उन्हें उसके हिसाब से मनचाहा उम्मीदवार मिल सके। हालांकि, जिन इलाकों में हिंदू बहुसंख्यक हैं, वहां वे वोट नहीं देते या अपने परिवार के साथ पिकनिक पर जाते चले जाते हैं, वहां पर भी मुसलमानों ने विपक्षी उम्मीदवार को चुना; वह उम्मीदवार योग्य है या नहीं, यह अलग मुद्दा है, उसके पीछे का उद्देश हमे समझना होगा। कई हिंदू मानते हैं कि वोट देना व्यर्थ है (मेरे एक वोट से क्या फर्क पड़ता है)। नतीजतन, शहरों और महानगरों में मतदान प्रतिशत कम है। जो कोई भी विभिन्न राज्यों और भारत को सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक विकास के सभी पहलुओं में महान राष्ट्र के रूप में देखना चाहता है, उसे बड़े संदर्भ यानी देश के बारे में सोचना चाहिए।

हर वोट राज्य और राष्ट्र को मजबूत बनाने के साथ-साथ आंतरिक और बाहरी दुश्मनों के खिलाफ संघर्ष में भी योगदान देता है। हमने अपने अद्भुत राज्यों और राष्ट्र में कई आपदाएँ देखी हैं, और हम ऐसी मानसिकता में गिर गए हैं जो कोई भी नहीं चाहता। हाल के दशकों में बनी औपनिवेशिक मानसिकता₹ ने वंशवादी राजनीतिक दलों के निजी हितों की मदद की है, इसलिए वे ऐसी लाभकारी मानसिकता को बदलने के लिए अनिच्छुक हैं। अगर हम वास्तव में अपने आंतरिक और बाहरी विरोधियों में खौप पैदा करना चाहते हैं, तो हमें वोट देना चाहिए।

**सभी राजनीतिक दल एक जैसे नहीं होते**

अपनी संस्कृति, राजनीतिक विचार और सभी स्तरों पर प्रशासन और शासन के रूप हैं। हालांकि जमीन पर बहुत प्रगति के सबूत हैं लेकिन महत्वपूर्ण लाभ लाने में कुछ साल लगेंगे। राज्यों को धर्म, सांस्कृतिक पहचान, राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास, सांस्कृतिक संरक्षण, आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने, सकारात्मक आर्थिक चक्र परिवर्तन, आत्मनिर्भर भारत के हिस्से के रूप में विभिन्न स्व-आधारित नीतियों और कार्यान्वयन और स्व की ओर बढ़ते हुए औपनिवेशिक मानसिकता को हटाने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

महाराष्ट्र, झारखंड और अन्य राज्यों को राष्ट्र-प्रथम दर्शन का निर्माण करना चाहिए जो राष्ट्र के विकास और सुरक्षा के लिए सनातन धर्म की प्रासंगिकता को पहचानता हो और फिर ऐसी सरकार का चुनाव करें या फिर से चुनाव करें।

## स्पीड न्यूज

### कुंटू बाबू ने खरीदा नामांकन पत्र



रामगढ़ । रामगढ़ से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने मंगलवार को नामांकन पत्र खरीदा। उन्होंने बताया कि मैं रामगढ़ की जनता और कार्यकर्ताओं का सम्मान रखते हुए चुनाव लड़ने का मन बनाया हूं और नामांकन 27 अक्तूबर को दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि गठबंधन में नेता और कार्यकर्ताओं का भले गठबंधन हो जाता है पर वोटरों का गठबंधन नहीं होता और वोट ट्रांसफर नहीं हो पाता ये लोकसभा चुनाव में भी देखा है। उन्होंने कहा की जरूरत पड़ी तो मैं मोदी और योगी का खड़ाऊ रख कर जनता के बीच जाऊंगा और उनसे वोट देने की अपील करूंगा। उन्होंने कहा की भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है यहां परिवारवाद के लिए कोई जगह नहीं है।

### विधायक अंबा प्रसाद का भव्य स्वागत



भुरकुंडा (रामगढ़)। कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद का भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान मतकमा चौक भुरकुंडा, कुरसे, बलकुदरा, बिरसा चौक, भुरकुंडा बाजार, सौंदा बस्ती, सौंदा डी, पतरातू सहित विभिन्न क्षेत्रों में जगह-जगह विधायक अंबा प्रसाद का फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने का सामुहिक संकल्प लिया गया। विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय और विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने कहा कि अंबा प्रसाद सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखते हुए सबों को एक समान मान-सम्मान देने का काम करती हैं। कांग्रेस और विधायक अंबा प्रसाद के प्रति लोगों का विश्वास काफी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद की जीत निश्चित है। स्वागत करने वालों में विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार, बारीक अंसारी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, महिला कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष बबीता सिंह, अमन कुमार सहित दर्जनों कांग्रेसी शामिल थे।

### हाथियों ने धान की फसल को रौंदा



रजरप्पा। चितरपुर प्रखंड के पंचायत भुचुंगडीह स्थित दूधमटिया-अम्बवा जारा में जंगली हाथियों का झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। फसल को खाने के साथ साथ पैरों से रौंदकर बर्बाद कर दिया। इससे किसानों में काफी रोष है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग से हाथी भगाने के लिए कर्मियों को भेजा गया। मुखिया सुनीता देवी ने हाथियों के झुंड द्वारा फसल को पहुंचाए गए नुकसान का आकलन किया। हाथियों ने परमेश्वर महतो, राजू महतो, ज्ञानी महतो समेत अन्य किसानों के धान के खेतों को नुकसान पहुंचाया है। किसानों ने वन विभाग से नुकसान आकलन कर शीघ्र मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है । मौके पर अमरेश चौधरी, जीतन चौधरी, प्रवीण महतो, ठाकुरदास महतो आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### कुजू में लगा रक्त जांच शिविर



कुजू। कुजू पश्चिमी पंचायत भवन में फाइलेरिया जांच को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू की सौजन्य से सोमवार रात रक्त जांच शिविर सह नाइट ब्लड सर्वे का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान लैब टेक्नीशियन पंकज कुमार ने 148 लोगों का रक्त संग्रह किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि रक्त संग्रह के 15 दिनों के बाद प्रमाण पत्र स्वास्थ्य सहिया एवं स्वास्थ्य कर्मी के माध्यम से लोगों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग का सहयोग कर रहे स्वयंसेवी पिरामल फाउंडेशन के सदस्य रितेश कुमार ने बताया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है, जो मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है। जिसे आमतौर पर हाथी पांव के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि 20 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों का रक्त परीक्षण किया जा रहा है। वहीं, स्वास्थ्य केंद्र के नरेश महतो ने बताया कि यह शिविर रात साढ़े 8 से देर रात 12 बजे तक चलता है। क्योंकि फाइलेरिया की सटीक जांच रात में ही संभव होती है। उन्होंने बताया कि आगामी 23 और 25 अक्टूबर को शिविर लगाकर ब्लड संग्रह किया जाएगा। जो लोग पॉजिटिव पाए जाएंगे उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से दवा दी जाएगी। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य सुषमा केसरी, एमटीएस सलमान, एलटी पंकज कुमार, एमपीडब्ल्यू अफताब, रजनीश, एएनएम प्रेमा कुमारी, सुनीता राय समेत काफी संख्या में सहिया कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तोरणद्वार बनाने की अनुशंसा का विरोध

भुरकुंडा (रामगढ़)। सौंदा बस्ती पंचायत के काली मंदिर मार्ग में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के मद से बितका बाउरी तोरणद्वार बनाए जाने की अनुशंसा किये जाने का ग्रामीणों ने विरोध करते हुए रामगढ़ डीसी को पत्र दिया है। पत्र में कहा गया है कि सौंदा बस्ती में कुछ वर्ष पूर्व बितका बाउरी की हत्या अपराधियों द्वारा कर दी गई थी। जिसका ग्रामीणों को काफी दुख है। लेकिन बितका बाउरी कोई शहीद या स्वतंत्रता सेनानी या कोई महान पुरुष ना होकर एक अपराधिक छवि के व्यक्ति थे। उसके खिलाफ भुरकुंडा थाना सहित अन्य थाना में कई अपराधिक मामला दर्ज है और न्यायालय में केस चल रहा था। ऐसे में एक अपराधिक छवि के व्यक्ति का सिर्फ किसी पार्टी के कार्यकर्ता या विधायक के करीबी होने के चलते शहीद की तरह श्रद्धांजलि दिए जाने और इनके नाम से तोरणद्वार बनाए जाने से समाज में गलत संदेश जायेगा। शहीद व महापुरुषों का अपमान होगा। ग्रामीणों ने डीसी से मांग की है कि देश के किसी महापुरुष के नाम से तोरणद्वार बनवाया जाये। पत्र में अंबर कुमार, उपमुखिया मंजू देवी, नरेंद्र प्रसाद, लक्ष्मण बाउरी, दीपक मुंडा, मुन्नी देवी, सुशीला देवी, सुषमा देवी, राजेश कुमार गुप्ता, राजकुमार, राजेश गिरी, नंदू गिरी, गुप्तेश्वर प्रसाद, पवन साव, छोटू साव, अनंत प्रसाद सहित दर्जनों लोगों का हस्ताक्षर अंकित है।

# हजारीबाग में इस बार होगा घमासान

## प्रदीप प्रसाद, मुन्ना सिंह, किशोरी राणा व हर्ष अजमेरा के बीच होगा महामुकाबला

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रदीप प्रसाद



मुन्ना सिंह



किशोरी राणा



हर्ष अजमेरा

हजारीबाग। विधानसभा चुनाव के लिए हजारीबाग सदर विधान सभा की सीट काफी हॉट मानी जा रही है। यहां पर मुख्य रूप से भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हैं। लेकिन इस बार मजबूत निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में खम ठोकने को तैयार है जिससे इस सीट पर मुकाबला नहीं महामुकाबला होने की उम्मीद है। हजारीबाग सदर विधान सभा से भाजपा की ओर से टिकट के कई दावेदार थे यही हाल कांग्रेस का भी था। भाजपा ने प्रदीप प्रसाद व कांग्रेस ने मुन्ना सिंह जैसे अनुभवी नेताओं पर दांव खेला है जिससे हजारीबाग सीट पर चुनाव काफी दिलचस्प हो गया है। प्रदीप प्रसाद ने लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का दामन थामा था। वहीं मुन्ना सिंह भी कांग्रेस में पहले थे। बाद में बाबूलाल के जेवीएम में गए बाद में कांग्रेस का दामन थाम लिया। दोनों एक दूसरे से भली भांति परिचित है और एक दूसरे के मजबूत पक्ष और कमजोर पक्ष को समझते और जानते है। इसलिए इस बार सदर विधान सभा की लड़ाई जबरदस्त होगी। ऊपर से निर्दलीय किशोरी राणा, हर्ष अजमेरा, टोनी जैन भी मैदान में आ रहे है। किशोरी राणा ने विस्थापन पर बहुत काम किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी छवि साफ सुथरी है और पकड़ भी अच्छी है। ज्ञात हो की सदर विधान सभा सीट को भाजपा का सेफ सीट माना जाता है। लेकिन इस बार मुन्ना सिंह के कांग्रेस के टिकट पर ताल ठोकने से और किशोरी राणा व हर्ष अजमेरा के मैदान में आने से ये मुकाबला प्रदीप प्रसाद के लिए आसान नहीं होने वाला है। क्योंकि कांग्रेस के पक्ष में स्वर्ण वोट और मुस्लिम मतदाता का वोट एकतरफा होने की उम्मीद है वही प्रदीप प्रसाद के पक्ष में ओबीसी और हिन्दू मतों का वोट जिसमे सभी जाती शामिल है उनका रुझान रहेगा। जो जिसकी मतों में जितना सेंधमारी कर पाया पलड़ा उसी का भारी रहेगा। उसके बाद निर्दलीय में से अगर कोई और बढ़िया उम्मीदवार खड़ा हो गया तो उसके भी जितने के चांस बढ़ जायेंगे। हजारीबाग का सदर सीट इस बार खुले मैदान की तरह है। जो अच्छा दौड़ लगा पाने में सफल हुआ वो बैतरणी पार कर लेगा। इस बार १०० प्रतिशत की गारंटी किसी भी उम्मीदवार की नहीं कही जा सकती। बहुत सालो के बाद सदर विधान सभा सीट पर ये देखने को मिल रहा है।

## टिकट बंटवारे के बाद भाजपा में बगावत की आग

बड़कागांव विधानसभा सीट रामगढ़ जिला के अंतर्गत जोड़ दिया गया है। हजारीबाग की दो सीट बरही और मांडू तो सही है लेकिन सदर विधान सभा और बरकट्ठा विधान सभा विधानसभा के लिए बीजेपी प्रत्याशियों की सूची जारी होते ही घमासान मचने लग गया है। बगावत के सुर उठने लगे हैं। बरकट्ठा सीट से टिकट नहीं मिलने से निराश हुए दावेदार कुमकुम देवी तो रोने ही लग गए। उनके रोने का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। बरकट्ठा की रामगढ़ सीट पर भी बगावत के आसार बन रहे हैं । कुमकुम ने चुनाव लड़ने की घोसना कर दी है। सूचना है की भाजपा टिकट के प्रबल दावेदार हर्ष अजमेरा भी कार्यकर्ताओं की दबाव में निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर कर दी है जो भाजपा के लिए शुभ संकेत नहीं हैं। हर्ष अजमेरा ने अपने समर्थकों का आभार प्रकट किया और कहा है की आप सभी का स्नेह और समर्थन मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मैं जनता की समस्याओं को गहराई से समझता हूं और उनके समाधान के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का वादा करता हूं मैंने हमेशा यह कोशिश की है कि समाज के हर वर्ग की आवाज को सुना जाए और उनकी समस्याओं का समाधान खोजा जाए। आपके इस भरोसे ने मुझे और भी मजबूती दी है। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में आप सबों के आशीर्वाद से अवश्य चुनाव लडूंगा आप सबों का साथ विश्वास मेरे लिए काफी महत्पूर्ण है। ज्ञात हो की भाजपा ने जब से टिकट की घोषणा की है तब से ही कहीं खुशी तो कहीं गम वाले हालात हो गए थे। टिकट मिलने वाले नेताओं के खेमे में पटाखे छोड़े जाने लगे तो टिकट से वंचित रहे नेताओं के खेमों में चुप्पी छा गई। आगे की रणनीति बनाने के लिए रात को खुसर फुसर शुरू हो गई थी। उसके बाद आज टिकटों को लेकर राजनीति और गरमा गई। बड़कागांव सीट पर भी बगावत के सुर सामने आने लगे हैं। वहां पार्टी ने रोशन लाल चौधरी को चुनाव मैदान में उतारा है। वहां भी सदर विधान सभा जैसे ही हालात हैं। वहां के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बगावती तेवर अपना लिए हैं। उन्होंने रोशनलाल चौधरी को प्रत्याशी बनाए जाने का विरोध जताया है। कार्यकर्ताओं का कहना है की 3 बार आजसू पार्टी में रहकर चुनाव लड़कर हार चुके रोशन लाल चौधरी को पार्टी द्वारा भाजपा टिकट देकर उम्मीदवार बनाने का क्या औचित्य था। इस बार रोशनलाल चौधरी ऐसा क्या करेंगे की चुनाव जीत जायेंगे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा एक गलत परपाटी चला रही है और अपने मूल कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर बाहर से लाकर हमलोगो पर जबरदस्ती थोप रही है।

# डबल इंजन की सरकार से राज्य का तेजी से होगा विकास : रोशन

आजसू की बैठक में एनडीए प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी का अभिनंदन



भुरकुंडा (रामगढ़)।आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमिटी की बैठक मंगलवार को पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह एवं संचालन प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि एनडीए के साझा विधायक प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी, केंद्रीय महासचिव विजय साहू, केंद्रीय सचिव मनोज राम, केंद्रीय सचिव सतीश सिन्हा, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, केंद्रीय सदस्य राजू कुमार, अशोक पाठक, इमरोज खान, बबिता देवी, चंदन श्रीवास्तव, विशेश्वर महतो, जिला प्रवक्ता बीरेंद्र झा, जिला उपाध्यक्ष भुवनेश्वर महतो, जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष सुरेश महतो, जिला उपाध्यक्ष नित्यानंद कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में रोशनलाल चौधरी को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। रोशनलाल चौधरी ने कहा कि पूरे राज्य की जनता परिवर्तन चाह रही है। बड़कागांव की जनता ने काफी कुछ सहा है। यहां की जनता हमेशा उपेक्षा की शिकार रही है। जनता मुझे मौका देती है तो बड़कागांव विधानसभा का सर्वांगीण विकास करूंगा। विकास के मानक पर राष्ट्रीय पटल पर लाऊंगा। उन्होंने आजसू कार्यकर्ताओं से कमल छाप पर बटन दबाने की अपील की। श्री चौधरी ने कहा कि राज्य में डबल इंजन की सरकार से राज्य का विकास तेजी से होगा। उन्होंने कहा कि बड़कागांव की जनता 15 वर्षों की तपस्या का फल मिलने का समय है। बड़कागांव में नए युग के उदय का समय है। विस्थापितों के साथ न्याय होगा। युवाओं के रोजगार सृजन के लिए काम किया जाएगा। साकारात्मक विचारधारा के साथ बड़कागांव की जनता को साथ लेकर सर्वांगीण विकास करेंगे। हर घर रोजगार हो इसके लिए कार्य किया जायेगा। बैठक के दौरान कांग्रेस पार्टी को छोड़कर रसदा निवासी अमर साव एवं समाजसेवी आदित्य साव ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की पार्टी के केंद्रीय महासचिव विजय साहू, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, केंद्रीय सचिव मनोज राम ने दोनों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

## झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी : बाउरी



रजरप्पा। चंदनकियारी से भाजपा विधायक व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी मंगलवार को रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका में पूजा-अर्चना कर मां भगवती के आगे माथा टेककर उनका आशीर्वाद लिया। उसके बाद नारियल बलि देकर पंडित सेतु पंडा द्वारा रक्षा सूत्र भी बंधवाए। राजीव जायसवाल ने उन्हें मां छिन्नमस्तिका मंदिर का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। बाउरी ने कहा कि इस बार झारखंड में पूर्ण बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनेगी। वर्तमान सरकार से लोग काफी परेशान है। बीजेपी की परिवर्तन यात्रा से जनता में विश्वास जगा है, जनता परिवर्तन की मार्ग में अग्रसर है। जनता, महिला, व्यापारी, छात्र, आंगनबाड़ी सेविका, पारा शिक्षक आंदोलन करने पर मजबूर है। वर्तमान सरकार ने जनता को ठगा।

## जमात की राजनीति करती है कांग्रेस : योगेंद्र साव

भुरकुंडा (रामगढ़)। पतरातू प्रखंड कांग्रेस की बैठक मंगलवार को भुरकुंडा स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय और संचालन पूर्व विधायक प्रतिनिधि विनोद साव ने किया। बैठक में पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव उपस्थित थे। साव ने कहा कि कांग्रेस की जात की नहीं जमात की राजनीति करता है। कांग्रेस में सभी वर्गों के हितो का ख्याल रखते हुए सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। श्री साव ने पूरे बड़कागांव विधानसभा के चहुंमुखी विकास के लिए चुनाव में पुनः अंबा प्रसाद को पुनः भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। बैठक के दौरान दर्जनों लोगों ने विधायक अंबा प्रसाद के कार्यों से प्रेरित होकर और कांग्रेस में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इन सभी को मुख्य अतिथि पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए कांग्रेस का अंग वस्त्र पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। मौके पर योगेंद्र साव ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं।



कांग्रेस की बैठक में पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव व अन्य।

# जुबिली कॉलेज की दो छात्राओं का वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चयन

खबर मन्त्र संवाददाता

**» अंतर विवि प्रतियोगिता**



भुरकुंडा (रामगढ़)। जुबिली कॉलेज की दो छात्राओं का अंतर विश्वविद्यालय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। दोनो के चयन होने पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष है। मंगलवार को कॉलेज परिसर में सम्मान समारोह में चयनित छात्रा आंचल कुमारी और पल्लवी कुमारी को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डॉ. एकेएस झा ने श्री रामकृष्ण शारदा आश्रम टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में 23 अक्टूबर से एक सप्ताह तक चलने वाले कैंप के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर प्राचार्य डॉ. एकेएस झा ने बताया कि 20 अक्टूबर 2024 को श्री रामकृष्ण शारदा आश्रम टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में विनोबा भावे अंतर महाविद्यालय महिला वॉलीबॉल का ट्रायल हुआ था। इस ट्रायल में 8 टीमों के करीब 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें जुबिली महाविद्यालय भुरकुंडा से दो महिला खिलाड़ी आंचल कुमारी एवं पल्लवी कुमारी का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ी आगामी दिसंबर माह में केआईआईटी भुनेश्वर, उड़ीसा में होने वाले अंतर विश्वविद्यालय महिला वॉलीबॉल का प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपना दमखम दिखायेंगे। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में विद्यार्थियों को अव्वल बनाने के प्रति कॉलेज प्रबंधन कटिबद्ध है। प्राचार्य श्री झा ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास के प्रति कॉलेज परिवार हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। इधर आंचल कुमारी एवं पल्लवी कुमारी के चयन पर प्राचार्य डॉ. एकेएस झा, खेल प्रभारी प्रो. मनोज प्रसाद, डॉ. एसपी पांडेय, प्रो. देव प्रकाश प्रसाद, प्रो. बालकृष्णा, डॉ. एसएस पांडेय, प्रो. एके मिश्रा, डॉ. विभा राय, प्रो. मनोज कुमार दास, डॉ. गोपाल विश्वकर्मा, डॉ. बी रविदास, डॉ. एसपी दांगी, डॉ. मिथलेश कुमार, प्रो. मनोज कुमार, भूषण शर्मा, आरडी केसरी, कुंदन झा, दीपक मुंडा,

## 200 मीटर की दौड़ में रामगढ़ के सीनम सिंह को तृतीय स्थान



रामगढ़। झारखंड मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में झारखंड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 20 अक्टूबर को बिरसा मुंडा स्टेडियम खेलगांव रांची में हुआ। प्रतियोगिता में झारखंड के सभी जिलों के प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता राज्य स्तरीय थी। रामगढ़ जिला से सीनम सिंह ने प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने 50 वर्ष से अधिक के ग्रुप में 200 मीटर की दौड़ में तृतीय स्थान और जैकलिन थ्रो एवं डिस्कस थ्रो में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वह फार्मासिस्ट अशोक कुमार महतो की धर्मपत्नी हैं। सीनम सिंह का चयन नेशनल मास्टर्स चैंपियनशिप के लिए हुआ है।

## एक नजर में

### रोशनलाल चौधरी को जिताने का संकल्प



केरेडारी। मंगलवार को आजसू पार्टी की प्रखंड कमेटी व सभी कार्यकर्ताओंकी अहम बैठक पार्टी कार्यालय,केरेडारी में आयोजित किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में एनडीए समर्थित प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी व हजारीबाग जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो उपस्थित हुए बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमचंद महतो व संचालन प्रखंड सचिव मोहन महतो ने किया।चौधरी ने कहा कि जनता, संपूर्ण झारखंड सहित बड़कागांव विधानसभा में परिवर्तन की लहर और एनडीए गठबंधन की सरकार बनाने को आतुर है।खास करके बड़कागांव विधानसभा में 15 सालों से एक ही परिवारवाद से जनता त्रस्त हो चुकी है,हमारा क्षेत्र इतना धनी और संपन्न रहते हुए यहां की जनता सबसे गरीब हो चुकी है इसकी वजह सिर्फ और सिर्फ विधायक का कंपनी के साथ मिली भगत और धारण को धंधा बनाने की क्रियाकलाप है। वर्तमान सरकार ने अपने चुनाव वायदों में कहा था और कांग्रेस की मेनिफेस्टो में लिखा हुआ था कि अगर हमारी सरकार बनी तो प्रत्येक घर में एक-एक नौकरी दूंगा,कंपनी में घर घर रोजगार और स्थानीय को 75प्रतिशत रोजगार से जुड़ेंगे। प्रत्येक साल 5 लाख युवाओं को नौकरी दूंगा और अगर नौकरी नहीं तो प्रत्येक बेरोजगार को 5000 तथा 7000 प्रत्येक माह बेरोजगारी भत्ता दूंगा लेकिन इन सभी वादों में सरकार फिसड्डी साबित हुई। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव कौलेश्वर गंझू,केंद्रीय सदस्य पंकज साहा,भोला महतो,लीलाधन साव,अनिल राम,जिला प्रवक्ता रविशंकर जायसवाल,जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार दीन्हा,जिला उपाध्यक्ष देवनारायण राणा,महिला प्रखंड अध्यक्ष राधा देवी, जयमती देवी,कंचन यादव,मनोहर साव,प्रमोद कुशवाहा,विश्वनाथ कुशवाहा,विनोद सिंह,बिनोद महतो,नरेश अमेरिका राम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

### बरही से बद्री यादव ने किया नामांकन दाखिल



बरही । हरला निवासी बद्री यादव ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में दर्जनों समर्थकों के साथ बरही अनुमंडल कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। समर्थकों ने भी इस मौके पर अपने उम्मीदवार के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की, जिससे माहौल और भी जोशीला हो गया। मौके पर जितेंद्र यादव, अरविंद यादव, सुधीर यादव, महेश यादव, दशरथ यादव, संदीप यादव, प्रदीप यादव, सुजीत यादव, रोहित यादव सहित कई लोग उपस्थित रहें।

### मनोज यादव 24 को करेंगे नामांकन दाखिल

बरही। बरही विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव 24 अक्तूबर को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। नामांकन के दिन बरही इंटर कॉलेज के पास स्थित सामंतो पेट्रोल पंप के सामने मैदान में सुबह 11 बजे से एक जनसभा का आयोजन किया जाएगा। इस जनसभा को कई राष्ट्रीय और प्रदेश के नेता संबोधित करेंगे। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि हर मतदाता इस बार बेटी, माटी, और रोटी की रक्षा के लिए भाजपा प्रत्याशी को रिकार्ड मतों से जिताने का मन बना चुकी है।

### बरही से सुनील साहू लड़ेंगे निर्दलीय



बरही। भारतीय जनता पार्टी के हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष चौपारण के बेन्दुआरा ग्राम निवासी सुनील साहू ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर क्षेत्रीय राजनीति में हलचल मचा दी है। उन्होंने अपना इस्तीफा 22 अक्तूबर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को लिखकर भेजा, जिसमें उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता छोड़ने की घोषणा की। इस्तीफे के बाद सुनील साहू ने मीडिया के सामने इस्तीफे के बारे में जानकारी दी। अनुमंडल कार्यालय के समीप आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भावुक होते हुए उन्होंने बताया कि पार्टी के अंदर अब वह स्वयं को असहज महसूस कर रहे थे और इसी कारण से उन्होंने यह कठोर निर्णय लिया।

### टाटीझरिया उप प्रमुख को पितृ शोक

टाटीझरिया। टाटीझरिया प्रखंड उप प्रमुख सह झरपो पंचायत पसंस रवि वर्णवाल के पिता महावीर वर्णवाल उम्र लगभग 70 वर्ष का देहांत 21 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार को इलाज कराने के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में उनका देहांत हो गया । मृतक के बड़े पुत्र अशोक उर्फ बब्लू वर्णवाल ने अपने चारों भाइयों दीपू वर्णवाल,गुड्डू वर्णवाल,विकास वर्णवाल, रवि वर्णवाल संग पुरहित के वैदिक मंत्रोच्चारण के द्वारा 22 अक्टूबर 2024 दिन बुधवार को बधिया पोखर के समीप शमशान घाट में मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। मृतक अपने पीछे भरा पूरा परिवार को छोड़ गए। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। उपप्रमुख रवि वर्णवाल को पितृ शोक सांत्वना देने के लिए बरकट्ठा विधान सभा के पूर्व विधायक सह झामुमो विधायक प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव ने शोक संवेदना प्रकट किया।

### विद्युत सबस्टेशन के कर्मी के साथ मारपीट

दारु। मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत झारखंड बिजली वितरण निगम के विद्युत सबस्टेशन मे कार्यरत कर्मी के साथ बेरहमी से मारपीट किया गया है। इस बारे मे दारु थाना क्षेत्र के हरली निवासी भुक्तभोगी देवदत प्रसाद ने बताया की उसके साथ सरौनी निवासी अनिरुद्ध सिंह उनके बेटे सोनू और 30-35 अन्य लोगों ने सोमवार को विद्युत सबस्टेशन मे घुसकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। मारपीट के बाद मुफस्सिल थाना मे इस मामले मे दोनो पक्षो के द्वारा थाना मे आवेदन देकर करवाई की मांग की गई है ।

### अंबा प्रसाद का बड़कागांव में जोरदार स्वागत



बड़कागांव महागठबंधन की प्रत्याशी अंबा प्रसाद को चुनावी टिकट मिलने के बाद बड़कागांव पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। सर्वप्रथम ऊरीमारी चेक पोस्ट पर पहुँचकर स्वर्गीय निर्मल महतो की प्रतिमा व बड़कागांव में स्वर्गीय गुरदयाल महतो तथा जगदेव प्रसाद कुशवाहा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की व सभी समाजसेवियों का बड़कागांव क्षेत्र में अहम योगदान और उनकी समाजसेवा को याद करते हुए अंबा प्रसाद ने इस अवसर पर उनकी विरासत को सम्मान दिया।

### कार्यकर्ताओं ने किया रोशन लाल का स्वागत

बड़कागांव। भाजपा प्रखंड कमेटी सह बूथ अध्यक्षों की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता पश्चिम मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी ने की। भाजपा प्रत्याशी रौशन लाल चौधरी को फूल माला एवं पुष्प गुच्छ देकर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया गया । जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह,विधानसभा प्रभारी किसलय तिवारी ,विधानसभा प्रवासी प्रभारी रमन अग्रवाल ने हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार नीति का विरोध करते हुए जोश भरने का काम किया। कार्यकर्ताओं ने भारी मतों से पार्टी को विजय दिलाने का वादा किया। बैठक में सुमन कुमार पप्पू, दामोदर सिंह, जय नारायण प्रसाद, कुणाल किशोर दुबे,योगेश्वर दांगी, नरसिंह प्रसाद, रामपति राम,लालमणि महतो,अवध किशोर यादव,सरोज सोनी, ज्ञानेश्वर शर्मा, अवधेश मिश्रा,मटुकधारी महतो,उपेंद्र मेहता शिबू मेहता,उदय मेहता,सत्यजीत अलंकार,नंदलाल महतो,प्रदीप कुमार दांगी,स्वरूप नारायण,कजल शाव राजकिशोर राजेश यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## अत्यधिक शराब पीने से एक युवक की मौत



**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दक्षिणी पंचायत के ग्राम भोजपुर में अत्यधिक शराब पीने से एक युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार केदार सिंह को तीन पुत्र है, सभी अलग अलग रहते हैं। उनका छोटा पुत्र रॉकी कुमार सिंह घर में अकेला था और वह सोमवार की रात्रि शराब पीकर आया और अपने कमरे में सो गया। जब दिन के 11 बजे तक नही उठा तो परिजन उठाने गए तो उसे मृत पाया। वहीं मृतक के पिता केदार सिंह ने बताया कि मेरा लड़का हैदराबाद में काम करता था। दशहरा पर्व में घर आया था, उसकी पत्नी अपने दोनों लड़के 9 वर्षीय आयुष कुमार सिंह व 5 वर्षीय पृथ्वी राजकुमार सिंह के साथ अपने मायके जयनगर में रह रही थी। उसकी पत्नी बराबर शराब पीने का विरोध करती थी, लेकिन नहीं मानता था। घटना की सूचना मरकच्चो पुलिस को दी गयी। वहीं त्वरित कार्रवाई करते हुए मरकच्चो थाना के एसआई अभिमन्यु कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## राजद प्रत्याशी ने भद्रकाली मंदिर में की पूजा




**चतरा।** चतरा विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित राष्ट्रीय जनता दल की प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने अपने समर्थकों के साथ चतरा जिले के विश्वप्रसिद्ध माँ भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की और माँ का आशीर्वाद लिया। उन्होंने देश और प्रदेश में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। साथ ही, उन्होंने चतरा विधानसभा के मतदाताओं से भारी मतों से उन्हें विजयी बनाने की अपील की।

## बीडीओ ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया



**गिद्धौर।** प्रखंड में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने लगभग आधा दर्जन मतदान केंद्रों का दौरा किया और विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सलगा, मारंगी, पहरा, किरकिरा समेत कई मतदान केंद्रों और क्लस्टर का दौरा किया और पानी, बिजली, शौचालय, रैंप सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को कई निर्देश भी दिए। इस मौके पर उज्जवल कुमार सिंह, चितरंजन शर्मा समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।

## लक्ष्मी पूजा मनाने को लेकर हुआ बैठक, अध्यक्ष बने मंटू



**गिद्धौर।** प्रखंड के हेट टोला में सोमवार शाम को भारतीय पुस्तकालय आजाद चौक में लक्ष्मी पूजा मनाने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता गौतम कुमार दांगी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से लक्ष्मी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया और लक्ष्मी पूजा के संचालन के लिए एक समिति का गठन किया गया। समिति में मंटू कुमार को अध्यक्ष, राहुल कुमार को सचिव, राहुल कुमार (डीजे) को कोषाध्यक्ष, पवन कुमार को उपाध्यक्ष, रवि रंजन को सह कोषाध्यक्ष, विजय भारती को पूजा निदेशक, निरंजन दांगी, विनोद पासवान, प्रेमनाथ दांगी, प्रेम राणा, प्रसादी साव, गौतम कुमार दांगी, मुकेश कुमार दांगी, कैलाश दांगी, कमलेश राणा, देवदीप पासवान, देवकांत कुमार मोती, मनोज दांगी (दांगी जी), पिंटू कुमार और दर्जनों अन्य सदस्यों को शामिल किया गया।

## माइका, क्रशर उद्योग को पूनर्जीवित करने व विकास कार्यों के लिये मांगा समर्थन: शालिनी

# 24 को नामांकन रैली में कोडरमा पहुंच कर दें आशीर्वाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कोडरमा विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी शालिनी गुप्ता ने शहर के होटल ग्रैंड सूर्या में आयोजित प्रेस वार्ता में आगामी चुनाव को लेकर अपनी योजनाओं का खुलासा किया। वहीं उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता कोडरमा में माइका और क्रशर उद्योग को पुनर्जीवित करना और जिले में रोजगार के नए अवसर पैदा करना है। वहीं शालिनी गुप्ता ने कोडरमा के प्रसिद्ध माइका उद्योग का विशेष उल्लेख किया और कहा कि इसे पुनर्जीवित करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी, यह उद्योग कोडरमा की पहचान रहा है और इसके पुनर्जीवित होने से रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। इसके साथ ही क्रशर उद्योग भी रोजगार और आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं, जिसे बढ़ावा देने के लिए वह ठोस कदम उठाएंगी।

**रोजगार, शिक्षा और संस्कृति का होगा विकास**

शालिनी गुप्ता ने रोजगार के साथ-साथ शिक्षा, कला, संस्कृति और खेल के क्षेत्रों में भी विकास की योजना बनाई है। वहीं उन्होंने कहा कि बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए छोटे-छोटे पार्क और टहलने के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल होगा।



**जनता से अपील आशीर्वाद देकर मनोबल बढ़ाएं**

प्रेस वार्ता के दौरान शालिनी गुप्ता ने कहा कि 24 अक्टूबर को उनके नामांकन के दिन वे कोडरमा पहुंचकर उन्हें आशीर्वाद दें। वहीं उन्होंने कहा आपकी जनभागीदारी से ही विकास की नई गाथा लिखी जा सकेगी।

**राजनीतिक और सामाजिक कार्यों का अनुभव**

शालिनी गुप्ता ने अपने राजनीतिक जीवन का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने 2011 में डोमचांच प्रखंड की पंचायत समिति सदस्य के रूप में शुरूआत की और 2015 में प्रखंड प्रमुख के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। इसके अलावा, 2012 में उन्हें झारखंड पंचायत महिला सम्मान से भी सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उन्हें दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार से नवाजा गया था। कोडरमा जिला परिषद की अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने ग्रामीण विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य किए और अब विधायक के रूप में कोडरमा की जनता की सेवा के लिए तत्पर हैं।

**विकास की गाथा लिखने का लिया संकल्प**

शालिनी गुप्ता ने जनता से अपील करते हुए कहा, आपका सहयोग और समर्थन से ही मेरे लिए शक्ति का स्त्रोत है। मैं सादा जीवन और उच्च विचार के सिद्धांत पर चलते हुए विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए तैयार हूँ। मौके पर कवलजीत सिंह, साजिद हुसैन लल्लू, बालगोविन्द मोदी, गुलाम गिलानी, रघुवीर सिंह, विशाल भदानी, सूर्यदेव मोदी, संतोष साव, अरुण पासवान, आकाश वर्मा, मिलन शाहबादी, शशि सलूजा, मनोज शर्मा, सहदेव यादव, संजू लांबा, सोनू वारसी, नंदलाल गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक संपन्न

# 24 अक्टूबर को हजारों की संख्या में पहुंचकर नामांकन को सफल बनायें: डॉ नीरा यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी जिला की एक संगठनात्मक बैठक कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं डॉ. नीरा यादव उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनूप जोशी तथा संचालन शिवेंद्र नारायण सिन्हा ने किया। बैठक में विजय शर्मा ने जिला के पदाधिकारी एवं सभी मंडल अध्यक्षों को बताया कि 24 अक्टूबर को कोडरमा विधानसभा प्रत्याशी डॉ. नीरा यादव नामांकन करेंगी, उसमें हजारों की संख्या में पहुंचकर नामांकन को सफल बनायें। वहीं मंडलों में बैठक कर बूथ अध्यक्ष एवं समिति को जनसंपर्क अभियान में लगें और मोदी जी के द्वारा देश के हित के लिए किए गए कार्यों के बारे में बतायें। वहीं डॉ. नीरा यादव ने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति, पूर्व जिला अध्यक्ष, जिला के सभी पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्षों, सभी मंडल पदाधिकारी, सभी कार्य समिति, बूथ अध्यक्ष, बुथ प्रभारी, बुथ संयोजक, सहसंयोजक, मंच मोर्चा के सभी अध्यक्ष और उनकी कार्य समिति, जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता, हमारे समर्थक 24 अक्टूबर को सुबह 10 बजे हनुमान मंदिर से समाहरणालय तक हजारों की संख्या में पहुंचे और नामांकन को सफल बनायें। मौके पर विजय शर्मा, अनूप जोशी, कृष्णा सिंह घटवार, सच्चीदानंद गांधी, अजय कुमार, सुमन जितेंद्र कुमार मेहता, राहुल यादव, विनय शंकर, अमित कुमार, चंद प्रसाद आजाद, रामाधार सिंह, रवि मोदी, प्रकाश राम, विरेन्द्र सिंह, अशोक आर्या, रामनाथ सिंह, विजय साव, विजय यादव, राजेश सिंह, राजकुमार यादव, गोपाल कुमार गुतुल, शशि भूषण प्रसाद, सूरज प्रताप मेहता, दिनेश सिंह, चंद्रशेखर जोशी, अरशद खान, प्रभाकर लाल रावत, रामचंद्र राम, सुनीति सेठ, राजेश सिंह, भरत नारायण मेहता, हरि पंडित आदि मौजूद थे।



## अफीम के व्यापार के लिए रखे थे, एक करोड़ सात लाख दस हजार तीन सौ बीस रुपये पुलिस ने छापामारी कर किया बरामद, एक गिरफ्तार







**आरोपी के घर से एक स्कार्पियो और एक एसयूवी और 58 ग्राम अफीम को भी किया गया जप्त**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

कोडरमा। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बीते देर रात्रि करीब 1:30 बजे कोडरमा थाना क्षेत्र अंतगर्त वृंदा के एक घर में छापामारी कर नगद एक करोड़ 7 लाख 10 हजार 320 रुपये बरामद किया, साथ ही 58 ग्राम अफीम भी बरामद किया गया। वहीं मामले में एक आरोपी वृंदा निवासी रोहित कुमार पिता महादेव रजक को गिरफ्तार किया गया। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दिया। एसपी श्री सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि वृंदा के एक निवास में अवैध रूप से अफीम एवं अफीम के व्यापार का पैसा रखा हुआ है। सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह और डीएसपी रतिभान सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान उक्त घर में रखे एक करोड़ 7 लाख 10 हजार 320 रुपए नगद और 58 ग्राम अफीम बरामद हुआ। बरामद अफीम की कीमत बाजार में 28 हजार है, साथ ही एक अभियुक्त रोहित कुमार पिता महादेव रजक को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावे दो मोबाइल, एक उजला रंग का स्कॉर्पियो जेएच01डीएन1884 और एक महिंद्रा एसयूवी जेएच01एफपी0111 को जप्त किया गया।

वहीं एसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी से फिलहाल पूछताछ किया जा रहा है, उन्होंने बताया कि अफीम के व्यापार में कौन कौन शामिल है, इसका मुख्य सरगना कौन है, इसकी विस्तृत जांच की जा रही है। वहीं उन्होंने बताया कि घटना को लेकर कोडरमा थाना में कांड संख्या 228/24 में मामला दर्ज किया गया है।

वहीं एसपी ने बताया कि ज्यादा राशि प्राप्त होने पर तत्काल इसकी सूचना आयकर विभाग को दिया गया, जिसके बाद आयकर विभाग की टीम भी छापामारी में शामिल हुई। छापामारी अभियान में एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, डीएसपी रतिभान सिंह के अलावे प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, कोडरमा थाना प्रभारी सुजित कुमार, जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार, एसआई विकास पासवान, महिला थाना प्रभारी पिंकी रानी, एएसआई सुबोध कुमार ओझा, अनुरंजन कुमार व जिला बल के जवान शामिल थे।

## पीठासीन पदाधिकारियों को दिया गया चुनावी प्रशिक्षण

# प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को गम्भीरतापूर्वक सुनें: उपायुक्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर डीडीसी ऋतुराज के नेतृत्व में पीठासीन पदाधिकारियों को दो सत्रों में चुनावी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने प्रशिक्षण शिविर का जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने पीठासीन पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान दी जाने वाली जानकारियों को गम्भीरतापूर्वक सुने, कोई समस्या होने पर अविलंब प्रशिक्षक से अपनी शंका को दूर करें। वहीं उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्र, निष्पक्ष, त्रुटिरहित मतदान करवाना है, इसमे आपसबों की काफी अहम भूमिका है।

8 कमरों में दिए जा रहे प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने पीठासीन पदाधिकारियों को मॉक पोल डाटा, प्रपत्रों को भरने, सीलिंग प्रक्रिया आदि की जानकारी दी गयी। मौके पर सुदीप सहाय, अश्विनी तिवारी, रामचंद्र ठाकुर, रविकांत कुमार रवि, अजित आजाद, मनोज चैरसिया, सत्यजीत हिमवान, उमेश सिन्हा, प्रेम नारायण मेहता, युगल कुमार आदि मौजूद थे।


## आजादी के 76 वर्ष के बाद भी बिहिया तरीपर टोला में नहीं पहुंची बिजली

**चतरा।** देश की आजादी मिलने के 76 वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन जिले के हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के डाहा पंचायत के बिहिया गांव तरीपर टोला में रह रहे सैकड़ों लोगों का जीवन आज भी वर्ष 1947 के ईद-गिर्द घूम रहा है। इसे सरकारी तंत्र की नाकामी कहें या फिर कुछ और, एक लंबा अरसा बीतने के बावजूद प्रखण्ड के सभी गांवों में बिजली नहीं पहुंची हैं लोग अभी भी अंधेरे युग में जीवन -यापन कर रहे हैं। ग्रामीण बिजली को लेकर अबर वोट बहिष्कार करने का मन बना लिया है सभी ग्रामीण आक्रोश होकर बस एक ही नारा लगा रहे हैं बिजली नहीं तो वोट नहीं। ग्रामीण तारा देवी बताती है कि मेरी उम्र 60 वर्ष हो चुकी है लेकिन अभी तक बिजली नहीं पहुंची है वही आगे बताती है चाहे गेंहू पिसवाना हो, या बच्चों का स्कूल हो, खेती किसानी की जरूरतें हो या मोबाइल को चार्ज करने जैसी जरूरत, सब बिहिया गांव जाकर ही संभव हो पाता है। ग्रामीण हरमू यादव का कहना है कि, पिछले 75 वर्षों से अभी तक इस गांव बिजली नहीं पहुंची है। हमारे छोटे - छोटे बच्चे ढिबरी युग में जी रहे हैं अब हम सभी को अपनी आने वाली पीढ़ियों की फिक्र सताने लगी है। राजेश शर्मा के अनुसार, बिजली नहीं होने से पेयजल और सिंचाई की सुविधाएं भी यहां नहीं है।

## नवलशाही में बाइक चोरों का गिरोह एक बार फिर हुआ सक्रिय

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही में बाइक चोरों का गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। बताते चलें कि सोमवाार को थाना क्षेत्र के नवलशाही साप्ताहिक बाजार से एक बाइक की चोरी होने की घटना सामने आयी है। मामले को लेकर नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत धरगांव पंचायत के देवपुर गांव निवासी 40 वर्षीय संतोष सिंह पिता स्व. गोपाल सिंह ने नवलशाही थाना में आवेदन देकर कहा है कि सोमवार की शाम लगभग पांच बजे वे अपनी बाइक संख्या जेएच11एजे-2888 से नवलशाही साप्ताहिक बाजार गए थे। जहां बाजार के बाहर दीपक चाहत स्टूडियो पुरनानगर रोड के समीप खड़ा कर बाजार के अंदर सामान लेने चले गए। सामान खरीद कर जब वे पुनः 1 घंटे बाद वापस लौटे तो बाइक उक्त जगह से गायब पाया। काफी देर तक ढूंढ़ने के बाद भी उन्हें बाइक नहीं मिली।

## अवैध महुआ शराब भट्ठी को किया ध्वस्त



**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के बांय गांव में शराब माफियाओं के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें 25 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान 500 किलोग्राम महुआ जावा को भी नष्ट किया गया। विधानसभा चुनाव को देखते हुए नशे के खिलाफ जगह-जगह छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। बाय गांव में छापेमारी के दौरान बिनोद गंझु के घर से 25 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई और लगभग 5 क्विंटल जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया। पुलिस को देखकर बिनोद गंझु घर से फरार हो गया, जिसके खिलाफ अग्रिम कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इस कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

## अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध उत्पाद विभाग की कार्यवाई



**चतरा।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए, चतरा के उपायुक्त रमेश घोलप और सिमरिया के अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर, टंडवा के अंचलाधिकारी के नेतृत्व में उत्पाद विभाग और टंडवा थाने की संयुक्त टीम ने सोमवार देर शाम को टंडवा थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान, टीम ने बड़ी मात्रा में अवैध महुआ चुलाई शराब, बीयर और विदेशी शराब जब्त और विनष्ट किया। छापेमारी के दौरान, अवैध शराब रखने और बेचने के आरोप में 3 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। जब्त किए गए सामान में 27 लीटर विदेशी शराब, 63 लीटर बीयर और लगभग 616 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब शामिल थी। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। चतरा के अधीक्षक उत्पाद ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले से ही जिले में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ इसी तरह सघन छापेमारी अभियान जारी रहेगा।

## चतरा विधानसभा सीट से 44 साल बाद गायब हुआ भाजपा का कमल फूल का निशान

# 44 वर्षों में पांच बार निर्वाचित हुये थे भाजपा के विधायक

**पंकज सिंह**

**चतरा।** ये गठबंधन की ही बलिहारी कही जाए तो बेहतर है कि अब तक हुए विधानसभा चुनाव में जिस भारतीय जनता पार्टी ने पांच बार जीत हसिल की वही पार्टी इस बार ईवीएम के चुनाव निशान वाले खाने में नजर नहीं आएगी।राजनीति के इतिहास में यह चुनाव हमेशा इसलिए भी याद किया जाएगा क्योंकि इस विधानसभा चुनाव में चुनाव चिह्न 'कमल का फूल' गायब रहेगा, ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि एनडीए गठबंधन के कारण यह सीट लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) को दे दी गई है। यह पहली बार है जब भाजपा इस सीट पर चुनाव नहीं लड़ेगी। इस बार लोजपा के उम्मीदवार को भाजपा के समर्थन से चुनाव लड़ाया जाएगा। अगर चतरा विधानसभा सीट में भाजपा के प्रदर्शन पर नजर डालें तो तो पता चलता है कि भारतीय जनता पार्टी छह अप्रैल 1980 को अस्तित्व में आई। पार्टी गठन के कुछ महीनों के बाद विधानसभा का चुनाव हुआ। पार्टी ने बीकू राम को अपना प्रत्याशी बनाया था। कांग्रेस प्रत्याशी महेश राम निर्वाचित हुए थे, लेकिन 1985 के चुनाव में चतरा सीट पर भगवा लहरा था। 1990 का चुनाव भी भाजपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह भोगता जीते थे। महेंद्र सिंह भोगता ने लगातार दो चुनाव में जीत दर्ज कर चतरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के आधार स्तंभ को सशक्त बना दिया। 1995 का चुनाव भाजपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह भोगता करीब पांच हजार वोटों के अंतर से राजद प्रत्याशी जनार्दन पासवान से हार गए थे, लेकिन 2000 एवं 2004 के चुनाव में फिर से इस सीट पर भगवा ध्वज लहरा। दोनों बार सत्यानंद भोगता निर्वाचित हुए।? 2009 के चुनाव में राजद के जनार्दन पासवान निर्वाचित हुए थे। भाजपा के सूबेदार पासवान दूसरे स्थान पर रहे थे। 2014 में भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश सिंह भोगता निर्वाचित हुए थे।, लेकिन 2019 में भाजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान दूसरे स्थान पर रहे थे। अब इस बार तो वह गठबंधन का धर्म निभाने को भाजपा मैदान में ही नहीं है।

**▶▶1985 के चुनाव में चतरा सीट पर लहरा था भगवा**

## झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने किया नामांकन, शामिल हुए कई नेता





**▶▶हेमंत सरकार ने विकाश का गंगा बहाया,किसानों और उपभोक्ताओं का किया ऋण माफ, कल्पना मुर्मू सोरेन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** इंडिया गठबंधन से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी मनोज कुमार चंद्रा ने मंगलवार को अपना नामांकन निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया। नामांकन में विधायक कल्पना सोरेन, केंद्रीय महासचिव संजीव बेदिया, मंत्री फागु बेसरा,मंत्री सत्यानंद भोक्ता सहित इंडिया गठबंधन के बड़ी संख्या में दिग्गज नेता शामिल हुए। नामांकन के पूर्व ढोल बाजे के साथ कार्यकताओं और समर्थकों की रैली निकाली। झामुमो प्रत्याशी ने सिमरिया चौक स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में माथा ठेका, सुभाष चौक के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इसके बाद भारी भीड़ के साथ अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। अनुमंडल कार्यालय में निर्वाचित पदाधिकारी सन्नी राज के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद प्रखंड मुख्यालय के हर्षनाथपुर मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें नेताओं ने जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक कल्पना सोरेन ने विपक्षी पार्टियों पर जमकर हमला बोला और कहा कि एनडीए गठबंधन आरक्षण और संविधान को कुचलना चाहती है। धर्म और संप्रदाय के नाम पर विद्वेष फैलाना चाहती है। आदिवासियों का स्कूल बंद किया। झारखंड का पैसा भाजपा शासित राज्यों में बांट दिया। वह झारखंड का कभी भला नहीं कर सकते। वे सिर्फ लूट खसोट की राजनीति जानते हैं। झामुमो के सरकार ने माता बहनों का ख्याल रखा। सावित्री फुले योजना और मंइया योजना से उनका भला किया। करोना काल में मजदूरों को विदेश से लेकर आए। हर जाति धर्म और वर्ग का ख्याल रखा। किसी को भूख से मरने नहीं दिया। झामुमो की सरकार ही प्रदेश का समग्र विकास कर सकती है। बिजली बिल माफी कृषि ऋण माफी योजना सहित सरकार की कई उपलब्धियां बताई।उन्होंने एक बार फिर झामुमो को समर्थन देने की अपील की। जनसभा को फागु बेसरा, संजीव वेदिया सहित महागठबंधन के कई नताओं ने संबोधित किया। प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने आम जनों से आशीर्वाद मांगा और कहा कि मौका दीजिए आपका सेवक बनकर मै क्षेत्र का सर्वांगीण विकाश करूंगा। आगे कहा कि मेरे पिता जी इस क्षेत्र के लिए 35 साल दिए है और मैं 15 साल एक बार मुझे मौका आशीर्वाद के रूप में दीजिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो जिला अध्यक्ष जबकि संचालन चंद्रदेव साहू कर रहे थे। मौके पर जिप सदस्य सह झामुमो नेता देवनन्दन साहू,सरयू राणा,संदीप साहू,आलोक रंजन बिनोद महतो,प्रेमलता चंद्रा,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मल्लेश्वर साव, सचिव भूपेंद्र ठाकुर, सन्नी साहू, रमन साहू, सलीम अख्तर गोपाल प्रसाद मेहता, अनीता देवी, इफ्तेशाम प्रवीण, अर्जुन साहू,सहित राजद, कांग्रेस महा गठबंधन के भारी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा के युवा नेता मिसिर कुजूर निर्दलीय लड़ेंगे गुमला विस से चुनाव



गुमला। गुमला विधानसभा से जनता और सामाजिक मांग का सम्मान करते हुए भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता मिसिर कुजूर निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। यह निर्णय गुमला सदर प्रखंड के कुम्हरिया सुवरगुडा में आयोजित सर्व समाज के जनप्रतिनिधियों की बैठक में लिया गया। बैठक में सर्वसमाज के नेताओं के द्वारा भाजपा के नीति का विरोध किया गया और मिसिर कुजूर को बैठक स्थल पर बुलाकर सभी का राय और निर्णय को बतलाया गया। जिसके बाद एक स्वर में साथ मिलकर चुनाव लड़ाने और विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक को विभिन्न सामाजिक नेतावो ने संबोधित किया और सभी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने जानता के नेता, समाज के नेता और एक एक घर का बेटा मिसिर को किनार कर के कुछ व्यक्ति विशेष के नेता और धनबल के दम पर किसी प्रत्याशी को टिकट दिया है। जिसका सभी कोई विरोध करते है और सभी मिलकर संकल्प के साथ पूरे दम खम के साथ चुनाव लड़ कर मिसिर कुजूर को विधायक बनाने का संकल्प लेते है। वही सभी प्रबुद्ध जनों और सामाजिक लोगो की बात को स्वीकार करते हुए मिसिर कुजूर ने चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। बैठक में मुख्य रूप से चुइयाँ कुजूर, पतराज टोप्पो, लंकेश बड़ाइक, रोशन मिंज, सकलदीप सिंह, बिनोद बिहारी मिंज, बिट्टू उरांव, अनूप बड़ा, रुक्मणी देवी, अष्टमी देवी, सीताराम मिंज, विकास साहू, नेल्सन भगत, नरेश उरांव, मदन सिंह, योगेश खड़िया, दीपक कुजूर, अवध साहू, ममता सोरेन, भरत साहू, दीपाकंर साहू, मारथा एक्का, बालमोहन साहू, सूर्या साहू, प्रिंस गुप्ता, लक्ष्मण नागेसिया, आदित्य गुप्ता, अनूप कुमार, सुमित प्रसाद, कंचन सिंह, रंजीत सोनी सहित सैकड़ो की संख्या में सामाजिक नेता उपस्थित थे।

### नेशनल व इंटरनेशनल खिलाड़ियों को बनाया गया स्वीप आइकन



गुमला। गुमला जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा स्वीप (सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) गतिविधियों के अंतर्गत तीन प्रमुख खिलाड़ियों को जिला स्वीप आइकन के रूप में नामित किया गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने इन खिलाड़ियों को शॉल और स्वागत पत्र देकर सम्मानित किया एवं सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। खिलाड़ियों में अशुंता टोप्पो (दिव्यांग स्वीप आइकन) पैराथ्रो बॉल की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। उन्हें विशेष रूप से दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप आइकन बनाया गया है। अनित उरांव एथलेटिक्स नेशनल मेडलिस्ट हैं जो बिशुनपुर प्रखंड के हैं। इनकी खेलों में उत्कृष्ट उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें स्वीप अभियान का हिस्सा बनाया गया। सुरजमुनी कुमारी अंडर-16 फुटबॉल सिल्वर मेडलिस्ट हैं। उनकी उपलब्धियां युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने में सहायक होंगी। इन सभी खिलाड़ियों को जिला प्रशासन ने मतदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप आइकन के रूप में चुना है, ताकि जिले में अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी एवं स्वीप नोडल पदाधिकारी मौजूद थे।

### भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव आज करेंगे पर्चा दाखिल

गुमला। भाजपा के विशुनपुर विधान सभा प्रत्याशी समीर उरांव 23 अक्टूबर को अपना नामांकन पर्चा निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष दाखिल करेंगे। नामांकन से पूर्व पार्टी के लोग शक्ति प्रदर्शन करते हुए पालकोट रोड से जुलूस की शक्ल में कचहरी परिसर पहुंचेंगे। जुलूस में शामिल होने के लिए भारतीय जनता पार्टी जिला गुमला के सभी मोर्चे, मंच, प्रकोष्ठ एवं मण्डल तथा बूथ स्तर के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता से शामिल होने की अपील की गई है।

### घाघरा प्रखंड के कई मतदान केंद्र का बीडीओ व थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण



घाघरा। विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर घाघरा प्रखंड के कई मतदान केंद्र का बीडीओ दिनेश कुमार और थाना प्रभारी तरुण कुमार ने निरीक्षण किया। इस क्रम में बेलागड़ा, दोदांग, मतदान केंद्र पहुंचे जहां मूलभूत सुविधा शौचालय, भवन, पानी, फर्नीचर, रैंप को देखा और कई दिशा निर्देश शिक्षक को दी। इसके साथ ही टोटाम्बी स्कूल और आईटीआई भवन का भी निरीक्षण किया। ताकि पुलिस कर्मी ठहर सके। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि मतदान कर्मी और मतदाताओं को किसी भी तरह का परेशानी का सामना ना करना पड़े।

### आदिवासी किसान मजदूर पार्टी के केन्द्रीय कमेटी की बैठक संपन्न



गुमला। आदिवासी किसान मजदूर पार्टी के केन्द्रीय कमेटी की बैठक मंगलवार को घाघरा के गम्हरिया में हुई। जिसमें झारखंड विधानसभा चुनावों को लेकर व्यापक चर्चा की गई। कमिटी ने निर्णय लिया है कि राज्य के कुल बारह विधानसभा क्षेत्र में पार्टी चुनाव लड़ेगी। पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष जॉन मिरेन मुण्डा चाईबासा से पार्टी के उम्मीदवार होंगे। इसके अलावा मझगांव से माधव चन्द्र कुंकल, जीतेन्द्र उरांव खिजरी, राजेश्वर महतो सिल्ली, सूबो भोक्ता रामगढ़, निखिल कुमार सोरेन गोमिया, मानसिंह तिरिया जगन्नाथपुर, प्रेम हेम्ब्रम मनोहरपुर, सुनील मुण्डा सरायकेला, हीरालाल मुण्डा खरसावां, शशिभूषण चक्रधरपुर, चापा उरांव गुमला तथा सनिया उरांव लोहरदगा सीट से उम्मीदवार बनाये गये हैं। इस सम्बन्ध में पार्टी के केन्द्रीय कमिटी के सदस्य सुरेश प्रसाद यादव ने कहा है कि पार्टी मजदूरों और किसानों के हित में संघर्ष करते आ रही है। बैठक में केन्द्रीय महासचिव अंजनी कुमार पाण्डेय, जितेन्द्र उरांव, चापा उरांव, अनिल उरांव, मंगल उरांव, मंगल देव असूर, रविनन्दन असूर, सुखदेव टाना भगत, कांछा उरांव, संजय उरांव, बिहारी उरांव, बंधु महली, तेम्बू उरांव, राजेन्द्र उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेस व भाजपा के कई नेता निर्दलीय चुनाव लड़ने को तैयार

### कांग्रेस के शिव कुमार भगत विशुनपुर से, रोशन बरवा ने सिसई से लिया नामांकन पत्र





खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। चुनाव लोकसभा का हो या विधान सभा का चुनाव लड़ने की महत्वकांक्षी उम्मीदवारों को पार्टियों की मजबूत दिवार कूदने को विवश कर देती है और पार्टियों की नीतियों से तंग आकर कई कार्याकर्ता चुनाव मैदान में उतर जाते हैं। वे परिणाम की भी चिंता नहीं करते हैं। उनके दिलो दिमाग में यह स्पष्ट पहचान बन जाती है कि पार्टी उन्हें हमेशा सब्जबाग दिखाते रही है और पार्टी हित में किये उनके कार्यों को नकार दिया जाता है। यही हाल अब गुमला के तीनों विधान सभा सीटों पर देखने को मिल रही है। पार्टी भाजपा हो या कांग्रेस। दोनों ही राष्ट्रीय पार्टी के दिग्गज कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को गलत ठहराते हुए चुनाव मैदान में कूदने का संकल्प ले चुके हैं और निर्दलीय चुनाव लड़ने हेतु नाम निर्देशन पत्र भी खरीद लिये हैं। सबसे अधिक बगावत का सुर कांग्रेस पार्टी में देखने को मिल रही है। जिसमें कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिव कुमार भगत विशुनपुर विधान सभा से निर्दलीय चुनाव लडेंगे। शिव कुमार भगत के समर्थकों ने आज उनका नामाकन पत्र खरीद लिया है। शिव कुमार भगत के समर्थकों ने कहा कि गठबंधन धर्म के तहत लगातार तीन बार चमरा लिंडा को वे चुनाव जितायें। लेकिन चमरा लिंडा ने इन 15 वर्षों में क्षेत्र क विकास नहीं किया। वहीं लोकसभा चुनाव में गठबंधन धर्म के खिलाफ काम करते हुए चुनाव लड़ा था। समर्थकों ने कहा कि क्षेत्र की जनता शिव कुमार भगत को अपना प्रत्याशी मान चुकी है और उन्हें भारी मतों से विजय बनाएगी। वहीं सिसई विधान सभा सीट से कांग्रेस के प्रदेश सचिव रोशन बरवा ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने हेतु अपना नामांकन पत्र खरीदा है। रोशन बरवा ने कहा कि पार्टी नेताओं की मांग थी कि गुमला के एक सीट पर गठबंधन धर्म के तहत कांग्रेस का उम्मीदवार होना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कार्यकर्ताओं के मान सम्मान को देखते हुए वे चुनाव मैदान में कूदे हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन के प्रत्याशी जिग्गा मुंडा के द्वारा सिसई विधान सभा क्षेत्र का विकास नहीं किया गया है। आज भी शिक्षा, पानी, बिजली, रोड जैसी समस्याओं से लोग जूझ रहे हैं। विधायक केवल डेग, मांदर व अन्य छोटी वस्तु देकर लोगों को ठगने का काम किये हैं।

# भाजपा नेता रमेश उरांव ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किया नामांकन



नामांकन दाखिल करते रमेश उरांव।

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा विधानसभा में मंगलवार को अभ्यर्थी रमेश उरांव (स्वतंत्र) द्वारा निवार्ची पदाधिकारी, 72-लोहरदगा के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया गया। विदित हो की भाजपा नेता सह पूर्व विधायक रमेश उरांव ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। पूर्व विधायक ने बीजेपी से इस्तीफा देकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है। पूर्व विधायक के साथ जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव और जय श्री राम समिति के राजीव रंजन सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं, रामेश्वर लोहरा, अवधेश उरांव और शनीया उरांव (कुल तीन लोगों) द्वारा नामांकन पत्र क्रय किया गया।

# पांच देसी पिस्टल और 88 जिंदा कारतूस के साथ दो हथियार तस्कर हुए गिरफ्तार

### लोहरदगा पुलिस को मिली बड़ी सफलता



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। विधानसभा चुनाव से पूर्व लोहरदगा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जमगाई में पुलिस ने हथियार के खेप के साथ दो सप्लायर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनो तस्कर लोहरदगा जिला में अवैध हथियार तस्करी का धंधा को बढ़ावा देने में जुटे थे। पुलिस अधीक्षक हारिश बीन जमा को मिले गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी और लोहरदगा पुलिस की टीम ने संयुक्त करवाई करते हुए भंडरा थाना क्षेत्र के जमगाई से दो हथियार तस्कर अपराधी के साथ भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किया है। पूरे मामले को लेकर एसपी हारीश बीन जमा ने बताया कि हथियार तस्करों को पकड़ने के लिए खुद पुलिस हथियार के खरीदार के रूप में तस्करों से संपर्क साधा और हथियार का ऑर्डर दिया। जिसके बाद हथियार तस्करों ने जमगाई रोड स्थित हथियार की डिलीवरी करने पहुंचे जहां पुलिस ने दो तस्करों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों में रांची के इटकी निवासी कुंदन गोप उर्फ लंगड़ा और चिरंजीव कृष्णा शामिल है। कुंदन गोप का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है। इनलोगों के पास से पुलिस ने चार देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, 82 पीस जिंदा कारतूस और चार अतिरिक्त मैगजीन जब्त किया है।

### स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर साइकिल रैली का किया गया आयोजन

# लोकतंत्र के महापर्व में मतदान कर देश की प्रगति में लोग लें भाग: डीसी



खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। विधानसभा चुनाव को लेकर आम नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मंगलवार को गुमला जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में जिले भर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आम जनता से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की। इस दौरान जागरूकता रैली को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो एवं जिला के अन्य अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से समाहरणालय भवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले वासियों से 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की एवं उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है और प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह इसमें भाग लेकर देश की प्रगति में योगदान दें। इस साइकिल रैली का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों को मतदान के प्रति प्रेरित करना है, ताकि चुनाव के दिन अधिकतम संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। रैली समाहरणालय परिसर से शुरू होकर चंदाली होते हुए सीलम तक गई, और इस दौरान यह विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों से होकर गुजरी। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर और बैनर लेकर नागरिकों को वोट करने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने हमारा मतदान हमारा अधिकार जैसे कई जागरूकता नारे भी लगाएं एवं घर घर तक मतदान करने हेतु संदेश पहुंचाया। रैली में शामिल सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए जिला प्रशासन ने अपील की कि वे 13 नवंबर को मतदान अवश्य करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्वीप नोडल पदाधिकारी आरती कुमारी, प्रभारी पदाधिकारी रमेश कुमार, अविनाश पाठक, सैफुल्ला अंसारी व अन्य की भूमिका रही।

### घाघरा के 10 मतदान केंद्रों में प्रातः सात बजे से शाम चार बजे तक होगा मतदान

घाघरा। घाघरा प्रखंड के 10 मतदान केंद्रों में विधानसभा चुनाव का मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। जबकि अन्य 102 मतदान केंद्र में प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इस आशय की जानकारी घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने देते हुए बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 13 नवंबर को घाघरा प्रखंड के 112 मतदान केंद्र में से 10 मतदान केंद्र संख्या 219 शिवसेरेंग, 221 रूकी, 222 लवादाग, 223 सेहल, 224 चतमदाग, 225 बरांग, 226 गोरियादीह, 227 तुरियाडीह, 228 तुजों सेमेटोली और 229 नवनी मतदान केंद्र में प्रातः 7:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक मतदान होगा। बीडीओ ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों को उपस्थित होकर मतदान करने की अपील की है। ताकि लोकतंत्र मजबूत हो। साथ ही यह भी बताया कि सभी मतदाता निडर होकर मतदान करें।

# छठ पूजा समिति खटवा के सदस्यों ने नदी तट के समीप से अतिक्रमण हटाने की डीसी से की मांग

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। छठ पूजा समिति खटवा नदी व क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीणों ने खटवा नदी के समीप छठ घाट के पास किये जा रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर की है। खटवा नदी तट पर हर वर्ष छठ पूजा का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेते हैं। इस पूजा में कई महिलाएं छठ व्रत का पालन करती हैं। ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों से भी भारी संख्या में लोग इस पावन अवसर पर शामिल होते हैं। यह भूमि जहां छठ पूजा आयोजित की जाती है, गैरमजरूआ भूमि है जो श्री बड़ाइक देवनंदन सिंह के नाम पर दर्ज है। सिंह ने इस भूमि को छठ व्रतियों के लिए दान में दिया है ताकि वे यहां परंपरागत रूप से छठ पूजा कर सकें। हालांकि कुछ दबंग तत्वों द्वारा इस गैरमजरूआ भूमि पर अवैध रूप से जोताई कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले वर्ष भी इसी तरह का प्रयास किया गया था। लेकिन छठ पूजा समिति और ग्रामीणों द्वारा उपायुक्त को पत्र सौंपने के बाद छठ पूजा सुचारू रूप से संपन्न हुई थी। इस वर्ष भी जब छठ पूजा का समय नजदीक आ रहा है। उन्हीं दबंगों द्वारा पुनः मनमाने ढंग से भूमि की जोताई की जा रही है। छठ पूजा समिति कुछ ग्रामीणों और व्रतियों ने इस संबंध में पुनः उपायुक्त को पत्र सौंपा है। उपायुक्त ने आश्वासन दिया है कि इस मामले की जांच की जाएगी और छठ पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए उचित कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में हेमंत दास, पुनी देवी, आरती देवी, मंजू देवी, फुलमनी देवी, अंजली कुमारी, सुहाना कुमारी, ओम प्रकाश साहु, लीला देवी, गीता देवी, अनिता देवी, सीमा देवी, विमला देवी, पूनम मिंज, कलावती देवी, भोला दास, आलोक कुमार, अंकित, सीतारम उरांव, जयंती देवी, सुमन देवी, किशोर सिंह आदि के नाम शामिल है।

### पत्थर से कूच कर पति ने कर दी पत्नी की हत्या

किस्को। किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत पाखर कोल्हू टोली में पति द्वारा पत्नी की हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पति ने पत्थर से कुचल कर पत्नी की हत्या कर दी गई। घटना को बीते सोमवार की रात्रि में करीब 9:00 बजे अंजाम दिया गया। मंगलवार को सुबह में मृतिका के घर से 100 मीटर दूरी स्थित एक चक्की मशीन दुकान परिसर में शव पड़ा देखा गया। जिसके बाद लोगों को घटना की जानकारी हुई। लोगों ने बताया कि शराब पीने के बाद अक्सर पति-पत्नी के बीच झगड़ा होता था। जिसके कारण लोगों ने भी मारपीट की घटना पर ध्यान नहीं दिया। मृतक महिला की पहचान 40 वर्षीय जुगंती असुर बताई जा रही है। जिसकी हत्या उसके पति 45 वर्षीय मंगल असुर द्वारा की गई। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद किसको पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। वही आरोपी को पकड़ने में जुट गई है।

### अवैध शराब परिवहन करते गाड़ी पलटी



भंडरा। भंडरा से बेड़ो स्टेट हाईवे सड़क में झीको देवी मंडप के पास एक टाटा एस गोल्ड रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01एफएफ 5135 गाड़ी पलट गई। यह गाड़ी संजय यादव के नाम से रजिस्टर्ड है। इस गाड़ी में शराब एवं बियर का अवैध परिवहन किया जा रहा था। शराब को छुपाने के लिए शराब के पेटियों के ऊपर मवेशी चारा खली के बोरा रखा हुआ था। गाड़ी जैसे ही पलटी खली के बोरा अलग हो गए और गाड़ी में लदा अवैध शराब का पेटी बाहर आ गया। यह देखते ही राहगीर रुक-रुक कर शराब की पेटी ले लेकर भाग गए पुलिस के पहुंचने से पहले गाड़ी में लदा हुआ शराब एवं बियर की पेटियों को राहगीर लेकर भाग गए थे। आसपास के लोगों के अनुसार शराब एवं बियर का यह खेप नकली शराब का धंधा से जुड़ा हुआ माना जा रहा है। गाड़ी में लदा हुआ शराब एवं बियर नकली था या असली इसका पता पुलिस द्वारा लगाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी अरविंद सिंह, सीओ सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचकर पूरी जानकारी ले रहे है। हालांकि अधिकारी अवैध शराब के कारोबार पर कुछ भी बोलने से बच रहे है। वही इस घटना के बाद जिला उत्पाद विभाग के कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे है।

# दिल्ली में के सी वेणुगोपाल व सुखदेव ने की गुफ्तगू

>> झारखंड में पुनः इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने के संदर्भ में किये विचार विमर्श



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह संगठन प्रभारी के सी वेणुगोपाल नई दिल्ली में मंगलवार को लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत को अपने आवास में बुलाया। दोनों नेताओं ने झारखंड सहित लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में पार्टी एवं गठबंधन के उम्मीदवार की जीत कैसे सुनिश्चित हो उसके संदर्भ में विचार विमर्श किये। सांसद ने अपने क्षेत्र एवं राज्य में संगठन की क्या स्थिति है। साथ-साथ जनप्रतिनिधियों का जनता एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कैसा व्यवहार रहा है उन बातो से भी अवगत कराये। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सांसद सुखदेव भगत से कहा कि आप झारखंड के कद्दावर नेता हैं। आपने विकट परिस्थिति में अपने दम पर लोहरदगा से ऐतिहासिक वोट से जीत हासिल किए थे। झारखंड में पुनः इंडिया गठबंधन की सरकार बने इसके लिए आपकी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। आप संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि पार्टी एवं गठबंधन उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करना उनका नैतिक जिम्मेदारी है और इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ वे काम करेंगे। इंडिया गठबंधन की सरकार एक संवेदनशील सरकार है। यह सरकार सभी वर्गों का विशेष ध्यान दिया है। पुनः झारखंड में इस बार भी इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। जिसमें कांग्रेसी एवं सहयोगी दल के कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने की जरूरत है।

### इलाज के क्रम में बाल कैदी फरार



गुमला। सदर अस्पताल गुमला में इलाज करा रहे सिमडेगा जिला के कुरडेग निवासी बाल बंदी मंगलवार की सुबह करीब 5:00 बजे बाथरूम के वेंटीलेटर को टेड़ा कर उसे निकलकर फरार हो गया। कैदी के भागते ही उसकी निगरानी में तैनात पुलिस जवान परेशान हो उठे। हालांकि पुलिस की सक्रियता से पालकोट थाना क्षेत्र से भागे हुए बाल बंदी को पकड़ लिया गया। इधर बाल कैदी के भागने की सूचना पर रिमांड होम के इंचार्ज अविनाश गिरी सहित अन्य लोग सदर अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। वहीं रिमांड होम के मेडिकल इंचार्ज प्रदीप कुमार ने बताया कि 20 अक्टूबर को चोरी के एक मामले में नाबालिक को रिमांड होम लाया गया था। उसी दिन शाम में कुछ कैदियों के साथ उसकी मारपीट हो गई। जिसमें उसे चोट लगी थी और सदर अस्पताल में भर्ती किया गया था। लेकिन वह आज भाग गया है। यहां बताते चले कि दो माह पूर्व भी रिमांड होम से एक बाल कैदी फरार हुआ था। जिसका अब तक पता नहीं चला है।

### चेंबर के प्रयास से बैंक ने व्यापारियों के बीच दस लाख के रेजगारी का किया वितरण



गुमला। आम व्यापारियों के सुविधा के लिए गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से स्टेट बैंक गुमला शाखा के द्वारा बैंक परिसर में दस और बीस रुपए के करेंसी नोटों का वितरण व्यापारियों के बीच किया गया। बैंक के द्वारा लगभग दस लाख रुपये का रेजगारी वितरण किया गया। चेंबर अध्यक्ष दामोदार कसेरा ने कहा कि चेंबर व्यापारियों के सुविधा के लिए हर तरह से तत्पर है। मौके पर बैंक पदाधिकारियों के साथ चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, सचिव बबलू वर्मा, क्षेत्रोय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, प्रणय आदि उपस्थित थे।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# चैनपुर एवं जारी प्रखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा

### मतदान के दिन छोटी सी छोटी गलती भी बन सकती है परेशानी का सबब: एसडीओ



खबर मंत्र संवाददाता

चैनपुर। विधानसभा चुनाव को लेकर चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी की अध्यक्षता में चैनपुर प्रखंड के पुस्तकालय में मंगलवार को चैनपुर एवं जारी प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गई। इस दौरान एसडीओ ने सभी मतदान केंद्रों अंतर्गत अद्यतन तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसडीओ ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट से चुनाव से संबंधित उनके पूर्व के अनुभवों के बारे में पूछा एवं उसी अनुभव के आधार पर इस बार के चुनाव को किस प्रकार से बेहतर किया जा सकता है उससे संबंधित विमर्श किये। एसडीओ ने इस बार के मतदान को त्रुटिरहित रूप से आयोजित करने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी उपलब्ध हो। जिससे मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर व्हील चेयर और रैंप की व्यवस्था का भी निर्देश दिया गया। इसके अलावा, एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों को सभी मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को समय रहते दूर किया जा सके। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी वॉलेंटियर को मतदान केंद्र के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। जिससे मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके। एसडीओ ने कहा कि छोटी से छोटी लारवाही भी पूरे जिले के लिए परेशानी की वजह बन सकती है। उन्होंने कहा कि जिला नियंत्रण कक्ष एवं निर्वाचन आयोग द्वारा एक एक बूथों पर नजर रखी जाएगी। एसडीओ ने बीडीओ यादव बैठा, सीओ दिनेश कुमार गुप्ता, सभी अधिकारियों और कर्मियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक और सतर्कता के साथ निर्वहन करने की अपील की। इस बार मतदान दिवस के दिन सभी मतदान केंद्रों में पूर्वाह्न 7 बजे से अपराह्न 5 बजे तक मतदान का आयोजन किया जाएगा एवं क्रिटिकल बूथों में मतदान का समय अपराह्न 4 बजे तक ही रहेगा। एसडीओ ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सभी तैयारियों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में एसडीओ पूर्णिमा कुमारी के अलावे चैनपुर एव जारी प्रभारी बीडीओ यादव बैठा, सीओ दिनेश कुमार गुप्ता, चैनपुर एव जारी के सभी पंचायत सचिव, पंचायत सेवक, बीएलओ सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# व्यवहार न्यायालय में मतदाता जागरूकता को लेकर चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



जागरूकता अभियान में शामिल अधिकार।

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। विधानसभा चुनाव अंतर्गत के निमित्त गठित स्वीप कोषांग की ओर से मंगलवार को व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा में मतदाता जागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष द्वारा सभी पदाधिकारी व कर्मियों को मतदाता शपथ दिलायी गई। स्वीप कोषांग की ओर से सभी को मतदाता जागरूकता बैंड भी बांधा गया। कार्यक्रम में सभी को जानकारी दी गई कि विधानसभा चुनाव की घोषणा निर्वाचन आयोग द्वारा कर दी गई। इसके अंतर्गत 13 नवंबर को लोहरदगा जिला में मतदान है। सभी को मतदाता के रूप में अपना मतदान करना है। निर्वाचन आयोग द्वारा कई तरह के मोबाईल एप मतदाता सुविधा हेतु उपलब्ध कराये गये हैं। इसमें मुख्य रूप से वोटर्स हेल्पलाइन एप की मदद से फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना जोड़ने की आवेदन करने की सुविधा, अगर आपके पास मतदाता पहचान पत्र है तो एप के माध्यम से अपने बूथ की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा है। सक्षम एप से दिव्यांग मतदाता उसका लाभ उठा सकते हैं। कार्यक्रम में एडीजे द्वितीय निरजा आसरी, सब जज द्वितीय अर्चना कुमारी, सीजेएम केके मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, अधिवक्तागण, स्वीप कोषांग को कर्मी, न्यायालय कर्मी और पीएलवी सदस्य उपस्थित थे।

## चंदवा: वाहन चेकिंग के दौरान यात्री बस से लावारिश हालत में 14.99 लाख रुपये बरामद

# कैश व बस को कब्जे में लेकर जांच में जुटी प्रशासन

- रांची से गढ़वा जा रही अर्श नामक यात्री बस में समान रखने वाली रेलिंग से हुई बरामदगी
- इनकम टैक्स डिपार्टमेंट कर रही है बरामद पैसों की जांच



जांच के दौरान पुलिस की टीम।

### बस में सवार थे 39 यात्री सभी से हुई पूछताछ

बस से भारी मात्रा में कैश बरामदगी के बाद बस के चालक, कंडक्टर समेत यात्रा कर रहे 39 यात्रियों से प्रशासनिक टीम ने पूछताछ की। हालांकि पूछताछ में प्रशासन को कुछ खास सफलता हाथ नहीं लगी। पूछताछ के बाद सभी यात्रियों व बस को छोड़ दिया गया

### जांच के मौके पर ये थे मौजूद

जांच के क्रम में सीआरपीएफ ई-16 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट नितिन यादव, चंदवा थाना के सअनि नरेंद्र शर्मा समेत दल बल के जवान मौजूद थे।

### सीट नंबर पांच का यात्री गायब

जांच के क्रम पुलिस को बस सीट नंबर 5 पर यात्रा कर रहा यात्री गायब मिला, जिसके संबंध में सही जानकारी किसी के नहीं पास थी, बस के कंडक्टर के अनुसार जो जानकारी सामने आई उसके अनुसार 5 नम्बर सीट को रांची से ऑनलाइन ही बुक था, लेकिन उक्त सीट पर यात्री बैठा ही नहीं।

### क्या कहते हैं बीडीओ

मामले को लेकर पूछे जाने पर सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी से बीडीओ चंदन प्रसाद ने कैश बरामदगी की पुष्टि करते हुए बताया कि बैग से लगभग 14 लाख 99 हजार रुपये बरामद हुए हैं, बरामद कैश किसका है व कहां जा रहा था इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। मामले से वरीय अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है, साथ ही इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को मामले की जानकारी दी गयी है, जिसके बाद रांची से आई 3 सदस्यीय टीम अग्रतर कार्रवाई में जुटी थी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** आगामी विधानसभा चुनाव के निमित्त आदर्श आचार संहिता लगने के बाद चुनाव के दौरान धनबल एवं मादक पदार्थ के अवैध इस्तेमाल पर रोकथाम को लेकर चंदवा के मिशन स्कूल वन विभाग के चेकनाका के पास चल रहे सघन वाहन जांच अभियान में सख्ती बढ़ाने को लेकर जिले के निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व एसपी कुमार गौरव के द्वारा सभी प्रकार के बसों एवं छोटे बड़े वाहनों की गहनता से जांच करने का निर्देश जारी होने के महज 12 घंटे के अंदर जांच दल को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जहां मंगलवार की सुबह लगभग 6:40 बजे रांची से गढ़वा की ओर जा रही अर्श नामक यात्री बस जेएच-03-एएल-6042 से जांच के क्रम में जांच दल ने पैसों से भरा पिट्ठू बैग को लावारिश स्थित बरामद किया। बस से भारी मात्रा में नकद कैश बरामदगी के बाद यात्री भौचक्के रह गए। भारी मात्रा में कैश बरामद होने के बाद प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट रितेश कुमार ने इसकी सूचना सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ चंदन प्रसाद व पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार को दी।

जिसके तत्काल बाद बीडीओ व इंस्पेक्टर मौके पर पहुंच कर बस में यात्रा कर रहे यात्रियों से इसके संबंध में जानकारी लेने को लेकर पूछताछ ली, लेकिन कोई दावेदार सामने नही। इसके बाद प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट एवं अधिकारियों के द्वारा वीडियोग्राफी कराते हुए बरामद नोटों के बंडलों को सील कर जब्त कर लिया गया।

बरामद नोटों की गिनती के क्रम में बैग से 500 रुपये 27 बंडल, 200 रुपये के 2 बंडल व 100 रुपये के नोटों का 11 बंडल की गड्डी बरामद हुआ। बता दें कि पैसों के बंडल को एक पुराने बैग के अंदर छुपा कर रखा गया था व पुराने कपड़े से ढंक कर रखा गया था।

## मतदाता जागरूकता को लेकर छात्रों ने निकाली प्रभावशाली प्रभात फेरी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

हेरहंज। प्रखण्ड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता को लेकर एक प्रभावशाली प्रभात फेरी निकाली। जिसमें प्रभारी प्राचार्य व शिक्षकों के नेतृत्व में अनुशासित होकर स्लोगन तख्ती एवं मतदाता जागरूक सम्बंधित छात्र छात्राओं ने विभिन्न नारे लगाते हुए नगर भ्रमन किया। इस प्रभात फेरी का मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव के लिए लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करना था। प्रभात फेरी की शुरूआत विद्यालय परिसर से हुई जो प्रखण्ड मुख्यालय, बस स्टैंड, श्रीरामजानकी मन्दिर, हेरहंज बाजार टांड होते विद्यालय परिसर में समापन्न किया गया। प्रभात फेरी में छात्रों ने विभिन्न नारों और पोस्टरों के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मतदान हमारा अधिकार है। सभी वोट करें, राज्य को मजबूत करें जैसे नारों से गूंजते हुए, छात्रों ने पूरे प्रखण्ड मुख्यालय में मार्च किया। इस रैली में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए. जिन्होंने छात्रों के इस प्रयास की सराहना की। रैली के दौरान छात्रों ने लोगों को मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी और उन्हें अपने मताधिकार का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इस अवसर पर कहा, हमारे छात्राओं का यह प्रयास सराहनीय है। यह रैली न केवल छात्रों के लिए एक सीखने का अनुभव है, बल्कि समाज के लिए भी एक महत्वपूर्ण संदेश है। रैली के अंत में छात्र छात्राओं ने एक सभा का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने मतदान के महत्व पर अपने विचार साझा किए. और लोगों से अपील की कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

## डीसी ने सुनी ग्रामीणों की समस्या, जल्द निदान करने का दिया आश्वासन



समस्या सुनते डीसी।

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। ज्ञात हो की आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से नियोजन, जमीन विवाद, मुआवजा आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

## मनिका विधानसभा चुनाव को लेकर गठबंधन कार्यकर्ताओं ने कसी कमर

### रामचंद्र सिंह के नामांकन में भारी संख्या में शामिल होंगे गठबंधन के कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। गठबंधन की ओर से कांग्रेस के रामचंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद तीनों दलों के कार्यकर्ता चुनावी रणनीति को अमलीजामा पहनाने में जुट गये हैं। रामचंद्र सिंह को टिकट मिलने पर गठबंधन कार्यकताओं में काफी उत्साह है। जेएमएम वरिष्ठ नेता शशि भूषण तिवारी ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं को विधानसभा चुनाव की तैयारी में पूरी शक्ति के साथ जुट जाने का आह्वान किया है। नामांकन को



रामचंद्र सिंह (गठबंधन प्रत्याशी)।



शशि भूषण तिवारी (जेएमएम वरिष्ठ नेता)।

लेकर श्री तिवारी ने बताया कि कल नॉमिनेशन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता शामिल होंगे। कहा कि रामचंद्र सिंह एक बार फिर से प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। पूर्व उप प्रमुख सह वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज गुप्ता ने बताया कि रामचंद्र सिंह के नामांकन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

बताया कि रामचंद्र सिंह कल 24 अक्टूबर दिन गुरुवार को नामांकन करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि गठबंधन की सरकार ने पूरे राज्य में ऐतिहासिक रूप से विकास के कार्य कराएं है। प्रदेश में एक बार फिर प्रचंड सीटों से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार बनना तय है, और ऐसे में मनिका विधानसभा क्षेत्र की जनता भी विस में अपने लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह को भारी बहुमत से जिताकर भेजेगी।

## चेचिस वाहन के चपेट में आयी कार, दो घायल



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

**चंदवा।** एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मेनोनाईट मिशन के समीप लोहरदगा से लातेहार जा रही आल्टो कार जेएच-03एफ-0770 को एक टाटा कंपनी की चेचीस वाहन ने जोरदार टककर मार दी। टक्कर में कार सवार तनय कुमार (21) पिता सरोज वर्मा और राहुल कुमार (37) पिता चंदलाल राम घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगो की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां डॉक्टर तरुण जोश लकड़ा की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। दोनो घायलों को मामूली चोटे आई थी। घटना की जानकारी के बाद चंदवा पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर अग्रतर करवाई मे जुट गई है।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर वोट करेगा लातेहार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



मतदाताओं को जागरूक करते पदाधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रखण्ड प्रशासन ने कमर कस ली हैं। इसके लिए प्रतिदिन कई तरह कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत बूथों पर मतदाताओं की संख्या कैसे बढ़े इसे लेकर मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बीडीओ रेशमा रेखा मिंज के नेतृत्व में वोट करेगा लातेहार कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया गया। जहां बीडीओ ने कहा कि लोकतंत्र में हर एक वोट का महत्व है, जिसे हर लोग समझें और जमकर वोट डाले। वहीं अंचल निरीक्षक सुरेश राम ने बताया कि मतदान से ही मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी जा सकती है और मतदान से ही तय होता है कि हमारे क्षेत्र के नागरिक व खासकर युवा मतदाता देश के प्रति कितने जिम्मेवार एवं जागरूक हैं। मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने परिवार से, पड़ोसियों से तथा आसपास के लोगों के पास जाकर उन्हें मतदान का महत्व समझाएं, ताकि मतदान के प्रति लोग जागरूक हों। मौके पर दर्जनों की संख्या में प्रखण्ड व अचंल कर्मी मौजूद थे।

## राजा दिलावर ने कम समय के कार्यकाल मे बारियातू थाना क्षेत्र के ग्रामीणों के दिल मे बना ली थी जगह

**संजय राम**

बारियातू। थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी राजा दिलावर ने कम समय के कार्यकाल मे लोगों के दिल मे बेहद जगह बनाया था । पूर्व थाना प्रभारी मुकेश चौधरी की तबादले के बाद 22 फरवरी 2024 को बारियातू थाना मे राजा दिलावर को प्रभारी के रूप मे पद भार दिया गया था। ग्रामीणों के साथ बेहतर समन्यवय स्थापित कर वारीकी ढंग से कार्य करते थे। पुलिसिंग की नैतिकता के आधार पर मात्र आठ माह मे आम जनो के दिल मे जगह बनाया। राजा दिलावर के कार्यकाल मे एक भी नक्सली घटना नहीं घटी। काम करने का अलग अंदाज रहा। बारियातू प्रखंड क्षेत्र के कुछ पंचायतो मे अवैध अफीम की खेती जोरों पर की जाती है। अफीम की खेती को पूरी तरह नियंत्रण रखने के लिए ग्रामीणों के साथ बैठकर लगातर जागरूकता अभियान चलाया साथ ही अफीम से होने वाले नुकसान और खेती करने पर अपराध की धारा के सम्बन्ध मे ग्रामीणों की



राजा दिलावर।

भाषा मे ही मानसिक चेतना जगाने की हर संभव प्रयास किया। हालांकि बारियातू थाना मे मात्र साढ़े सात महीना के आसपास ही सेवा का मौका मिला। अपने कार्यकाल मे एक बार मे 16 किलो अफीम व 84 लाख का डोडा बरामद करने मे सफलता हासिल की थी। वहीं बालूभाँग मे लेवी मांगने के आरोप मे एक पिस्टल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इधर टोटी हेसला मे हत्या कांड का उदभेदन बहुत कम समय के अंदर कर गिरफ्तार कर लिया गया था। राजा दिलावर की आम जनो के साथ सकारात्मक व्यवहार व क्षेत्र को अपराध मुक्त रखने के लिए सुव्यवस्थित ढंग से कार्य किया। दूसरे के बहकावे और मिस गाइड मे न आकर स्वयं जाँच परख कर ही एक्शन मे आते थे। आम जनो की छोटी छोटी मामलो को अधिकतर निपटारा कर दिया जाता था। जिससे ग्रामीण काफी खुश रहते थे।

पंचायत प्रतिनिधियों के साथ काफी व्यवहारिक रूप से काफी तालमेल रखते थे जिससे कार्य करने मे आसान होता था। विभागीय गाइडलाइन के तहत 14 अक्टूबर 2024 को बारियातू थाना से तबादला होकर चले गए। हालांकि उनके तबादला होने से थाना क्षेत्रवासी मायूस हो गए। बहुत कम समय मे राजा दिलावर ने क्षेत्र वासियों के दिल मे जगह बनाया था।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव निर्दलीय लड़ेंगे मनिका विधानसभा से चुनाव



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते मुनेश्वर उरांव।

- चुनाव जीतने के बाद गठबंधन के साथ रहुंगा: मुनेश्वर उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने मंगलवार को अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता किया। इस दौरान श्री उरांव ने कहा कि 25 अक्टुबर को महुआडांड़ अनुमंडल कार्यालय में नामांकन करेंगे और मनिका विधानसभा से निर्दलिय चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हमारी भी दावेदारी थी, कांग्रेस पार्टी से हमें टिकट मिलना चाहिए। लेकिन वर्तमान विधायक को ही टिकट मिल गया है। लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता, आम जनता का इच्छा है कि मुनेश्वर उरांव चुनाव लड़े और हमलोग का भला करें। लोगों का इच्छा को ध्यान में रखते हुए मै निर्दलिय चुनाव लडुंगा और जीतने के बाद गठबंधन पार्टी के साथ ही कार्य करूंगा। उन्होंने मनिका विधानसभा के जनता से अपिल किया कि आपका आशिर्वाद मिला तो हम अवश्य जीतेंगे। यह मेरी नहीं जनता की जीत होगी। मनिका विधानसभा की जनता पार्टी नहीं माटी देखेगी हमें यह उम्मीद है।

इस मौके पर गारू प्रखंड अध्यक्ष मनोज उरांव, शंभु राम, राल्फ खलखो, राजकिशोर सिंह, राजू नायक, महेंद्र प्रसाद, उपेंद्र पासवान, गुड्डू सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## पेड़ के नीचे बैठे वृद्ध पर पेड़ की डाली टूटकर गिरी, वृद्ध घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बालूमाथ। **एकीकृत प्रखंड** बालूमाथ के बरियातू थाना अंतर्गत पचफेडा ग्राम में मंगलवार को पेड़ के नीचे बैठे उनित साव 80 वर्ष पिता स्वर्गीय किशन साव ग्राम पचफेड़ा पर पेड़ का डाली टूट कर गिर गया। जिससे उनित साव गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में उनित साव को बालूमाथ



घायल वृद्ध।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार उनित साव का एक पैर कई जगह टूट गया है ।

## मोटरसाइकिल की हुई आमने-सामने टक्कर, 3 घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ बालू पथ पर बाजारताड जामा मस्जिद के समीप सोमवार की रात्रि दो मोटरसाइकिल की हुई आमने-सामने टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मनोज उरांव 21 वर्ष पिता स्वर्गीय सुखदेव उरांव ग्राम चंदनडीह लातेहार से अपने बहन के घर बालूमाथ थाना क्षेत्र के गेरेन्जा ग्राम जा रहा था।

इसी बीच तेतरिया खाड़ कोलयरी से डिवटी कर अपने घर जा रहा महाबीर उरांव 35 वर्ष पिता स्वर्गीय बाबूलाल उरांव ग्राम हूर टोला बरवाटोली एवं आदिल कुमार 32 वर्ष पिता परमेश्वर भुईया ग्राम नवादा का आमने-सामने दोनों की टक्कर हो गई। जिसमें तीनों मोटरसाइकिल सवार गिरकर घायल हो गये। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। घायल महावीर उरांव एवं आदिल कुमार होमगार्ड का जवान है और वह तेतरियाखाड़ कोलयरी से ड्यूटी कर अपने घर वापस जा रहा था।

## मनिका विधानसभा से समाजवादी पार्टी ने रघुपाल सिंह को बनाया उम्मीदवार

# टिकट लेकर आने पर समर्थकों ने किया भव्य स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के द्वारा रघुपाल सिंह को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं टिकट लेकर आने पर क्षेत्र के सैकड़ो समर्थकों ने बाइक से अगवानी कर उनका भव्य स्वागत किया। बता दें कि 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके रघुपाल सिंह का इस क्षेत्र में खासा प्रभाव माना जाता है। खासकर अपनी खरवार जाति और अन्य समुदायों में उनकी पकड़ मजबूत मानी जाती है,जिससे इस बार का चुनाव बेहद रोचक होने की संभावना है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है



रघुपाल सिंह का स्वागत करते समर्थक।

कि इस बार मनिका में काफी दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। जिसमें भाजपा,कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच कड़ी टक्कर होने की संभावना है। वहीं 2019 के चुनाव में भाजपा से मैदान में उतरे रघुपाल सिंह ने दूसरे स्थान पर रहते हुए कांग्रेस के रामचंद्र सिंह को कड़ी चुनौती दी थी। उस चुनाव में कांग्रेस के रामचंद्र सिंह ने जीत हासिल की थी लेकिन रघुपाल सिंह ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। वहीं 2024 के विधानसभा चुनाव के लिए रघुपाल सिंह ने भाजपा को छोड़ राजद का दामन थाम लिया था लेकिन राजद से भी टिकट नहीं मिलने के कारण वे अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए,इस चुनाव में समाजवादी पार्टी ने उन पर दांव खेला है,जिससे समीकरण बदल सकते हैं। रघुपाल सिंह की खरवार जाति पर मजबूत पकड़ है,जो मनिका विधानसभा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण जातीय समूह है। इसके अलावा,उनके व्यापक जनाधार के चलते समाजवादी पार्टी इस क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद कर रही है। वहीं,भाजपा और कांग्रेस भी अपनी रणनीतियों को और मजबूत करने में जुटी हैं। इस सीट पर कांग्रेस के रामचंद्र सिंह पहले से ही अपने वोट बैंक को मजबूत करने में लगे हैं, जबकि भाजपा भी रणनीति के साथ मैदान में उतरना चाह रही है। समाजवादी पार्टी के आने से इस बार का मुकाबला और भी रोमांचक हो गया है। वहीं रघुपाल सिंह के द्वारा महुआडांड़ अनुमंडल कार्यालय में 25 अक्टूबर को अपना नामांकन करने का घोषणा किया गया है।

## पति पत्नी के बीच हुए आपसी विवाद में पति ने खाया जहर

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के हेरहंज ग्राम में सोमवार को पति-पत्नी के बीच हुए आपसी विवाद में पति ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जीतू भुइया 35 वर्ष पिता धर्मदेव भुइंया ग्राम हेरहंज, निवासी का अपने पत्नी के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। जिससे गुस्साए पति ने घर में रखा हुआ कीटनाशक दवा खा लिया। जिससे वह अचेत हो गया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से युवक को इलाज के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक ईलाज किया गया।

## डिस्लेक्सिया बीमारी को लेकर निकाली गई मौन जागरूकता रैली



जागरूकता रैली में शामिल लोग।

चंदवा। राजकीय कृत मध्य विद्यालय चंदवा के शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा मंगलवार को डिस्लेक्सिया नामक बीमारी पर आधारित जागरूकता मौन रैली निकाली गई। रैली मध्य विद्यालय चंदवा से शुरू होकर इंदिरा गांधी चौक होते हुए कुसुम टोली तक गई। इसके बाद पुनः वापस स्कूल लौट गई। गौरतलब हो कि डिस्लेक्सिया एक प्रकार की बीमारी है, जिसमें अक्षरों एवं वर्तनी की पहचान सही से नहीं हो पाती है। यह जागरूकता अभियान हर वर्ष अक्टूबर माह में मनाया जाता है। विद्यालय के बच्चों के द्वारा तख्ती में स्लोगन लिख कर इस जागरूकता अभियान का संदेश लोगों तक पहुंचाया गया। मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका राधिका कुमारी शिक्षक, इम्तेयाज खान, विनोद राय, शिक्षिका रुक्मिणी कुमारी, विजया लक्ष्मी, विभा कुमारी, फुलवंती कच्छप, सुनीता कुमारी, आश्रिता मिंज समेत काफी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल थे।

स्पीड न्यूज

### चौथे दिन दो प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिये नामांकन के चौथे दिन मंगलवार को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से दो प्रत्याशियों जयराम पासवान एवं रामनरेश यादव ने निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ प्रभाकर मिर्धा के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। रामनरेश यादव ने ऑनलाईन नामांकन दाखिल किया। जबकि जयराम पासवान ने ऑफलाईन नामांकन दाखिल किया। बाद में निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ ने नामांकन की औपचारिक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद दोनों प्रत्याशियों को शपथ दिलाई।

### मिट्टी खोदने के दौरान एक महिला की मौत, दो गंभीर

**भवनाथपुर।** केतार थाना क्षेत्र के दासीपुर गांव में मिट्टी खोदने के दौरान मिट्टी का चाल धंसने से उसमें दबकर तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा ले जाने के क्रम में गंभीर रूप से घायल छह माह की गर्भवती रंभा देवी की रास्ते में ही मौत हो गई। घायलों में खोनहर गांव के कमलौती देवी पति मनोज साह एवं सरिता देवी पति जीतन साह का नाम शामिल है। घायलों को निजी वाहन से इलाज के लिए केतार उपस्वास्थ्य केंद्र ले जाया, वहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार तीनो महिलाएं दीपावली पर्व के पूर्व घर की लिपाई करने के लिए अपने घर खोनहर से दासीपुर के मोटंगवा के पास मिट्टी लेने गई थी। मिट्टी खोदने के दौरान अचानक चाल धंसने से सभी महिला उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक वर्मा, उल्फत अंसारी, अजमुद्दीन अंसारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर घायल महिलायो का हाल जाना।

### महिला किया आत्महत्या का प्रयास

**भवनाथपुर।** राजनीतिक दल बदलने से आक्रोशित महिला खरौंधी थाना क्षेत्र के चंदाना गांव निवासी मानिक सिंह की पत्नी अंजली देवी ने बीती रात्रि कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने का प्रयास की। जिसके बाद परिजनों ने भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ दिनेश सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया।

### विस चुनाव कार्य में लगे कर्मियों के बीच तामिला पत्र का वितरण

**भंडरिया।** प्रखंड में 153 शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को विधानसभा चुनाव 2024 के कार्य में लगाया गया है। इस चुनाव का तामिला पत्र सभी कर्मियों के बीच वितरण किया गया। इसकी जानकारी देते हुए भंडरिया बीआरसी कार्यालय के बीपीएम रविशंकर ने कहा कि प्रखंड के सभी विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को विधानसभा चुनाव 2024 में ड्यूटी लगाया गया है। उनका तामिला पत्र सभी को रिसीव भी करा दिया गया है। उक्त पत्र में जिनका नाम एवं मोबाइल नंबर गलत है, उसे सुधार कर भेजा जा रहा है।

### प्रखंड स्तरीय कांग्रेस नेता की हुई निधन



**कांडी।** थाना क्षेत्र के कांडी गांव निवासी सह प्रखंड स्तरीय कांग्रेसी नेता 56 वर्षीय झरी प्रसाद का मौत इलाज के दौरान लखनऊ में मंगलवार को हो गई। उन्हें पिछले शनिवार को इलाज के लिए पीजीआई हॉस्पिटल लखनऊ में भर्ती किया गया था। वे मधुमेह व सांस रोग से ग्रसित थे। मृतक शुरू से कांग्रेसी नेता रहे। वे प्रखण्ड क्षेत्र में लोगों के बीच काफी प्रचलित व्यक्ति रहे। अचानक उनकी मौत से कांडी में शोक की लहर है।

# टिकट बंटवारा होते ही भाजपा में दरार भाजपाइयों ने फूंका विद्रोह का बिगुल

## गढ़वा में टिकट वापसी पर प्रदेश नेतृत्व नहीं करती है विचार तो जल्द उठाएंगे अगला कदम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड विधानसभा चुनाव की सरगर्मी प्रतिदिन बढ़ते जा रही है। पहले चरण के चुनाव के लिए टिकट का बंटवारा होते ही गढ़वा भाजपा में बड़ी दरार पड़ गई है। पुराने एवं वरिष्ठ भाजपाइयों ने प्रत्याशी एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्णय के विरुद्ध विद्रोह का बिल्कुल फूंक दिया है। यदि भाजपा का झारखंड प्रदेश नेतृत्व गढ़वा में टिकट वापसी पर विचार नहीं करती है तो भाजपा का एक बड़ा खेमा जल्दी अगला कदम उठा सकता है। कई वरिष्ठ भाजपाइयों राजीव राज तिवारी, अलखनाथ पांडेय, भगत सिंह, गौरी शंकर बिंद आदि ने संयुक्त रूप से मंगलवार को शहर के आरकेवीएस बीएड कॉलेज में परिसर में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कहीं।

भाजपा नेताओं ने कहा कि हम लोगों ने शुरू से निष्ठापूर्वक समर्पित होकर भाजपा के लिए काम किया है। परंतु गढ़वा के वर्तमान प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी की स्थिति से अवगत होने के बावजूद प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें टिकट देकर समर्पित पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को ठेस पहुंचाई है। इन्होंने कहा कि प्रत्याशी श्री तिवारी पार्टी में अपनी लॉबी चलाते हैं। वे अपनी पुरानी पार्टी झाविमो से साथ लाये कार्यकताओं को ही तरजीह देते हैं। जबकि भाजपा के जो भी पुराने एवं समर्पित पदाधिकारी, कार्यकर्ता हैं उन्हें श्री तिवारी सार्वजनिक मंच से भी उनके साथ दुर्व्यहार करते हुए बेइज्जती करते हैं। पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ वे हमेशा अभद्रता करते हैं। श्री तिवारी ने लोकसभा जिला परिषद आदि चुनावों में पार्टी की घोषित एवं समर्थित प्रत्याशी के खिलाफ अपना व्यक्तिगत प्रत्याशी उतार कर पार्टी प्रत्याशी को हराने का भी काम करते हैं। पिछले दो विधानसभा चुनाव में पार्टी का निर्णय मान कर सभी लोगों ने मिलजुल कर श्री तिवारी को जीताया है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते भाजपाई

फिर भी उनकी कार्यकताओं एवं क्षेत्र में लोगों के प्रति उनका व्यवहार काफी असंतोषजनक रहा है। इस कारण वे पिछला विधानसभा चुनाव हारे। इन सारी बातों से प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया जा चुका है। पार्टी यदि 25 अक्टूबर तक सत्येंद्र नाथ तिवारी से टिकट वापसी करते हुए किसी भी दूसरे कार्यकर्ता को टिकट नहीं देती है तब आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। इससे पहले केंद्रीय नेतृत्व को भी यहां की स्थिति से अवगत करा दिया जाएगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि यदि वे तन, मन, धन से ईमानदारी पूर्वक समर्पित होकर भी प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी के लिए काम करेंगे तो भी श्री तिवारी कभी भरोसा नहीं करेंगे और न ही हम जैसे कार्यकताओं को कभी मान सम्मान देंगे। श्री तिवारी जब से झाविमो छोड़कर भाजपा में आयें हैं तब से कार्यकताओं को आपस में बांट दिए हैं।

मौके पर मुख्य रूप से उक्त सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद चौबे, अंजनी तिवारी, धनंजय तिवारी, वीरेंद्र नाथ पांडेय, चंदन जायसवाल, लव कुमार कुषवाहा, षिव नारायण चंद्रा, चंद्रमणि पाठक, महेंद्र सिंह, अखिलेष तिवारी, अजय कुमार वर्मा, कमलेष नंदन सिन्हा, विजय प्रसाद, विजय सिंह, कामेष्वर सिंह, सत्यनारायण सिंह, रामसरीख चंद्रा, रामउदार पांडेय सहित दो दर्जन से अधिक भाजपा के वर्ममान एवं पूर्व जिला व मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में युवक गिरफ्तार



प्रेसवार्ता करते एसडीपीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** भवनाथपुर पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में चमन सिंह नामक एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी भवनाथपुर बस्ती का रहने वाला है। यह जानकारी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने मंगलवार को कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि गढ़वा पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल सोशल मीडिया पर अपलोड किये जा रहे पोस्ट पर पैनी नजर रखे हुये है। गिरफ्तार आरोपी चमन सिंह ने सोशल मीडिया पर विवादास्पद पोस्ट कर उसे वायरल किया गया था। जिसके आलोक में विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए भवनाथपुर थाना कांड संख्या 181/2024, धारा 299/196(1) भारतीय न्याय संख्या तथा धारा 67/67 (I) आईटी एक्ट, 125 आरपी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया।

उन्होंने आम अवाम से सोशल मीडिया में सामाजिक विद्वेष, सांप्रदायिक तनाव या किसी प्रकार के आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करने की अपील की। मौके पर भवनाथपुर थाना के थाना प्रभारी रजनी रंजन मौजूद थे।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को फांसी देने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** थाना क्षेत्र के खरौंधा पंचायत के मोखापी गांव में विगत 11 अक्टूबर को एक नाबालिग के साथ तीन बच्चों के पिता के द्वारा किए गए दुष्कर्म की शर्मनाक घटना के बाद इंसाफ की मांग को लेकर पूरे इलाके से लोग आंदोलित हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को मौखापी गांव सहित अन्य क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में पुरुष व महिलाएं ने हाथ में तख्ती लेकर पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए कांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित सोनभद्र इन्टर महाविद्यालय के प्रांगण में एकत्रित हुए और आरोपी को फांसी दिलाए जाने को लेकर जमकर नारेबाजी किया। इसकी सूचना पाते ही थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम दलबदल के साथ ग्रामीणों के पास पहुंचे तथा दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की बात कही। गांव के सैकड़ों पुरुष एवं महिलाओं को नेतृत्व कर रहे हिन्दू नेता सह भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पुष्प रंजन मेहता ने पीड़िता को न्याय दिलाने हेतु और दोषी को फांसी दिलाने हेतु मौके पर उपस्थित बीडीओ सह दंडाधिकारी राकेश सहाय और थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम से बात किया। साथ ही महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली के नाम द्वारा कांडी बीडीओ को ग्रामीणों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपने वालों में विश्वनाथ मेहता, योगेंद्र मेहता, उदय कुमार मेहता, रवि रंजन कुमार, नीतीश कुमार तिवारी, रामलाल, सोहन, सुनील कुमार पांडे, पिंटू राम, सरोज देवी, संगीता देवी, माना देवी, बबीता देवी, मंजू देवी, गुप्ता कुमार, श्रीकांत कुमार, विनोद कुमार मेहता, अक्षय कुमार मेहता, आरती देवी, सुमन देवी, देवंती देवी, मंजू देवी, सोमरी कुंवर, शोभा कुमारी, रीमा देवी, रीता देवी, रीना देवी सहित सैकड़ों ग्रार्मीणों का नाम शामिल है। उक्त आवेदन की प्रतिलिपि राज्यपाल झारखंड, डीजीपी झारखंड, पुलिस अधीक्षक गढ़वा, उपायुक्त गढ़वा को भी दी गई है। आवेदन लेने के दौरान बीडीओ ने सभी ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि उस बच्ची के साथ जो हुआ वह बहुत ही गलत हुआ है और आप सबों के द्वारा दिए गए आवेदन (मांग पत्र) हम अपने वरीय पदाधिकारी को भेज दे रहे हैं ताकि दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिया जा सके। मौके पर हिन्दू नेता विवेक सोनी, पंचायत के उप मुखिया रवि रंजन मेहता, पिंटू मेहता, कमलेश मेहता सहित सैकड़ो सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद थे।



प्रखंड मुख्यालय पहुंची महिलाएं

## अररिया में रहना है तो हिन्दू बनना होगा : प्रदीप सिंह

**अररिया ।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की ओर से निकले हिन्दू स्वाभिमान यात्रा के दौरान सांसद प्रदीप कुमार सिंह के बिगड़े बोल देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।अररिया में हिन्दू स्वाभिमान यात्रा के दौरान स्थानीय भाजपा सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अगर अररिया में रहना है तो हिन्दू बनना होगा। सांसद प्रदीप कुमार सिंह का यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में सांसद प्रदीप कुमार सिंह को जमकर ट्रॉल किया जा रहा है।दरअसल सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने यह बयान उस समय दिया था जब अररिया आरएस में हिन्दू स्वाभिमान यात्रा के क्रम में केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह अररिया पहुंचे थे।अररिया पहुंचने के बाद मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण के बाद ठाकुरबाड़ी परिसर में रात में एक सभा का आयोजन था।जिसमे केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह और धर्म गुरु दीपांकरजी महाराज सहित भाजपा और हिन्दू संगठन के लोगों ने भाग लिया था।उसी सभा में केंद्रीय मंत्री के समक्ष सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अगर अररिया में रहना है तो हिन्दू बनना होगा।



## किशनगंज में गरजे गिरिराज, कहा ये सीमांचल नहीं मिथिलांचल है

**किशनगंज।** भाजपा के फायर ब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह हिंदू स्वाभिमान यात्रा के तहत कई जिलों का दौरा कर चुके हैं और अब उनकी यह यात्रा समापन की ओर है। भागलपुर से शुरू हुई यह यात्रा पूर्णिया, अररिया होते हुए मंगलवार को किशनगंज पहुंची है। गिरिराज सिंह का यहां गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वहीं गिरिराज सिंह ने किशनगंज पहुंचकर कई विस्फोटक बयान दिए हैं।

उन्होंने शहर के गांधी चौक में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि किशनगंज बिहार और भारत का अंग है। क्या इसे बांग्लादेश बनाना चाहते हो लेकिन अब ये चलने वाला नहीं है, हिंदुओं को क्या समझ रखा है। मैं हिंदुओं को जगाने आया हूं, और जगाकर ही जाऊंगा। मैंने ये यात्रा सोच समझकर निकाली है। उन्होने कहा कि हमारा धन और धरती खतरे में है। सोची समझी रणनीति के तहत लव जिहाद और अब शिक्षा जिहाद भी चल रहा है। हमें डराने की कोशिश करते हैं। कभी किसी हिंदू ने एक ताजिया पर पत्थर नहीं फेंका। हम पांच जिलों में घूम कर आए है किसी जिले में दंगा फसाद हुआ।



गिरिराज ने कहा कि जब हम धर्म की रक्षा करेंगे तभी धर्म हमारी रक्षा करता है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि ये अंग्रेजों का शासन नहीं है।

# कैबिनेट की बैठक संपन्न, 25 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार शाम संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 25 प्रस्तावों पर कैबिनेट की मुहर लगी है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में पटना के राजेन्द्र नगर स्थित मोईनुलहक स्टेडियम के पुनर्निर्माण के लिए भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के द्वारा बिहार राज्य हेतु संबद्धता प्राप्त संस्था को दीर्घकालीन लीज पर सौंपने के निमित्त एमओयू किये जाने के लिए अनुमति प्रदान की गयी है। योजना एवं विकास विभाग के बिहार स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण सेवा (संशोधन) नियमावली, 2024 को मंजूरी दी गयी है। वही वित्त विभाग के वित्तीय विशेषज्ञ एवं बजट सलाहकार के एक-एक पद को दो साल के लिए अवधि विस्तार किया गया है।

बिहार कृषि विभागीय लिपिक संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं सेवाशर्त) नियमावली 2024 के गठन की स्वीकृति दी गयी है। सैनिक कल्याण निदेशालय एवं कार्यालयों में कार्यालय परिचारी एवं परिचारी (रात्रि प्रहरी) के पदों पर भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती की जाएगी। कार्यालय परिचारी एवं परिचारी (रात्रि प्रहरी) संवर्ग नियमावली 2024 के गठन की स्वीकृति कैबिनेट की बैठक में दी गई है।

मुम्बई में बिहार भवन निर्माण को लेकर मुंबई पत्तन प्राधिकरण द्वारा आवंटित भूमि का महाराष्ट्र मुद्रांक अधिनियम के तहत स्टांप शुल्क की राशि 5 करोड़ 93 लाख 42,300 का मुद्रांक जिलाधिकारी मुंबई को भुगतान करने के लिए राज्य स्कीम मध्य से 6 करोड रुपए निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई है। बिहार गृह रक्षा वाहिनी के अराजपत्रित कर्मियों सिपाही से लेकर निरीक्षक तक के कर्मियों को काम के एवज में एक माह के वेतन के बराबर मानदेय के अतिरिक्त एक पंचांग वर्ष में 20 दिनों की क्षतिपूर्ति अवकाश की अनुमान्यता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। बिहार स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण सेवा संशोधन नियमावली 2024 की स्वीकृति दी गई है। वित्त विभाग के अंतर्गत वित्तीय विशेषज्ञ एवं बजट सलाहकार के सृजित एक-एक पद का दो वर्षों के लिए अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई है। बिहार कृषि के सहायक संवर्ग संपर्क को मंजूरी दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत एक्स-रे टेक्नीशियन नियमावली 2024 को मंजूरी दी गई। बिहार स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत प्रयोगशाला संशोधन नियमावली 2024 को मंजूरी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत बिहार परिधापक 2024 को मंजूरी दी गई .स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत ईसीजी टेक्नीशियन के नियमावली को मंजूरी दी गई।

पीएमसीएच में बिजली का नया ग्रिड लगाने को लेकर तीन अरब रुपये की मंजूरी।

## खबर एक नजर में

### सोशन वर्कर संस्था ने किया भंडारा का आयोजन

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में प्रसाद स्वरूप पूड़ी, सब्जी, बुन्दिया व रसगुल्ला का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि अरविन्द पटवा ने अपने जन्मदिन से दो दिन पूर्व सप्ताहिक भंडारा मे सहयोग किया। अरविन्द पटवा ने कहा कि संस्था द्वारा आयोजित फूड फॉर हंगर के इस प्रोजेक्ट के तहत मेने अपने पूरे परिवार के संग जरूरतमन्दों का सेवा करना चाहता था। भंडारा में लोगों की सेवा करके मन को काफी सुकून मिला। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि शहर के महिलाएं, हमारे भाई-बहने फूड फॉर हंगर का प्रोजेक्ट को अनवरत जारी रखने में सहयोग दे रहे हैं।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र में बीडीओ राकेश सहाय के आदेशानुसार कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कांडी में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही बालिकाओं के मध्य कबड्डी खेल का आयोजन किया गया। इस विषय में विद्यालय की वार्डेन आर उषा कुमारी ने बताया कि प्रखंड में मतदाताओं के बीच जागरूकता लाने के लिए राजकीय कृत जमा दो उच्च विद्यालय कांडी व कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कांडी की छात्राओं के बीच कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## पेज एक का शेष

### कोडरमा में होटल व्यवसायी ...

जानकारी के अनुसार छापेमारी में एक करोड़ 7 लाख 10820 रुपये नकद के अलावा दो मोबाइल, दो वाहन और 58 ग्राम अफीम भी बरामद किया गया। सूत्रों ने बताया कि सुखदेव रजक (40) ने हाल में ही यूपी के जौनपुर में भी उसने अपना व्यवसाय शुरू किया था। उनकी फरारी के बाद पुलि ने उसके भाई रोहित कुमार को गिरफ्तार किया गया है। मीडियाकर्मियों को घर के अंदर जाने नहीं दिया जा रहा है। कोडरमा एसडीपीओ अनिल सिंह ने बताया कि पूरे मामले की जांच जारी है। पूरे इलाके में तरह-तरह की चर्चा चल रही हैं। कोई इसे चुनाव से जोड़कर देख रहा है तो कोई इसे मादक पदार्थो की तस्करी से जुड़ा मामला बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस इस मामले पर कुछ भी नहीं बोल रही है।

### राधाकृष्ण किशोर कांगेंस में ...

इसी अदला बदली की सूचना के बाद राधाकृष्ण किशोर ने जल्दबाजी में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली।

**गिरिनाथ सिंह करेंगे साइकिल की सवारी :** गढ़वा की राजनीति में पिछले चार-पांच महीने से हलचल पैदा कर देने वाले पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह अचानक समाजवादी पार्टी में शामिल हो गये। अब वह साइकिल की सवारी करेंगे। गढ़वा स्थित अपने आवास पर पत्रकारों की मौजूदगी में उन्होंने समाजवादी पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। गिरिनाथ सिंह निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी में थे और उन्होंने इसकी घोषणा भी की थी। समझा जा रहा है कि सिंबल के चक्कर में उन्होंने समाजवादी पार्टी में शामिल होने का फैसला लिया है। अब उन्हें साइकिल चुनाव चिन्ह मिल जाएगा. अखिलेश यादव प्रचार में आ सकते हैं। गिरिनाथसिंह कई माह से क्षेत्र में परिवर्तन यात्रा निकालकर एक-एक गांव में घूम रहे हैं। अब यहां झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर, भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्र तिवारी और गिरिनाथ सिंह के बीच ही चुनावी मुकाबला होने वाला है। गिरिनाथ सिंह लगातार पांच बार गढ़वा से विधायक चुने जा चुके हैं।

### युद्ध के शांतिपूर्ण हल...

मोदी ने यह भी कहा कि 15 वर्षों में ब्रिक्स ने अपनी विशेष पहचान बनायी है। अब दुनिया के कई देश इसमें शामिल होना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने की प्रतीक्षा कर रहा हूं। वहीं पुतिन ने यह भी कहा, रूस-भारत संबंध विशेष रूप से रणनीतिक साझेदारी के चरित्र को बनाये रखते हैं और सक्रिय रूप से विकसित हो रहे हैं। शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली का हम पूरी तरह समर्थन करते हैं।

**गले लग कर पुतिन ने किया स्वागत :** इसके साथ ही पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन का शानदार स्वागत करने के लिए आभार भी व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स) देशों के अनौपचारिक समूह का शिखर सम्मेलन रूस के कजान में हो रहा है। बातचीत में मोदी ने कहा, हम रूस-यूक्रेन समस्या पर सभी पक्षों के संपर्क में हैं। हमारा हमेशा से यह रुख रहा है कि सभी संघर्षों को बातचीत से सुलझाया जा सकता है। भारत शांति लाने में मदद के लिए हमेशा तैयार है। यहां पीएम मोदी के चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात सहित कई द्विपक्षीय बैठकें करने की संभावना है। विदेश मंत्रालय ने एक्स' पर लिखा, पीएम मोदी रूस के विरासत शहर कजान पहुंचे। तातारस्तान गणराज्य के प्रमुख रुस्तम मिन्निखानोव ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

**प्रवासी भारतीयों से मिले :** मोदी के होटल पहुंचने पर भारतीय प्रवासियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने भारतीय तिरंगा थामकर नारे ललाये और संस्कृत में एक स्वागत गीत गाया। पारंपरिक भारतीय परिधान पहने रूसी कलाकारों के एक समूह ने रूसी नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे मोदी ने बड़ी दिलचस्पी से देखा। मोदी ने कहा कि कजान की उनकी यात्रा भारत और रूस के बीच ह्यह्यविशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी'' को और मजबूत करेगी।

### आचार संहिता उल्लंघन ...

स्कूली वाहनों का भी न्यनतम प्रयोग करें, ताकि सिक्षा में व्यवधान न पड़े। केवल मतदानकर्मियों के लाने-ले जाने को ही स्कूली वाहनों का इस्तेमाल करें । वह वाहन प्रबंधन प्रणाली से संबंधित सभी जिले के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन के कार्यों में इस्तेमाल के लिए स्कूली वाहनों को भी अधिग्रहित करने के प्रावधान है। स्कूली बच्चों की कक्षाओं को न्यूनतम बाधित करते हुए केवल पोलिंग पार्टी के आवागमन के लिए ही इन वाहनों का इस्तेमाल किया जाये। उन्होंने कहा कि मतदान के अगले ही दिन सुबह में स्कूली वाहनों को मतदान कार्य से मुक्त कर दिया जाये। श्री कुमार ने कहा कि वाहनों के प्रबंधन में आवश्यकतानुसार निकटवर्ती जिलों एवं निकट के राज्यों के साथ समन्वय करते हुए वाहनों की उपलब्धता तय कर लें। वाहनों के उपयोग के लिए जारी निर्देश का अनुपालन अवश्य करें। इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, सचिव, परिवहन विभाग कृपानंद झा, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, डीआईजी इंद्रजीत महथा, डीआईजी धनंजय सिंह सहित यातायात विभाग के वरीय पदाधिकारियों के साथ मुख्य निर्वाचन कार्यालय के वाहन प्रबंधन कोषांग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बंगाल और ओड़िशा...

कुछ इलाकों में बिजली गिरने की भी चेतावनी जारी की गई है। आइएमडी की मानें तो बंगाल की खाड़ी पर बना कम दबाव का क्षेत्र मंगलवार को डीप डिप्रेशन में बदल गया और पूर्वी तट की ओर बढ़ गया। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी अभिषेक आनंद ने कहा कि तूफान के प्रभाव से झारखंड के मौसम में बदलाव बुधवार की शाम से नजर आने लगेगा। इसका वास्तविक प्रभाव 24 अक्टूबर से झारखंड के दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में बारिश और गरज के साथ दिखाई देगा। 25 अक्टूबर को पूरे झारखंड में व्यापक रूप से बारिश होने की उम्मीद है। दक्षिण-पूर्व झारखंड के कुछ इलाकों में भारी बारिश का पूवार्नुमान है। कुछ इलाकों में आंधी और तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। लोगों से 24 और 25 अक्टूबर को सतर्क रहने को कहा गया है।

स्पीड न्यूज

## 'गो नोनी गो' में नजर आयेंगी डिंपल कपाड़िया



**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'गो नोनी गो' में काम करती नजर आयेंगी। डिंपल कपाड़िया की फिल्म गो नोनी गो उनकी बेटी ट्विंकल खन्ना की शॉर्ट स्टोरी सलाम नोनी अप्पा पर आधारित है। ट्विंकल खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म गो नोनी गो का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, गो नोनी गो अपनी पहली स्क्रीनिंग के लिए पूरी तरह तैयार है।

## तस्लीमा नसरीन का रेसिडेंस परमिट बढ़ा

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन को दिए गए निवास परमिट को बढ़ा दिया है। इसके लिए लेखिका ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार व्यक्त किया है। बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथियों की धमकियों के कारण तस्लीमा नसरीन पिछले दो दशकों से भारत में रह रही हैं।

## विजया रहाटकर ने संभाला कार्यभार

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष विजया रहाटकर ने मंगलवार को अपना कार्यभार संभाल लिया।रहाटकर ने सरिता विहार स्थित कार्यालय में कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बात की। उन्होंने इस अहम जिम्मेदारी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया।

## चीन ने तियानपिंग-3 उपग्रह का किया प्रक्षेपण

**ताइयुआन।** चीन ने मंगलवार को उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत स्थित ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से एक नये उपग्रह का प्रक्षेपण उपग्रह, तियानपिंग-3 अंतरराष्ट्रीय समयानुसार सुबह करीब 08:10 बजे लॉन्ग मार्च-6 वाहक रॉकेट का उपयोग करके लॉन्च किया गया और सफलतापूर्वक निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर गया है।

## मप्र में एक लाख लोगों को मिलेगी नौकरी,

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के हित में कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों में 01 लाख पदों पर भर्तियां की जाएंगी। दिसंबर तक इसकी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पीएससी, कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से भर्ती की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है।

# आरक्षित सीटों के सहारे भाजपा को सत्ता हासिल करने की उम्मीद

उदय चौहान

▶▶ **झारखंड की 28 एसटी सीटों पर भगवा परचम लहराने के लिये पार्टी ने बनायी विशेष रणनीति**




**रांची।** राज्य के 28 आदिवासी आरक्षित सीटों के रास्ते भाजपा को सत्ता हासिल करने की उम्मीद है। भाजपा ने इन 28 सीटों पर भगवा परचम लहराने के लिये विशेष रणनीति तैयार की है। इन सीटों पर ठोंक बजाकर जीताउ उम्मीदवारों को मैदान में उतारा गया है। इसके लिये कद्दावर आदिवासी नेताओं को टिकट दिया गया है। इनमें प्रमुख रूप से चंपई सोरेन, नीलकंठ सिंह मुंडा, गीता कोड़ा, लोबिन हेम्ब्रम, मीरा मुंडा, बाबूलाल सोरेन, सुनील सोरेन, सुदर्शन भगत, डॉ अरूण उरांव, रामकुमार पाहन आदि को चुनावी दंगल में उतारा गया है। भाजपा जानती है कि इन सीटों पर दबदबा बनाये बिना बहुमत के 41 के आंकड़े तक पहुंचना एक सपना की तरह है। इन 28 सीटों का प्रभाव इस कदर है कि झारखंड में रघुवर दास को छोड़कर अब तक जितने भी मुख्यमंत्री बने, सभी आदिवासी समाज के रहे हैं। इनमें बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, शिबू सोरेन, मधु कोड़ा, चंपाई सोरेन और हेमंत सोरेन का नाम शुमार है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी खुद गैर आरक्षित सीट धनवार से चुनाव लड़ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि 2019 के चुनाव परिणाम के बाद भाजपा सत्ता से बाहर हो गयी। कुल 28 में से मात्र दो सीटों पर ही भाजपा को विजयश्री मिली थी। खूंटी से नीलकंठ सिंह मुंडा एवं तोरपा से कोचे मुंडा का नाम शामिल था। जबकि, 28 आरक्षित सीटों में से 26 पर जीत हासिल कर इंडिया गठबंधन ने सत्ता पर कब्जा जमाया। इसका मतलब यह नहीं कि भाजपा को एसटी समाज का आशीर्वाद नहीं मिलता। झारखंड बनने के बाद पहली बार हुये विधानसभा चुनाव में एसटी सीटों पर जीत के लिये झामुमो और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर हुई थी। दोनों दलों को 09-09 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। झामुमो ने बरहेट, लिट्टीपाड़ा,

## कोल्हान और संथाल में भी विशेष फोकस

महेशपुर, शिकारीपाड़ा, पोटका, सरायकेला, मंझगांव, चक्रधरपुर और गुमला सीटों पर जीत हासिल की थी। जबकि, भाजपा ने बोरियो, जामा, चाईबासा, खरसांवा, तोरपा, खूंटी, खिजरी, सिसई और बिशुनपुर सीट पर कब्जा जमाया था। कांग्रेस के खाते में घाटशिला, सिमडेगा और लोहरदगा सीट गई थी। इसके अलावा राजद ने मनिका, जदयू ने तमाड़ सीट जीती थी। निर्दलीयों ने दुमका, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, मांडर और कोलेबिरा सीट पर फतह हासिल की थी। यह वो दौर था, जब दुमका सीट से झामुमो का टिकट नहीं मिलने पर स्टीफन मरांडी बतौर निर्दलीय चुनाव मैदान में कूद पड़े थे।

### 2009 में 10 सीटों पर जीती थी झामुमो

2009 के चुनाव में भी ज्यादातर एसटी सीटों पर सीधी लड़ाई झामुमो और भाजपा के बीच ही हुई थी। इस चुनाव में 10 सीटें जीतकर झामुमो ने दिखा दिया था कि आदिवासी समाज के बीच वह सबसे ज्यादा लोकप्रिय है। झामुमो ने बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, शिकारीपाड़ा, दुमका, जामा, घाटशिला, सरायकेला और चाईबासा सीट पर कब्जा जमाया था। भाजपा ने पोटका, मझगांव, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, खूंटी, गुमला, सिमडेगा और मनिका सीट पर जीत हासिल की थी। शेष 10 सीटों में कांग्रेस ने खिजरी, सिसई, आजसू ने लोहरदगा, जेवीएम ने महेशपुर सीट अपने नाम किया था। जबकि जगन्नाथपुर, मांडर, बिशुनपुर और कोलेबिरा सीट निर्दलीयों के पाले में गई थी।

2014 में झामुमो और भाजपा ने 28 एसटी सीटों में से 24 सीटों पर कब्जा जमा लिया था। झामुमो ने सबसे ज्यादा 13 सीटों में जीत दर्ज की थी। इसके बाद वर्ष 2019 के विस चुनाव में आदिवासी वोटरों का भाजपा से मोहभंग हो गया। जाहिर है कि एसटी सीटों पर भाजपा अपने 2014 के प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी। इस जंग में चंपई सोरेन, सीता सोरेन, लोबिन हेंब्रम और गीता कोड़ा के भाजपा में जुड़ने से पार्टी की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

# चौथी परमाणु पनडुब्बी एस-4 लांच

## एक साथ आठ बैलिस्टिक मिसाइल दागने में सक्षम

एजेंसी

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 15 अक्टूबर को विकाराबाद में नौसेना के वीएलएफ रडार स्टेशन की रखी थी नींव**



**नयी दिल्ली।** भारत ने गोपनीय तरीके से विशाखापट्टनम के शिप बिल्डिंग सेंटर से अरिहंत श्रेणी की चौथी परमाणु पनडुब्बी एस-4 लॉन्च कर दी है। तीसरी पनडुब्बी को भी गुपचुप तरीके से जनवरी, 2022 में लॉन्च किया गया था। इसी श्रेणी की दो बैलिस्टिक परमाणु पनडुब्बी नौसेना के बेड़े में शामिल की जा चुकी है। चौथी परमाणु पनडुब्बी एस-4 3,500 किमी. रेंज में एक साथ 8 के-4 बैलिस्टिक मिसाइल दागने में सक्षम है। अरिहंत श्रेणी की 06 पनडुब्बियां रूस की मदद से बनाई जा रही हैं। कनाडा के साथ कूटनीतिक विवाद के बीच भारत ने अपने शत्रुओं के खिलाफ अपनी परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के लिए विशाखापट्टनम के शिप बिल्डिंग सेंटर (एसबीसी) में चुपचाप अपनी चौथी परमाणु ऊर्जा संचालित बैलिस्टिक मिसाइल (एसएसबीएन) पनडुब्बी का प्रक्षेपण किया है। यह 3,500 किमी. रेंज की के-4 परमाणु बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 15 अक्टूबर को तेलंगाना के विकाराबाद में नौसेना के वीएलएफ रडार स्टेशन की नींव रखी थी, जिसके एक दिन बाद 16 अक्टूबर को चौथी परमाणु पनडुब्बी की लॉन्चिंग हुई है। इसमें लगभग 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री है, जिसे वर्टिकल लॉन्चिंग सिस्टम के जरिए दागा जा सकता है। आईएनएस अरिहंत और आईएनएस अरिघाट पहले से ही गहरे समुद्र में गश्त कर रही हैं।

भारत की पहली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत का जलावतरण तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और उनकी पत्नी गुरशरण कौर ने 26 जुलाई, 2009 को किया था। यह दिन इसलिए भी चुना गया, क्योंकि यह कारगिल युद्ध में विजय की सालगिरह भी थी। प्रतीकात्मक समारोह के दौरान ड्राई डॉक में पानी भर पनडुब्बी को तैराया गया और नौसैनिक परंपरा के अनुसार गुरशरण कौर ने पतवार पर नारियल फोड़ा। इस 6000 टन के पोत को बनाने के बाद भारत वह छठा देश बन गया, जिनके पास इस तरह की पनडुब्बियां हैं। अन्य पांच देश अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस हैं। गहन बंदरगाह और समुद्री परीक्षणों से गुजरने के बाद आईएनएस अरिहंत 2016 में नौसेना के बेड़े का हिस्सा बनी थी। आईएनएस अरिहंत से 750 किमी रेंज की के-15 परमाणु मिसाइलें ले जाई जा सकती हैं। अरिहंत श्रेणी की दूसरी पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट में मिसाइलों की संख्या दो गुना रखी गई है, जिससे भारत को 'पानी के युद्ध' में और अधिक मिसाइलें ले जाने की क्षमता हासिल है। इस पनडुब्बी का कोडनेम एस-3 रखा गया था। कई बार टलने के बाद इसकी लॉन्चिंग 2017 में हो पाई। इस पनडुब्बी को मूल रूप से आईएनएस अरिदमन के नाम से जाना जाता था लेकिन लॉन्चिंग होने पर इसे आईएनएस अरिघाट नाम दिया गया था। लगभग 3 साल के समुद्री परीक्षणों के बाद इसी साल 29 अगस्त को परमाणु ऊर्जा वाली दूसरी बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट नौसेना में शामिल हो गई। यह सतह पर 12-15 समुद्री मील (22-28 किमी/घंटा) की अधिकतम गति और जलमग्न होने पर 24 समुद्री मील (44 किमी/घंटा) गति प्राप्त कर सकती है। अरिहंत श्रेणी की तीसरी परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन को भी विशाखापट्टनम स्थित शिप बिल्डिंग सेंटर से 23 नवंबर, 2021 को लॉन्च किया गया था, जिसमें भी गोपनीयता बरती गई थी। यह परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत से 13.8 मीटर बड़ी है। यह अपने साथ कम से कम 8 के-4 बैलिस्टिक मिसाइल ले जा सकती है।

# महाराष्ट्र में एनडीए का हुआ सीट बंटवारा

एजेंसी

▶▶ **भाजपा 156, शिवसेना (शिंदे) 78 और राकांपा (एपी) 54 सीट पर लड़ेगी**



**मुंबई।** महाराष्ट्र में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के सहयोगी दलों में सीटों का बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया गया है। सूबे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 156 सीटें, शिवसेना (शिंदे समूह) को 78 सीटें और अजित पवार की राकांपा को 54 सीट दिए जाने का निर्णय लिया गया है। हालांकि, इस फामूर्ले की अभी तक औपचारिक तौर पर घोषणा नहीं की गई है। विश्वस्त सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि महाराष्ट्र में एनडीए गठबंधन के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर केंद्रीय भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर करीब करीब तीन घंटे तक विचार विमर्श किया। इसके बाद महाराष्ट्र में भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा ने महाराष्ट्र की कुल 288 सीटों में से 99 सीटों पर उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। भाजपा अपने हिस्से की 57 सीटों पर संभावित उम्मीदवारों के नाम पर विचार कर रही है। देवेंद्र फडणवीस ने पत्रकारों से कहा कि एनडीए गठबंधन में सीटों का बंटवारे को लगभग अंतिम रूप दिया जा चुका है। बहुत जल्द इसकी घोषणा सहयोगी दल अलग-अलग अपने तरीके से करेंगे।



## कजान में पीएम मोदी का कृष्ण भजन से भव्य स्वागत

**कजान (रूस) ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को रूसी शहर कजान पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का शानदार स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के कजान के होटल कॉर्स्टन पहुंचने पर रूसी समुदाय के कलाकारों ने उनके स्वागत में नृत्य की प्रस्तुति दी। पीएम मोदी का रूसी समुदाय के लोगों ने कृष्ण भजन से ग्रैंड वेलकम किया।

## चीन के साथ रिश्ते मजबूत करने की कोशिश जारी, सेना प्रमुख ने कहा

# एक-दूसरे पर विश्वास से निकलेगा हल

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पैट्रोलिंग को लेकर चीन के साथ समझौते की घोषणा के एक दिन बाद सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि अभी हम विश्वास बहाल करने की कोशिश कर रहे हैं। रिश्ते बहाल करने के लिए दोनों देशों को एक-दूसरे पर फिर से विश्वास करना होगा। डिफेंस थिंकटैंक यूएसआई' द्वारा आयोजित व्याख्यान में जनरल द्विवेदी ने कहा, 'जहां तक हमारा सवाल है, हम इंतजार कर रहे थे। हम अप्रैल 2020 की पूर्व स्थिति में जाना चाहते हैं। इसके बाद हम सेनाओं को पीछे हटाने, तनाव घटाने और वास्तविक नियंत्रण रेखा के सामान्य प्रबंधन पर ध्यान देंगे। एलएसी का सामान्य प्रबंधन अभी से शुरू नहीं हो जाएगा। इसके भी चरण हैं।' उन्होंने कहा कि अप्रैल 2020 से हमारा यही रुख रहा है और आज भी यही है। इसलिए अभी हम विश्वास बहाल करने की कोशिश कर रहे हैं। यह बनाए गए बफर जोन के संबंध में एक-दूसरे पर नजर रखने और एक-दूसरे को आश्वस्त करने पर बहाल होगा। दोनों को ही एक-दूसरे को फिर से आश्वस्त करना होगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन समझौते को एक सकारात्मक विकास, बहुत धैर्य और दृढ़ कूटनीति का परिणाम बताया। जयशंकर ने कहा कि यह समझौता शांति का आधार है, जो सीमावर्ती क्षेत्रों में होनी चाहिए।

### दोनों सेनाओं के बीच गतिरोध समाप्त : चीन

वहीं, चीन ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह पूर्वी लद्दाख में दोनों सेनाओं के बीच गतिरोध को समाप्त करने के लिए भारत के साथ एक समझौते पर पहुंच गया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि हाल के समय में चीन और भारत ने चीन-भारत सीमा से संबंधित मुद्दों पर राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से निकट संचार बनाए रखा है।

# शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

## 930 अंक गिरा सेंसेक्स, निवेशकों के डूबे करीब 9 लाख करोड़

एजेंसी



**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को भारी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स और निफ्टी कारोबार के अंत में लाल निशान में बंद हुए। पीएसयू बैंक, मेटल और रियल्टी सेक्टर में भारी बिकवाली देखने को मिली।

शेयर बाजार में भारी गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर लिस्टेड सभी कंपनियों का मार्केट कैप करीब 9 लाख करोड़ रुपये कम होकर 445 लाख करोड़ रुपये रह गया है। सेंसेक्स कारोबार के अंत में 930.55 अंक या 1.15 प्रतिशत की भारी गिरावट के बाद 81,151.27 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 309.00 अंक या 1.25 प्रतिशत गिरने के बाद 24,472.10 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स कारोबार के अंत में 1503.65 अंक या 2.61 प्रतिशत फिसलने के बाद 56,174.05 पर लाल निशान में बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 736.40 अंक या 3.92 प्रतिशत गिरने के बाद 18,061.00 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 705.55 अंक या 1.36 प्रतिशत गिरने के बाद 51,257.15 पर बंद हुआ। निफ्टी के ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इंफ्रा, कमोडिटी सेक्टर में बिकवाली देखने को मिली। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 576 शेयर्स हरे, 3,407 शेयर्स लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे। वहीं, 75 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। सेंसेक्स पैक में आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल को छोड़कर सभी बड़े शेयर लाल निशान पर कारोबार करते हुए बंद हुए हैं। निफ्टीमें बीएचईएल, कोल इंडिया, एम एंड एम, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, एसबीआई और हिंडाल्को टॉप लूजर्स रहे। इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल टॉप गेनर्स रहे।

## जबलपुर में ऑर्डिनेंस फैक्टरी में विस्फोट, दो की मौत और 16 घायल

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में खमरिया स्थित ऑर्डिनेंस फैक्टरी में मंगलवार सुबह जबरदस्त धमाका हुआ। इस हादसे में दो कर्मचारियों की मौत हो गई है जबकि 16 कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। वहीं एक कर्मचारी लापता है। बताया जा रहा है कि आयुध निमार्णी के एफ6 अनुभाग में पिच्योरा बम को बॉयल्ड आउट करते समय फायर हो गया। विस्फोट के वक्त फैक्टरी के इस भवन में सुबह की पाली में 19 कर्मचारी काम कर रहे थे। सभी घायलों का उपचार जारी है। ऑर्डिनेंस फैक्टरी खमरिया में मंगलवार सुबह 10:45 बजे एफ6 सेक्शन की बिल्डिंग नंबर 200 में विस्फोट हुआ है। विस्फोट के बाद 5 किलोमीटर के क्षेत्र में ऐसा लगा जैसे कि भूकंप आ गया हो। लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। आसपास के मानेगांव, चंपानगर, नानक नगर में रहने वाले लोगों ने भी विस्फोट की आवाज सुनी।

# बेरूत में हिजबुल्लाह के बंकर से मिला खजाना

एजेंसी

**इजरायल ने अस्पताल के नीचे बंकर से 4200 करोड़ का सोना और कैश किया बरामद**



**बेरूत।** इजरायली सेना ने दक्षिणी बेरूत के दहियाह में हिजबुल्लाह के पूर्व नेता हसन नसरल्लाह के एक बंकर का खुलासा किया है, जिसमें 500 मिलियन डॉलर का सोना और कैश भरा हुआ था। इजरायली सेना (आइडीएफ) के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने सोमवार को बताया कि इस बंकर का इस्तेमाल लेबनानी आतंकी समूह के लिए एक प्रमुख वित्तीय सुविधा के रूप में किया जा रहा था।

इजरायल ने रविवार रात को हिजबुल्लाह के वित्तीय नेटवर्क को निशाना बनाकर हमले शुरू किए थे। आईडीएफ के अनुसार, जिस बंकर में हिजबुल्लाह ने खजाना छिपा रखा था, वह दहियाह में अल-साहेल अस्पताल के नीचे स्थित था। हगारी ने अस्पताल के नीचे मौजूद बंकर का 3डी से तैयार डिजाइन दिखाया। उन्होंने दावा किया कि यह जगह हिजबुल्लाह के फाइनेंस के लिए एक केंद्रीय भंडारण के रूप में काम करती है। हगारी ने अनुसार, आईडीएफ ने अभी तक उस बंकर को निशाना नहीं बनाया है। उन्होंने कहा कि इस बंकर में कम से कम 500 मिलियन डॉलर (करीब 4200 करोड़ रुपये) का सोना और कैश जमा है। पैसे का इस्तेमाल लेबनान के पुनर्निर्माण में किया जा सकता था।

